सुप्रभात
रांची, सोमवार
08.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 292 12


दंगों पर लगाया अलीगढ़ का ताला

## न्यूज डायरी

### झारखंड में नीट की परीक्षा शांतिपूर्ण रही

**रांची।** झारखंड में नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से रविवार को संपन्न हो गया। विद्यार्थियों ने बताया कि पेपर टफ नहीं था। कोई भी प्रश्न सिलेबस से बाहर नहीं आया था। नीट के लिए रांची में 10, धनबाद में छह, जमशेदपुर में पांच, देवघर में दो और कोडरमा में एक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा ली गयी। परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम के 5:20 तक चली। रिपोर्टिंग टाइम 11 बजे से था। दोपहर 1:30 बजे के बाद रिपोर्टिंग की अनुमति नहीं दी गई। परीक्षा में प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड और दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य था।

### बजरंग बली के नारों के बीच मोदी का विशाल रोड शो

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन रविवार को पीएम मोदी ने यहां जय श्री राम और जय बजरंग बली के नारों के बीच दो घंटे का विशाल रोड शो किया। राज्य में दस मई को विधान सभा चुनाव होने हैं। श्री मोदी की आठ किलोमीटर लंबी इस यात्रा पर लोगों ने फूलों की पंखुड़ियां बरसाईं। उनका यह काफिला बेंगलुरु शहर के पूर्वी और मध्य हिस्सों की 13 विधानसभा सीटों से होकर गुजरा। मोदी की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में सभी आयु वर्ग के लोग दो घंटे से अधिक समय तक सड़क के दोनों ओर खड़े रहे।

### सड़क हादसे में शिक्षक की मौत, मातम

**सिमडेगा।** ड्यूटी जा रही शिक्षक रेशमा बा की सड़क दुर्घटना में रविवार को मौत हो गयी। वह जोराम स्कूल में कार्यरत थी। सिमडेगा के ठाकुरटोली से जोराम स्कूल जा रही थी। इसी क्रम में ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के बाड़ा पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात कार ने उसे पीछे से धक्का मार दिया। घटना के बाद शिक्षा जगत में शोक की लहर है।

### कमरे में मिली नवविवाहित दंपती की लाश

**हजारीबाग।** बरकट्ठा थाना क्षेत्र में सलैया पंचायत के वरवा गांव में दिल दहलाने वाली घटना सामने आयी है। कमरे से पति और पत्नी का शव पुलिस ने बरामद किया है। उनकी पहचान पूजा देवी (22 वर्ष) और राजकुमार यादव (25 वर्ष) पिता हीरामन यादव के रूप में पहचान हुई। दोनों की शादी 22 फरवरी को हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई थी। राजकुमार मुंबई में काम करता था और 8 दिन पूर्व घर आया था।

### पीएलएफआई के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र में पीएलएफआई के एरिया कमांडर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के इशारे पर बड़ी वारदात करने पहुंचे तीन हार्डकोर उग्रवादियों को कुडू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कुडू ब्लॉक मोड़ के पास तीनों को दबोचा गया। इनके बाद कई हथियार भी मिले हैं। कुडू थाना प्रभारी ने बताया कि इनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिली है।

### अजय गंझू फिर से होगा पोस्टमार्टम

**लातेहार।** बरियातू थाना निवासी अजय गंझू की मौत का मामला उलझता जा रहा है। पुलिस एकबार फिर से उसका पोस्टमार्टम करायेगी, ताकि मौत पर से पर्दा उठ सके। मृतक के शरीर पर कई स्थानों पर जलने के निशान पाये जाने के बाद परिजनों ने इसे हत्या का मामला बताया है। उनके आवेदन पर रविवार को बारियातू थाना में मामला दर्ज कर दोबारा पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा गया। अजय गंझू का शव गांव से थोड़ी दूर पर स्थित एक पत्थर खदान में बरामद हुआ था।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 57,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 79,000 रु./प्रति किलो |

## जांच एजेंसी के हर सवाल के जवाब में छविरंजन ने साध ली चुप्पी

# इडी ने कहा, बतायें गलत का साथ क्यों दिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार निलंबित आइएएस अधिकारी छवि रंजन से इडी दफ्तर में रविवार को लंबी पूछताछ की। उन्हें रिमांड पर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से कड़ी सुरक्षा में एजेंसी के दफ्तर लाया गया। छवि रंजन दिन भर इडी के सवालों का सामना करते रहे। इडी ने उनसे से पूछा कि आप एक जिम्मेदार अधिकारी के पद पर थे। जिले का कमान आपके पास थी। सरकार की ओर से ग्रेज्यूटी, वेतन और अन्य सुविधा मिल ही रही थी, फिर भी आपने गलत काम में गलत आदमी का साथ क्यों दिया। आखिर क्यों आप कमिश्नर की बात को टालते गये, जबकि उन्होंने आपको गलत करने से रोका था। इस सवाल पर छवि रंजन ने चुप्पी साध ली। इडी अधिकारी कुरेदते रहे तो उन्होंने कहा, कभी कभी दबाब में भी काम करना पड़ता है। उन्होंने भी दबाब में ही ऐसा किया। हालांकि, इडी उनके इस तर्क से संतुष्ट नहीं हुए।



**दस्तावेजों से छेड़छाड़ क्यों की :** इडी ने छवि रंजन से पूछा कि उनके मातहतों से कई दस्तावेज जब्त किया गया है, उन दस्तावेजों पर आपके सिग्नेचर हैं, ऐसे में मूल दस्तावेज से छेड़छाड़ क्यों की और इसकी वजह क्या है। इडी ने उनके मोबाइल में व्हाटसप्प चैट का भी जिक्र किया, लेकिन छवि रंजन कुछ भी बोलने से इनकार करते रहे। इडी ने छवि रंजन के मामले में 30 से अधिक बिंदुओं पर पूछताछ करने का खाका तैयार किया है। इडी ने विष्णु अग्रवाल को छवि रंजन ने विवादित जमीन की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री में कैसे सहयोग किया, इसके बदले में उन्हें क्या-क्या लाभ मिला, इन सभी बिंदुओं पर आमने-सामने पूछताछ होगी। छवि रंजन को इडी ने रिमांड पर लिया है। उनसे छह दिनों तक पूछताछ की जायेगी।

(शेष पेज 11 पर)

### आज विष्णु अग्रवाल से, दस को दिलीप घोष से पूछताछ

जमीन घोटाला मामले में मनी लांड्रिंग में इडी सोमवार को राजेश राय, लखन सिंह, भरत प्रसाद और विष्णु अग्रवाल से पूछताछ करेगी। पूछताछ के पीछे का मकसद है कि कोई भी आरोपी अपने आरोपों को खारिज नहीं कर पाये। इधर, इडी ने सेना के कब्जे वाली जमीन खरीदने वाले जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष को भी इडी ने 10 मई को पूछताछ के लिए बुलाया है। दिलीप घोष ने प्रदीप बागची से रांची नगर निगम से फर्जी होल्डिंग नंबर लेकर महज सात करोड़ में ही यह जमीन खरीदी थी।

### विष्णु अग्रवाल ने पत्नी के नाम करायी थी रजिस्ट्री

चेशायर होम रोड की विवादित भूमि का म्यूटेशन विष्णु अग्रवाल और उनकी पत्नी के नाम पर करने के लिए बड़गाईं सीओ मनोज कुमार पर भी रांची डीसी रहते हुए छवि रंजन ने ही दबाव बनाया था। इसके एवज में विष्णु अग्रवाल ने छवि रंजन के लिए गोवा ट्रिप का इंतजाम किया और ताज अगोडा होटल में उनके रहने और घूमने की व्यवस्था करवाई थी।

## बांग्ला सांस्कृतिक मेला के समापन पर बोले सीएम

# हर भाषा और संस्कृति के साथ झारखंड को आगे बढ़ाना है

### झारखंड पर कई भाषा और संस्कृति का प्रभाव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सभी भाषा-संस्कृति की अपनी अलग अहमियत है। इससे उस भाषा से जुड़े समुदाय को अलग पहचान मिलती है। इसे संरक्षित और आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। भाषा की पकड़ जितनी मजबूत होगी, उतना ही मजबूत हमारा समाज और राज्य होगा। मुख्यमंत्री रविवार को डॉ रामदयाल मुंडा स्टेडियम, रांची में आयोजित तीन दिवसीय बांग्ला सांस्कृतिक मेला के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर किसी को अपनी भाषा और संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। सीएम ने कहा कि झारखंड की जो संरचना है, उससे अलग-अलग भाषा और संस्कृति का यहां व्यापक प्रभाव है। हमारी सरकार भाषा और संस्कृति के साथ राज्य को आगे ले जाने का लगातार प्रयास कर रही है। यहां रहने वाले हर समाज को मान-सम्मान के साथ जीने का मौका मिले, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

सीएम ने कहा कि झारखंड का जो भौगोलिक परिवेश है, उसमें कमोबेश सभी जिले की सीमा किसी ना किसी राज्य के साथ जुड़ी हुई है । विशेष कर पश्चिम बंगाल के साथ झारखंड के सबसे ज्यादा जिले जुड़े हैं। ऐसे में बांग्ला भाषा और संस्कृति का यहां प्रभाव पड़ना लाजमी है। यहां ऐसे कई लोग हैं जिनकी संपत्ति झारखंड और बंगाल दोनों राज्यों में है। सबसे बड़ी बात की बंगाल से उड़ीसा और बिहार राज्य बना एवं बिहार से झारखंड अलग राज्य बना। ऐसे में किसी ना किसी रूप में बांग्ला भाषा- संस्कृति यहां की धरती में रची बसी है। ऐसे में बिना बांग्ला के झारखंड के सांस्कृतिक विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है।

**क्षेत्रीय भाषाओं को बिना जाने समझे राज्य आगे नहीं बढ़ेगा :** सीएम ने कहा कि झारखंड में 10 से ज्यादा स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाएं बोली जाती है। यहां के ग्रामीण परिवेश में हिंदी से ज्यादा क्षेत्रीय भाषाएं बोली जाती है।

(शेष पेज 11 पर)

### कैदी मौत मामले में पांच जेलकर्मियों पर केस दर्ज

**लातेहार।** मंडल कारा में बंद मॉब लिंचिंग के आरोपी विचाराधीन कैदी संधू मुंडा की रहस्यमय ढंग से मौत का मामला पूरी तरह गरमा गया है। इस मामले को लेकर जेल सुपरिटेंडेंट के आवेदन के आधार पर पांच जेल कर्मियों पर नामजद प्राथमिकी की गयी है। शनिवार की रात मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन रविवार को इस बात पर अड़े थे कि जब तक इस घटना में प्राथमिकी की कॉपी उपलब्ध नहीं करायी जायेगी, तब तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। मृतक के परिजनों को आश्वस्त किया गया कि मामले की उच्चस्तरीय जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई भी होगी। डीसी भोर सिंह यादव ने कहा कि इस मामले में जो भी सरकारी नियम है, उसके अनुसार कार्रवाई होगी। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि यह मामला काफी गंभीर है। पुलिस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर रही है। प्राथमिकी दर्ज कर घटना की छानबीन आरंभ कर दी है। यदि परिजन आवेदन देंगे तो उनके आवेदन के आधार पर भी प्राथमिकी की जायेगी। जांच में जो भी दोषी पाये जायेंगे उन पर निश्चित रूप से उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

# इडी का खुलासा, छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ का शराब घोटाला

## गिरफ्तार अनवर ढेबर को रिमांड पर ले पूछताछ जारी

**एजेंसी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले की जांच कर रहे इडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने रायपुर महापौर एजाज के भाई अनवर ढेबर को गिरफ्तार कर चार दिनों की रिमांड पर ले कर पूछताछ कर रही है। रविवार को इडी ने पूरी घटना को ले कर प्रेसवार्ता में कई बड़े खुलासे किये। इडी ने अनवर ढेबर की गिरफ्तारी की पुष्टि की। साथ कहा कि छत्तीसगढ़ में शराब की बिक्री में अभूतपूर्व भ्रष्टाचार हुआ है।

हर बोतल की बिक्री से अवैध कमाई की गयी है। इसके पक्के सबूत इडी को मिले हैं। करीब 2000 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के सबूत हैं, जो मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आते हैं। बताया गया है कि अनवर ढेबर ने राजनीतिक पहुंच का लाभ उठाकर बड़ा आपराधिक सिंडिकेट बना रखा था।

कई बड़े आबकारी अफसरों और विपणन संघ से साठगांठ कर सरकारी शराब की बिक्री के समानांतर उन्हीं दुकानों में अवैध शराब की बिक्री, सप्लायरों व डिस्टीलरी, बॉटल कंपनियों आदि से कमीशन आदि के जरिये घोटाले किये गये। (शेष पेज 11 पर)



### ढेवर चलाता था आपराधिक सिंडिकेट

इडी की ओर से कहा गया है कि मार्च में कई ठिकानों में छापेमारी से जुटाये साक्ष्य और इस अवैध कारोबार से जुड़े लोगों के बयान से 2019 से 2022 के बीच 2000 करोड़ रुपये से ज्यादा के भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग का पता चला है। अनवर ढेबर, छत्तीसगढ़ में संगठित आपराधिक सिंडिकेट चला रहा था। वह कई बड़े नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों की शह पर इन्हें अंजाम दे रहा था। इसी गठजोड़ का फायदा उठाकर उसने एक ऐसा नेटवर्क बना रखा था जिसके जरिए प्रदेश में बिक रही शराब की प्रत्येक बोतल से अवैध रूप से पैसा वसूल किया जाता था। ढेवर ने विपणन संघ के एमडी व एक वफादार आयुक्त की सह पर सिस्टम को पूरी तरह से कब्जे में लेने के लिए विकास अग्रवाल, सुब्बू और अरविंद सिंह जैसे करीबी सहयोगियों को काम पर रखा। वह शराब की खरीद से लेकर शराब उत्पादकों, लाइसेंस धारकों, आबकारी विभाग के अधिकारियों, जिले के आबकारी अधिकारियों, बिक्री कराने वाली एजेंसी, शराब की बॉटल उपलब्ध कराने वाले वेंडर आदि से कमीशन वसूल करने लगा। मार्च 2023 में अनर ढेबर के ठिकानों के अलावा पश्चिम बंगाल, दिल्ली में 35 स्थानों पर छापे मारे गये थे।

## जेके के उप राज्यपाल ने बाबाधाम में की पूजा-अर्चना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**देवघर।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने सपरिवार रविवार को बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की। मंदिर पहुंचने पर उन्हें वीआइपी गेट से सीधे गर्भगृह में प्रवेश कराया गया। उनके पुश्तैनी पंडा ललन मिश्रा ने विधिवत संकल्प कराया और पांच वैदिकों ने षोडशोपचार विधि से उन्हें बाबा भोले का पूजन कराया।

मंदिर में पूजा-अर्चना करने बाद प्रशासनिक भवन में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने उन्हें बाबा भोले के शिवलिंग की तस्वीर, शिवलिंग का प्रतीक चिन्ह, बैजनाथ की पेंटिंग, बाबा भोले पर चढ़ा हुआ चादर, बाबा भोले का प्रसाद भेंट किया। इससे पूर्व चार्टर प्लेन से देवघर एयरपोर्ट पहुंचे राज्यपाल का उपायुक्त मंत्रूनाथ भजंत्री व देवघर के प्रभारी एसपी नाथू सिंह मीना ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। एयरपोर्ट से वे सड़क मार्ग से सर्किट हाउस पहुंचे, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### 1000 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

# फरार दाहू यादव और भाई के घर की कुर्की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची, साहिबगंज।** 1000 करोड़ से अधिक की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फरार राजेश यादव उर्फ दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव के घर रविवार को पुलिस ने पहुंच कर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। इडी ने कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई स्थानीय पुलिस की मदद से की। दाहू यादव का भाई सुनील यादव वर्तमान में जिला परिषद उपाध्यक्ष भी है। कई बार दाहू और सुनील के नाम ईडी द्वारा समन जारी किया गया था, लेकिन दोनों रांची स्थित इडी कार्यालय में हाजिर नहीं हुए थे। दोनों के खिलाफ खिलाफ इडी कोर्ट ने कुर्की वारंट जारी किया था। दाहू यादव आखिरी बार 18 जुलाई, 2022 को इडी के समक्ष पेश हुए थे। पेशी के बाद वह मां की बीमारी का हवाला देकर साहिबगंज लौट गया था। इसके बाद से अब तक वह इडी के रडार से बाहर है।

इडी ने धीरे-धीरे जांच का दायरा बढ़ाया और दाहू यादव के परिवार के सदस्यों एवं रिश्तेदारों के खिलाफ केस दर्ज किया। कई बार इश्तेहार भी चस्पा किये गये। इडी ने पहली बार अवैध खनन मामले में आठ जुलाई, 2022 को पंकज मिश्रा और दाहू यादव सहित उसके करीबियों के कम से कम 18 ठिकानों पर छापेमारी की थी।

(शेष पेज 11 पर)

## पंजाब में स्वर्ण मंदिर के पास धमाका, कई घायल

**अमृतसर।** स्वर्ण मंदिर दरबार साहिब के पास शनिवार देर रात जोरदार धमाका हुआ जिसमें कई लोग घायल हो गये। मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत पुलिस अधिकारी जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। छानबीन के बाद पुलिस ने किसी बम विस्फोट से इनकार किया और कहा कि पास के रेस्टोरेंट में कोयला चिमनी में विस्फोट हुआ। वहां मौजूद लोगों ने कहा कि अचानक धमाका हुआ और आग का गोला देखा गया। कांच के टुकड़े लगने से वहां मौजूद कई लोग घायल हो गये। वहां बाहर से आये तीर्थयात्री और श्रद्धालुओं ने कहा कि अचानक तेज धमाका हुआ। लोगों को कुछ समझ में नहीं आया कि ये कैसे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट के बाद आग की लपटें और धुआं निकलते देखा गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कोई बम धमाका नहीं हुआ है। दरबार साहिब के बाहर पार्किंग में एक बड़ा शीशा लगा हुआ था, जो फट गया।

# मैं राहुल से चीन पर क्लास लेना चाहता हूं : जयशंकर

## पाक आतंक की फैक्ट्री चलाता है, वह भरोसे के लायक नहीं

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा है कि वह चीनी राजदूत से चीन पर क्लास ले रहे है। मोदी सरकार की विदेश नीति पर राहुल गांधी की ओर सवाल उठाये जाने पर जयशंकर ने कहा कि वह उनसे चीन पर क्लास लेने का ऑफर करते हैं, लेकिन उन्हें पता चला कि वह खुद चीनी राजदूत से चीन पर क्लास ले रहे थे। जयशंकर ने डोकलाम संकट के दौरान भारत में चीनी राजदूत के साथ राहुल गांधी की मुलाकात का जिक्र किया। वहीं



भारत-पाक रिश्तों पर उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान के साथ दुश्मनी भारत के हित में नहीं है, लेकिन, पड़ोसी आप पर हमला करेगा तो विकल्प क्या बचता है। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को आतंक को चलाने वाला देश करार दिया है। जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान विश्वास के लायक नहीं है। विदेश मंत्री रविवार को कर्नाटक के मैसूर में एक कार्यक्रम में सवालों के जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, राजनीति में सब कुछ राजनीतिक है, इसको वह स्वीकर करते हैं। पर उन्हें लगता है कि कुछ मुद्दों पर सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम कम से कम इस तरह से व्यवहार करें कि विदेशों में अपनी (भारत की) स्थिति कमजोर न हो।

### चीन पर भी खुल कर बोले

चीन की ओर से पैंगोंग त्सो क्षेत्र में एक पुल बनाने के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि चीनी पहले 1959 में वहां आये और फिर उन्होंने 1962 में इस पर कब्जा कर लिया। लेकिन इसे ऐसे पेश किया गया जैसे हमने चीन के लिए अपना क्षेत्र खोया। यह कुछ तथाकथित मॉडल गांवों का मामला था। ये उन क्षेत्रों पर बनाये गए थे जिन्हें हमने 1962 या उससे पहले खो दिया। मुझे कभी यह कहते हुए नहीं देखेंगे कि 1962 में क्या नहीं होना चाहिए था। मेरा मानना है कि बिना किसी राजनीतिक रंग के यह हमारी सामूहिक विफलता थी। सूडान से भारतीयों की वापसी पर उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कावेरी बहुत ही खतरनाक था। हमने लगभग 4000 लोगों को सुरक्षित वहां से निकाला।

**रिश्ते कैसे सुधरे, यह पाक को देखना होगा :** बिलावल भुट्टो के साथ तल्खी पर मीडिया में चल रही बातों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दो टूक जवाब दिया।

(शेष पेज 11 पर)

# बंगाल की खाड़ी में तेजी से बढ़ रहा मोचा

### तेज हवा, भारी बारिश के आसार, मछुआरों को लौटने की सलाह

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली, कोलकाता।** बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में चक्रवाती परिसंचरण की स्थिति बनने को ले कर मौसम वैज्ञानिक चक्रवाती तूफान मोचा के तेज होने की आशंका जता रहे हैं। जो लोग बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में हैं, उन्हें शीघ्र और जो लोग बंगाल की मध्य खाड़ी में हैं, उन्हें 9 मई से पहले सुरक्षित स्थानों पर लौटने की सलाह दी गयी है।



(शेष पेज 11 पर)

## भ्रष्टाचार की कलंक कथा में आइएएस पूजा सिंघल, छवि रंजन के अलावा भी कई हैं ईडी के रडार पर

# पूजा-छवि जैसों के कारण 'विकास' को लगा ग्रहण

**सीएम के तत्कालीन प्रधान सचिव राजीव अरूण एक्का के अलावा दर्जन भर बड़े भ्रष्ट अधिकारी भी चर्चा में शामिल**





**उदय चौहान**

**रांची।** झारखंड में भ्रष्टाचार की कलंक कथा दिनों-दिन लंबी होती जा रही है। इन कलंक कथाओं में तथाकथित बड़े और भ्रष्ट आइएएस अधिकारियों की प्रमुख भूमिका दिखायी दे रही है। भ्रष्टाचार के कारण वरिष्ठ आइएएस अफसर पूजा सिंघल के बाद छवि रंजन भी होटवार जेल की हवा खा रहे हैं। चर्चा तो यह भी है कि ईडी के रडार में अभी भी दर्जन भर अधिकारी हैं। इन भ्रष्ट अधिकारियों को विभिन्न घपलों-घोटालों को लेकर ईडी पूछताछ कर सकती है।

दरअसल, झारखंड ने भ्रष्ट आइएएस अधिकारियों के कारनामों के कारण अनोखा रिकार्ड बना रहा है। असल में पूजा व छवि रंजन जैसे अफसरों के कारण झारखंड के विकास को ग्रहण लग गया है। भ्रष्टाचार व भ्रष्ट अफसरों की कारस्तानी के कारण राज्य का विकास लगभग ठप हो गया है। स्थिति का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि पूर्व खान सचिव पूजा सिंघल के बाद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन दो अलग-अलग घोटालों को लेकर जेल तक पहुंच गये हैं। इसके अलावा सीएम के पूर्व प्रधान सचिव सह गृह सचिव राजीव अरुण एक्का और सीएमओ में तैनात आइएएस विनय चौबे का भी ख्याल विकास से भटक गया है। इन दो अफसरों से ईडी पहले ही पूछताछ कर चुकी है। शराब घोटाले को लेकर भी राज्य के कई आला अधिकारी ईडी के घेरे में आ सकते हैं। ईडी की ताबड़तोड़ कार्रवाई के कारण राज्य के बड़े अधिकारियों में हड़कंप है। इसके कारण राज्य की विकास योजनाओं को अपेक्षित गति नहीं मिल रही है।

### छवि रंजन से अभी और पांच दिन होगी पूछताछ

गिरफ्तारी से पहले ईडी ने छवि रंजन से लंबी पूछताछ की। बताया जा रहा है कि पूछताछ में पूछे गए सवालों के जवानों से ईडी अधिकारी संतुष्ट नहीं हुए। जिसके चलते उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें पीएमएलए की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। छवि रंजन पीएमएलए की धाराओं के तहत ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने वाले दूसरे आईएएस हैं। छवि रंजन अभी होटवार जेल में हैं। हालांकि छवि रंजन से ईडी अभी और पांच दिनों तक पूछताछ करेगी। छवि रंजन पर ईडी की कार्रवाई के बाद राज्य सचिवालय में चर्चा का बाजार गर्म है। इसके पहले ईडी ने 13 अप्रैल को इस मामले में छवि रंजन के रांची और जमशेदपुर स्थित आवास और सिमडेगा व हजारीबाग सहित पश्चिम बंगाल-बिहार के 18 ठिकानों पर रेड मारी थी। खुलासा हुआ था कि फर्जी डीड और दस्तावेजों के सहारे रांची में करोड़ों रुपये की जमीन अवैध तरीके से बेची गई है।

### राजीव अरूण व विनय चौबे भी ईडी के रडार पर

बीते दिनों ईडी ने पूर्व गृह सचिव राजीव अरुण एक्का से पूछताछ की। हालांकि, इस दौरान विनय चौबे ईडी के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाये। सूत्रों के मुताबिक अब उन्हें एक बार फिर समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। जांच एजेंसी ने श्री एक्का से नेताओं और नौकरशाहों के राजदार विशाल चौधरी से संबंधों पर सवाल पूछा। उन्हें विशाल के मोबाइल से बरामद वीडियो दिखाया, जिसमें वे मौजूद थे।

### भाजपा ने राज्यपाल को आइएएस अधिकारियों के भ्रष्टाचार में लिप्त होने की दी जानकारी

भाजपा नेताओं ने राज्यपाल से मिलकर विभिन्न आइएएस अधिकारियों के भ्रष्टाचार में लिप्त होने की जानकारी दी है। भाजपा नेताओं ने राज्यपाल से विकास योजनाओं में शिथिलता बरतने व ग्रहण लगाने की भी बात कही है। साथ ही, राज्यपाल से भ्रष्टाचार के मामले में कठोर कार्रवाई का आग्रह किया है। झारखंड में भ्रष्टाचार की जड़े इतनी गहरी हो गई हैं कि ऊपर से लेकर नीचे तक के अधिकारी व कर्मचारी इसमें फंसे हुए हैं। राज्य के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, पथ निर्माणए भवन निर्माण सचिव सुनील कुमार जैसे पदाधिकारी पर भी जांच एजेंसियों की नजर है। फिर भी ऐसे अधिकारियों को मलाईदार पोस्ट देकर उनको उपकृत कर रही है।

## प्रेम प्रकाश की लूट लीला न जाने और कितनों को जेल पहुंचवायेगा : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने राज्य में सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार, भ्रष्ट अधिकारियों, दलालों के गठजोड़ पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में जमीन लूट का मास्टरमाइंड छवि रंजन हर अंचल से ढाई लाख रुपये की फिक्स्ड रिश्वत लेता था। जाहिर है सीओ उससे कहीं ज्यादा वसूल कर अपना कट काट कर साहेब को चढ़ावा देते होंगे। रांची जिले के 18 प्रखंड-अंचल कार्यालय से हर माह ढाई लाख कमीशन के हिसाब से प्रतिमाह लगभग 45 लाख रूपये तो फिक्स्ड था। फिर बड़े जमीनों में करोड़ों का खेल। अब कल्पना करिये कि एक अंचलाधिकारी कैसे गरीब किसानों और रैयतों से भी रिश्वत वसूल कर ऊपर तक पहुंचाता होगा। राज्य सरकार की 181 सेवा को बंद करा दिया था। हर स्तर से वसूली करने के लिए नीचे से ऊपर तक तगड़ा नेटवर्क बनाया गया था। उन्होंने कहा कि प्रेम प्रकाश, पूजा सिंघल, छवि रंजन, अमित जैसे कई लोग सरकार के लिए रिकवरी एजेंट के रूप काम करते रहे थे। अब जब एक-एक कर इनके एजेंट पकड़े जा रहे हैं, तो सरकार की बोलती बंद है। उन्होंने कहा कि ये नटरवरलाल समान प्रेम प्रकाश की लूट लीला न जाने और कितने को जेल पंहुचवायेगा।

## व्यवसायी विष्णु अग्रवाल ने छविरंजन को बनवाया था रांची जिले का डीसी !

**यूपीएससी परीक्षा में लाया था 125वां रैंक, आइएएस बनने के बाद चक्रधरपुर में बने थे एसडीओ**

*इडी की गिरफ्त में आने से पहले जमीन घोटाले में खुद को फंसता देख आइएएस पद छोड़कर प्राइवेट सेक्टर में जाने की तैयारी में थे आइएएस छवि रंजन*

**कुबेर सिंह**

**रांची।** ईडी की जद में आए रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को व्यवसायी विष्णु अग्रवाल ने रांची में डीसी के पद पर पदस्थापित करवाया था। ईडी जांच में इस बात की जानकारी मिली है। 2011 बैच के आइएएस छवि रंजन ने प्रशासनिक सेवा में अपने कॅरियर की शुरूआत झारखंड के चक्रधरपुर से की थी। उनकी पहली पोस्टिंग चक्रधरपुर में एसडीओ के रूप में हुई थी। वह अपने कारनामों के चलते शुरू से ही विवादों में रहे हैं। रांची के विधायक और झारखंड के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी सिंह ने उन पर बजट सत्र के दौरान भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे।

**2011 बैच के आईएएस हैं छवि रंजन :** छवि रंजन साल 2011 में यूपीएससी परीक्षा पास करके आईएएस बने थे। उनकी ऑल इंडिया रैंकिंग 125 थी। इडी की गिरफ्त में आने से पहले आइएएस छवि रंजन जमीन घोटाले में खुद को फंसता देख आइएएस पद छोड़कर प्राइवेट सेक्टर में जाने की तैयारी में थे।

सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि छवि रंजन ने डीसी रहते हुए जो धन जमीन घोटाले से कमाया है उसे कहीं इनवेस्ट करके खुद प्राइवेट सेक्टर में जाने की तैयारी थी लेकिन इससे पहले ही प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर लिया।

### छवि रंजन इडी के सामने खोल रहे करप्शन का पिटारा

इडी को जो सबूत मिले हैं, उसके अनुसार आईएएस छवि रंजन ने रांची के मशहूर कारोबारी विष्णु अग्रवाल को लैंड डीलिंग में फायदा पहुंचाया था। कहा यह भी जा रहा है कि विष्णु अग्रवाल की छवि रंजन से खूब बनती थी और उन्हें रांची का डीसी बनवाने में भी उनकी भूमिका रही थी। बता दें कि छवि रंजन पर रांची में सेना के कब्जे वाली साढ़े चार एकड़ जमीन की फर्जी कागजात पर हुई खरीद-बिक्री में संलिप्तता का आरोप है। इडी को जानकारी मिली है कि रांची के तत्कालीन सब रजिस्ट्रार घासी राम पिंगुआ ने सेना के कब्जेवाली साढ़े चार एकड़ जमीन का निबंधन करने से इनकार कर दिया था। इसके बावजूद सुनियोजित साजिश के तहत छवि रंजन के निर्देश पर इस जमीन का निबंधन और म्यूटेशन हुआ। जमीन की बिक्री जगत बंधु टी इस्टेट की ओर से की गयी। जगत बंधु टी इस्टेट कंपनी कोलकाता के व्यापारी अमित अग्रवाल से संबंधित है।

## युवा राजद प्रदेश कमेटी की दूसरी सूची जारी, 14 को कार्यकारिणी की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश राजद कार्यालय रांची में झारखंड प्रदेश युवा राजद के अध्यक्ष रंजन कुमार ने रविवार को प्रदेश राजद कार्यालय में युवा राजद की विस्तारित कमिटी की सूची जारी की। रंजन कुमार द्वारा जारी सूची में 5 प्रदेश उपाध्यक्ष, 2 महासचिव, 7 सचिव, 11 जिलाध्यक्षों का नाम शामिल है।

**कमेटी में इन्हें मिली जगह :** प्रदेश उपाध्यक्ष में रांची से जफीर खान, शहनाज खातून, अविनाश कुमार, कोडरमा से सहनुर आलम और पलामू से राहिल राज का नाम शामिल है।

वहीं प्रदेश महासचिव में रांची से धर्मेंद्र सिंह और जमशेदपुर से शैलेंद्र कुमार। प्रदेश सचिव में रांची से लालबाबू रजक, बोकारो से बिप्तू यादव, इम्तियाज खान, पलामू से पूनम देवी, राणा प्रताप कुमार यादव, लातेहार से सूरजदेव यादव, कोडरमा से इंद्रदेव यादव। इसके अलावा जिला अध्यक्ष में मो अली दुमका जिलाध्यक्ष, एन कुमार यादव देवघर जिलाध्यक्ष, मनोज रजक कोडरमा जिलाध्यक्ष, अकबर खान रामगढ़ जिलाध्यक्ष, प्रतीक अंगार चतरा जिलाध्यक्ष, राजेश मिश्रा धनबाद जिलाध्यक्ष, कमलेश यादव जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष, उदित यादव सरायकेला खरसावां जिलाध्यक्ष, राजेश उरांव लोहरदगा जिलाध्यक्ष, दिलेश्वर यादव लातेहार जिलाध्यक्ष का नाम शामिल है। वहीं प्रदेश महासचिव मंतोष यादव को प्रदेश प्रवक्ता पद एवं महासचिव क्षितिज मिश्रा को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

**14 मई को राज्य कार्यकारिणी की बैठक :** पदाधिकारियों के नाम की घोषणा करने के बाद प्रदेश युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि आगामी 14 मई को राज्य कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश राजद कार्यालय रांची में की जायेगी। बैठक में 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की जायेगी।

इस मौके पर युवा राजद के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रानी कुमारी, क्षितिज मिश्रा, संतोष राम समेत अन्य मौजूद रहे।

## झारखंड जेडीयू प्रभारी अशोक चौधरी पहुंचे रांची, कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री और जदयू के झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी सेवा विमान से रविवार को रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर झारखंड जदयू के कार्यकर्त्ताओं ने उनका स्वागत किया। अशोक चौधरी के रांची प्रवास का एकमात्र मकसद झारखंड में जनता दल यूनाइटेड को मजबूत करना है। इसी के मद्देनजर जनता दल यूनाइटेड के बड़े नेता लगातार झारखंड पहुंच रहे हैं।

रांची एयरपोर्ट पहुंचने के बाद मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि झारखंड में वह अगले दो दिनों तक रुकेंगे और पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और प्रदेश अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं के साथ होने वाली बैठक में यह जानकारी ली जाएगी कि राज्य की जनता तक पहुंचने के लिए पार्टी क्या कर रही है। इसके साथ ही पार्टी को क्या परेशानी हो रही है, इस पर भी चर्चा की जाएगी। अगामी 2024 के मिशन को लेकर नीतीश कुमार पूरे देश में विपक्षी एकता को एकजुट करने में लगे हुए हैं। खासकर बिहार के आस पास वाले राज्य जैसे झारखंड, उत्तर प्रदेश, बंगाल और ओड़िशा जैसे राज्यों की विपक्षी पार्टियों को एकजुट कर रहे हैं ताकि आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जड़ से उखाड़ा जा सके।

**नीतीश कुमार की जिम्मेदारी को पूरा करने में जुटे सभी नेता :** मंत्री अशोक चौधरी ने पिछले दिनों जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बीच मुलाकात को लेकर कहा कि विपक्षी एकता को एकजुट करने के लिए नीतीश कुमार ने अपने सभी नेताओं को जिम्मेदारी दी है। उसी जिम्मेदारी को पूरा करने में सभी नेता जुट गए हैं। विपक्षी एकता को एकजुट करने में राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह भी लगातार अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

एयरपोर्ट पर बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी को रिसीव करने गए प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार बताते हैं कि अगले दो दिनों तक प्रभारी के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए जाएंगे। वहीं सदस्यता अभियान में कितनी वृद्धि हुई है, इसे लेकर भी प्रभारी के द्वारा कार्यकर्ताओं से चर्चा की जाएगी।

## दुष्कर्मियों को संरक्षण दे रही है केंद्र सरकार :माले

**रांची।** भाकपा माले ने कैंडल मार्च निकाल कर केंद्र सरकार का विरोध किया है। माले के अनुसार दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना पर बैठे महिला कुश्ती खिलाड़ियों के साथ दुर्व्यवहार के खिलाफ अखिल भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष सह भाजपा सांसद की गिरफ़्तारी होनी चाहिये। अलबर्ट एक्का चौक पर रविवार को भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने सभा की। कैंडल मार्च में शुभेंदु सेन, फॉदर टोनी, भुवनेश्वर केवट, मोहन दत्ता, सुदामा खलखो, सुषमा बेडोली, नॉरिन अख़्तर, महेश सावंरिया, विनोद लहरी, गजेन्द्र सिंह शामिल थे।

## मथुरा महतो से तोपचांची झील में वाटर स्पोर्ट्स ड्रैगन बोट खेल प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सत्तारूढ़ दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो से ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ झारखंड ने तोपचांची झील में वाटर स्पोर्ट्स ड्रैगन बोट खेल प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग की है। उनसे 15 जून से 18 जून तक हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड अंतर्गत तिलैया डैम के समीप जवाहर घाटी में आयोजित होने वाले एक 11वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट रेसिंग प्रतियोगिता में सरकारी स्तर पर सहयोग दिलाने की दिशा में भी कार्रवाई करने की अपेक्षा जताया है। ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बीसी ठाकुर और महासचिव सोनी प्रसाद ने मोरहाबादी दीनदयाल नगर में मथुरा प्रसाद महतो से उनके आवास पर मिलकर बातों को रखा। उन्हें अवगत कराया कि राज्य में ड्रैगन बोट नामक इस वाटर स्पोर्ट्स की शुरुआत गत वर्ष से हुई है। इस वाटर स्पोर्ट्स ड्रैगन बोट खेल में धनबाद के एवं राज्य के नौजवान, बालक-बालिकाओं, खिलाड़ियों को अपना भविष्य निखारने का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

## पीएम मोदी पहलवानों को न्याय दिलाएं : आभा सिन्हा

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारी पहलवानों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा कि देश की बेटियों के सम्मान को ठेस पहुंचाना बेहद शर्मनाक है। केंद्र की मोदी सरकार पहलवानों को न्याय दिलाये। अब चुप्पी तोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी बेटियों के साथ खड़ा है। मैं एक इंसान के रूप में निश्चित रूप से हमारे पहलवानों के साथ खड़ी हूं। कानून सभी के लिए एक है। शासक का कानून इन सेनानियों की गरिमा पर कब्जा नहीं कर सकता।

## ओबीसी वर्ग की उपेक्षा नहीं होगा बर्दाश्त : कर्मवीर

**भाजपा ओबीसी मोर्चा 24 मई से 3 जून तक राज्य भर में करेगा चरणबद्ध आंदोलन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश भाजपा के मुताबिक राज्य सरकार लगातार ओबीसी वर्ग के हितों से खिलवाड़ कर रही है। प्रदेश कार्यालय में रविवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश इकाई की महत्वपूर्ण बैठक हुई। पार्टी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि ओबीसी समाज के विभिन्न मुद्दों को जोरदार तरीके से उठायेगा। केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा ओबीसी समाज के विकास के लिए किए कार्यों को जन जन तक पहुंचायेगा। यह बैठक अमरदीप यादव की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में रांची महानगर में निवास करने वाले प्रदेश कार्यसमिति सदस्यगण और झारखंड के उन 7 जिलों के मोर्चा के जिलाध्यक्ष भी शामिल हुये, जहां ओबीसी आरक्षण शून्य कर दिया गया है। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वर्तमान राज्य सरकार की गलत नीति के कारण नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट सर्वे नहीं हो रहा है। मनरेगा मजदूरों का भुगतान लंबित है। आयुष्मान भारत योजना का लाभ गरीबों को नहीं मिल रहा है। साथ ही 7 जिलों में ओबीसी आरक्षण शून्य कर दिया गया है। इसे देखते अब ओबीसी मोर्चा प्रदेश में 24 मई से 3 जून तक 10 दिनों का चरणबद्ध आंदोलन करेगा।

पहले चरण में 24 मई को जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम, साहिबगंज में, 25 को दुमका, पश्चिमी सिंहभूम, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, लोहरदगा और लातेहार में, 26 को सरायकेला, देवघर और जामताड़ा में 27 को गोड्डा और पाकुड़ में आंदोलन होगा। श्री यादव ने कहा कि दूसरा चरण 29 मई को शुरू होगा। इस दिन हजारीबाग, पलामू और रांची महानगर, 30 को गिरिडीह और रांची ग्रामीण, 31 को बोकारो, गढ़वा और रामगढ़, 1 जून को धनबाद महानगर और कोडरमा, 2 जून को धनबाद ग्रामीण और 3 जून को चतरा में आंदोलन होगा। साथ ही समस्याओं को जिलों के उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

## 100 चलंत चिकित्सा दल का होगा गठन

# आदिम जनजाति समुदाय के स्वास्थ्य पर ₹5.20 करोड़ खर्च करेगी राज्य सरकार

**75,000 परिवार राज्यभर में आदिम जनजाति समुदाय के**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड के आदिम जनजाति समुदाय बहुल ग्राम के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलंत ग्राम क्लीनिक की शुरूआत होगी। इसके संचालन और प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 5 करोड़ 19 लाख 96 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है।

मालूम हो कि राज्य के विभिन्न जिले में लगभग 75,000 परिवार आदिम जनजाति समुदाय से हैं, जो सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत ही विकट परिस्थितियों में रहते हैं। खासकर गंभीर बीमारी और गर्भवती महिलाओं तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचने में कठिनाई होती है। ऐसे में चलंत ग्राम क्लीनिक के माध्यम से इनका इलाज किया जाएगा।

**100 चलंत चिकित्सा दलों का किया जाएगा गठन :** चलंत ग्राम क्लीनिक के लिए 100 चलंत चिकित्सा दलों का गठन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं क्लीनिक में ओपीडी, प्रसव पूर्व और प्रसव बाद देखभाल की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही परिवार नियोजन से संबंधित परामर्श और गर्भनिरोधक दवाओं का वितरण किया जाएगा. वहीं एनीमिया और अन्य गैर संचारी रोग जैसे- रक्तचाप व मधुमेह की जांच की व्यवस्था रहेगी। टीबी-मलेरिया जांच और वेक्टर बोर्न डिजीज व कालाजार का इलाज किया जाएगा।

### चिकित्सकों द्वारा प्रदान की जायेगी 8 घंटे सेवा

चलंत ग्राम क्लीनिक की स्थापना जनजाति बहुल ग्राम के सरकारी भवन जैसे आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक भवन, विद्यालय भवन में किया जाएगा। ग्राम क्लीनिक में कम से कम 8 घंटे चिकित्सकों के द्वारा सेवा प्रदान की जाएगी। सामान्य बीमारियों की स्क्रीनिंग के अलावा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के संबंध में जागरुक भी किया जाएगा।

### किस जिले में कितने चिकित्सकों की टीम

रांची : 01, पूर्वी सिंहभूम: 03, धनबाद: 01, बोकारो: 01, गुमला: 04, सरायकेला-खरसांवा: 01, सिमडेगा: 01, पश्मिी सिंहभूम: 01, देवघर: 01, पलामू: 09, चतरा: 01, दुमका: 06, गोड्डा: 04, गढ़वा: 36, जामताड़ा: 02, कोडरमा: 01, लातेहार: 02, पाकुड़: 11, साहिबगंज: 10, हजारीबाग: 01, लोहरदगा: 02, रामगढ़ जिले में 01 टीम सेवा प्रदान करेगी। इन जिलों के लिए कुल: 100 टीमें बनायी गयी है।

## अंकेक्षण के लिए जेडपीसी निदेशक ने 15 मई तक का दिया एक्सटेंशन

**तय समय में नहीं हुआ एमडीएम का अंकेक्षण, निदेशक ने दिया अंतिम मौका**

**अंतिम अवसर के रूप में 15 मई 2023 तक 15 दिन के लिए अवधि विस्तार दिया**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के स्कूलों की प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (एमडीएम) के वैधानिक अंकेक्षण तय समय में पूरा नहीं हुआ। समीक्षा बैठक में पेश प्रतिवेदन में इसका खुलासा हुआ है। इसकी जानकारी झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की निदेशक किरण कुमारी पासी के जारी कार्यालय आदेश से हुआ है। अब अंकेक्षण को लेकर अंतिम अवसर दिया गया है। निदेशक ने जारी आदेश में लिखा है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत वित्त वर्ष 2018-19 से 2020-21 तक के लिए वैधानिक अंकेक्षण करना है। इसके लिए सभी जिलों को 29 दिसंबर, 2022 को आदेश निर्गत किया गया है। अंकेक्षण पूरा करने के लिए तीन महीना की अवधि (15 जनवरी से 15 अप्रैल, 2023) निर्धारित की गई थी। फिर अवधि विस्तारित करते हुए इसे 30 अप्रैल, 2023 निर्धारित किया गया। इसकी समीक्षा 2 मई, 2023 को की गई। समीक्षा में जिला एवं अंकेक्षकों से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार 30 अप्रैल, 2023 तक अंकेक्षण किये गये विद्यालयों की जिलावार विवरण पेश किया गया।

निदेशक ने लिखा है कि प्रतिवेदन से स्पष्ट होता है कि एक जिला को छोड़कर किसी भी जिले में अभी तक शत-प्रतिशत वैधानिक अंकेक्षण का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। अंतिम अवसर के रूप में मात्र 15 दिन के लिए अवधि विस्तारित करते हुए 15 मई, 2023 तक कार्य पूर्ण करने के लिए तिथि निर्धारित की जाती है। सभी संबंधित जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया गया है कि ससमय कार्य पूर्ण करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाते हुए इसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाय। सभी जिला शिक्षा अधीक्षक अपने जिला अंतर्गत शत-प्रतिशत विद्यालयों का वैधानिक अंकेक्षण पूर्णता से संबंधित प्रमाण-पत्र में संबंधित अंकेक्षकों के संयुक्त हस्ताक्षर के साथ प्रतिवेदन 16 मई तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

खबर मन्त्र
रांची. सोमवार .08 मई 2023



epaper.khabarmantra.net

## पिघलते ग्लेशियर

एंटार्कटिका और आर्टिक के बाद दुनिया का तीसरा बड़ा बर्फ का भंडार हिमालय के पर्वतों में पाया जाता है। अब इस दुर्गम क्षेत्र के पहले संपूर्ण अध्ययन से पता चला है कि हिमालय के ग्लेशियर अपनी अरबों टन बर्फ गंवा चुके हैं। समय-समय पर अनेक वैज्ञानिक अध्ययनों में हिमालय के ग्लेशियरों के पिघलने के बारे में चेतावनी दी जा चुकी है। लेकिन नई बात यह है कि यह नुकसान वैज्ञानिकों द्वारा लगाए अनुमानों से कहीं बहुत ज्यादा है। एक नए अध्ययन से पता चलता है कि हिमालय की झीलों में खत्म होने वाले ग्लेशियरों के बड़े पैमाने पर नुकसान को काफी कम करके आंका गया है। इसकी वजह यह है कि उपग्रह पानी के नीचे होने वाले ग्लेशियर के परिवर्तनों को देखने में अक्षम हैं।शोधकताओं ने पाया कि पिछले आकलन में वृहत हिमालय में झील में समाप्त होने वाले ग्लेशियरों के कुल नुकसान को 6.5 प्रतिशत कम करके आंका गया था। मध्य हिमालय में 10 प्रतिशत कम आकलन हुआ, जहां हिमनद से बनी झीलों का विकास सबसे तेज था। इस क्षेत्र से एक दिलचस्प मामला गेलोंग को झील का है, जिसमें ग्लेशियर क्षति का 65 प्रतिशत कम आकलन हुआ है। पानी के नीचे बड़े पैमाने पर होने वाले परिवर्तनों का पता लगाने में उपग्रह इमेजिंग की सीमाएं हैं। इसी वजह से यह चूक हुई। इससे ग्लेशियरों के संपूर्ण नुकसान के बारे में हमारी समझ में अंतर आया है। इस क्षेत्र में 2000 से 2020 तक सिकुड़ते हुए ग्लेशियरों से बनी झीलों की संख्या में 47 प्रतिशत, क्षेत्रफल में 33 प्रतिशत और आयतन में 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस विस्तार के परिणामस्वरूप ग्लेशियर द्रव्यमान का 2.7 जीटी (ग्रॉस टनेज) का अनुमानित नुकसान हुआ। पिछले अध्ययनों ने इस नुकसान पर विचार नहीं किया था क्योंकि प्रयुक्त उपग्रह डेटा केवल झील के पानी की सतह को माप सकते हैं।

## कश्मीर में हिंसा

लंबे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर के पुंछ इलाके में हुए इस आतंकी हमले की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इसे जम्मू-कश्मीर में जी-20 सम्मेलन से पहले एक सुनियोजित हमला बताया जा रहा है। यह हमला ऐसे समय में किया गया, जब भारत इस साल जी-20 समिट की अध्यक्षता कर रहा है। श्रीनगर में 22 से 24 मई को बैठक होनी है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के ट्रक पर हुआ आतंकी हमला इसी माह लेह में और अगले महीने श्रीनगर में होने वाली जी-20 समिट की बैठकों को रद्द कराने की साजिश के तहत किया गया था। केन्द्र सरकार कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार करने में जुटी है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही हैं, बल्कि पिछले 8 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। मोदी कश्मीर को जी-20 की बैठक के लिये चुनकर दुनिया को दिखाना चाहते हैं कि नेतृत्व चाहे तो दुनिया से आतंकवाद को समाप्त किया जा सकता है। इस बैठक में जी-20 सदस्य देशों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इसी बात से चिढ़कर पाक परस्त हिंसक गतिविधियों से आतंक फैलाकर कश्मीर की स्थिति को खराब बताना चाह रहें हैं। लेकिन आने वाले समय में सुरक्षा सुनिश्चित कर सरकार उनके मंसूबे विफल करेगी।

# आइटी के माध्यम से देश में रोजगार और विकास





-प्रेम प्रकाश

**भारत** सहित दुनिया के इतिहास में बीते तीन दशक इस लिहाज से खासे अहम हैं कि इसने व्यक्ति, अभिव्यक्ति और सभ्यता के साझे बूते के साथ आधुनिकीकरण की पूरी प्रक्रिया और आशय को ही बदल दिया। दिलचस्प यह कि यह सब जिस तेजी के साथ घटित हुआ उसके पीछे तकनीक की वह संजालीय ताकत है, जिसे हम इंटरनेट कहते हैं। दुनिया के बाकी हिस्सों के मुकाबले भारत में इस बदलाव का खास मतलब इसलिए है क्योंकि यहां समाज और संस्कृति का बहुलतावादी अस्तित्व पारंपरिक तौर पर कायम रहा है।

**इंटरनेट के ढाई दशक**

इंटरनेट ने भारत में 25 साल पूरे कर किए हैं। आज इंटरनेट इस्तेमाल करने के मामले में हमारा देश दुनिया में दूसरे स्थान पर है। दरअसल, बीते ढाई दशक से भारत जिस तरह डिजिटल मोड में आता गया है, उसमें बड़ी भूमिका निभाई है कंप्यूटर ने। कंप्यूटर से हमारा परिचय उदारीकरण के दौर से पहले का है। यह परिचय अपवाद से तब आम व्यवहार का हिस्सा बना जब 15 अगस्त 1995 को भारत को इंटरनेट का तोहफा मिला। विदेश संचार निगम ने देश का पहला इंटरनेट कनेक्शन दिया। 2010 तक आते-आते स्मार्टफोन की आमद ने हमारी निजी और सार्वजनिक दुनिया को एक साथ नियंत्रित करना शुरू कर दिया।

आज आलम यह है कि देश में 70 करोड़ से ज्यादा लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं और यह हमारे लिए पानी या आक्सीजन की तरह जरूरी हो गया है। बदलाव की यह प्रक्रिया हमारे जीवन को कई स्तरों पर बदल रही थी। लेखन से लेकर अभिव्यक्ति और मनोरंजन की दुनिया के हिस्से यह बदलाव जिस रूप में आया, वह तो दंग कर देने वाला है। एक सामान्य समझदारी के लिए हम कह सकते हैं कि मानव सभ्यता का 21वीं सदी में दाखिला उस आभासलोक में उतरने जैसा है, जो कहने को तो हमें पूरी दुनिया से एक माउस या एक क्लिक के साथ जोड़ देता है पर वास्तव में यह जुड़ाव संवेदना और सामाजिकता की दुनिया में एक व्यक्ति को किस तरह नितांत अकेला करता गया है, यह आज हम अनुभव कर सकते हैं।

**कोरोना और ओटीटी**

इस साल के दूसरे-तीसरे महीने से कोरोना का कहर हमारे आसपास पहुंच चुका था। टीवी धारावाहिकों और सिनेमा हॉल में जाकर फिल्म देखने के शौकीन आज वेब सीरीज या ओटीटी (ओवर द टॉप)पर रिलीज होने वाली फिल्मों की बात कर रहे हैं। यह एक बड़ा बदलाव है और यह आगे किस तरह और ज्यादा प्रभावी होगा इसे कुछ अध्ययनों और तथ्यों से हम समझ सकते हैं।

> 2023 तक भारत में ओटीटी इंडस्ट्री में 45 फीसद वृद्धि की संभावना है। इसे यों भी कह सकते हैं कि कोरोना ने इस संभावना को दोगुना कर दिया है। पहले जहां देश में अमेजॉन और नेटफ्लिक्स जैसे विदेशी प्लेटफॉर्म्स का ही दबदबा था, वहीं अब ओरिजनल कंटेंट के मामले में भारतीय प्लेटफॉर्म्स उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। कुछ भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म तो इनसे काफी आगे हैं।

2023 तक भारत में ओटीटी इंडस्ट्री में 45 फीसद वृद्धि की संभावना है। इसे यों भी कह सकते हैं कि कोरोना ने इस संभावना को दोगुना कर दिया है। पहले जहां देश में अमेजॉन और नेटफ्लिक्स जैसे विदेशी प्लेटफॉर्म्स का ही दबदबा था, वहीं अब ह्यओरिजनल कंटेंट के मामले में भारतीय प्लेटफॉर्म्स उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। कुछ भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म तो इनसे काफी आगे हैं। लेट्सओटीटीग्लोबल डॉट कॉम की मलेशिया स्थित संपादक डॉ. सुनीता कुमार बताती हैं कि भारत में साल-डेढ़ साल पहले 40 ओटीटी प्लेटफॉर्म थे, लेकिन अब इनकी संख्या दोगुनी होकर 80 से भी ज्यादा हो गई है। बदलाव का यह संजाल हमें आगे और कहां ले जाएगा यह कहना मुश्किल है। हां, एक बात जो मौजूदा स्थिति में कही-समझी जा सकती है वह यह कि इस बदलाव के साथ अभ्यस्त होने से ज्यादा जरूरी है इसके प्रति सचेत होना। यह सचेत भाव इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इससे कहीं न कहीं मनुष्य की वह नियति तय होगी जिसमें यह तारीखी तौर पर जाहिर होगा कि मनुष्यता पर अगर तकनीक इस कदर हावी हो जाए कि अनुभव और अभ्यास की उसकी रचनात्मकता बड़े पैमाने पर आभासी दुनिया में तैरने लगेगी तो फिर आधुनिकता और मनुष्यता का साझा हश्र क्या होगा। वैज्ञानिक शोध और अनुसंधान के क्रम में लिटमस या एसिड टेस्ट की बातें खूब होती हैं। यह शब्द विचार और विमर्श के क्षेत्र में भी खासा प्रचलित है। अभी हम जिन संजालीय बदलावों और उनसे जुड़ी चिंता की बात कर रहें हैं उसे समझने के लिए मौजूदा समय काफी माकूल है।

ऐसा इसलिए क्योंकि कोरोना संकट के दौरान निश्चित तौर पर सहयोग और सौहार्द की कई बड़ी मिसालें देखने को मिली हैं, पर ये सारे उदाहरण या तो आपवादिक हैं या कुछ लोगों के निजी पुरुषार्थ के किस्से। आम समाज का चरित्र इस दौरान अपने ही लोगों के प्रति खासा असहयोगपूर्ण रहा है, असहिष्णु रहा है। इसलिए इस दौरान जो हम टीवी स्क्रीन, कंप्यूटर या स्मार्टफोन पर देख रहे हैं, उससे जुड़ी विषयवस्तु या कंटेंट काफी मायने रखता है।

**हाल और सवाल**

सेक्रेड गेम्स को न सिर्फ दर्शक मिले बल्कि वे टिके भी रहे। इसके प्रसारण के समय से ही यह सवाल सुगबुगाने लगा कि ओटीटी प्लेटफॉर्म को स्वच्छंद छोड़ना ठीक है क्या आज आलम यह है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जाना ही इसलिए जा रहा है कि यह देह और संबंधों की दुनिया को हर स्तर पर बेनकाब करता है।

**तकनीक और इंसानी स्फीति**

सवाल यह है कि सभ्यता के इतिहास में अब तक जो रचनात्मक अनुभव हमारे हिस्से आए हैं क्या हम उसे अंतिम तौर पर गंवाने के मुहाने पर खड़े हैं।कोरोनाकाल के कुछ अध्ययनों में यह बात आई भी है कि संवेदना और सौहार्द के दरकार के दौर में हम लगातार हिंसक होते जा रहे हैं। यह हिंसा मन और शरीर से आगे भाषा तक में जाहिर हो रही है। आगे हमारे लिए यह चुनौती होगी कि इस हश्र के पीछे की तकनीकी ताकत को लेकर हम नए सिरे से विचारशील होंगे या फिर उन स्फीतियों को सीधे-सीधे स्वीकार कर लेंगे, जिनके शिकार आज हम तेजी से हो रहे हैं।

**खबरों की लीक और तकनीक**

बात तकनीक और इस कारण आए बदलावों की हो और मीडिया की चर्चा न हो, ऐसा संभव नहीं है। इंटरनेट के कारण खबरों की एक नई दुनिया आज हमारे सामने है। इस दुनिया ने खबरों के अर्थ और आशय को ही सिर्फ नहीं बदला है, बल्कि इसके साथ ही बदल गई है इसे देखने-समझने की हमारी पूरी दृष्टि।

खास बात

## पैतृक संपति में बेटी का अधिकार

बिंदिशा सारंग

**कड़वी** सच्चाई यह है कि उन्हें वह आजादी और वित्तीय स्वतंत्रता नहीं मिलती है, जो पुरुषों के लिए सुलभ है। अच्छी बात यह है कि अब स्थितियां बदल रही हैं। विशेष रूप से हिंदू परिवारों में उत्तराधिकार और विरासत के कानूनों को। हाल में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि बेटियों को हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) की संपत्तियों में समान हिस्सेदारी के अधिकार मिलेंगे, भले ही उनके पिता 9 सितंबर तक जिंदा थे या नहीं। डीएसके लीगल में पार्टनर नीरव शाह ने कहा, 'पहले स्थिति यह थी कि 2005 का अधिनियम शुरू होने की तारीख को किसी जीवित समान हिस्सेदार की जीवित बेटी होनी चाहिए। पिछली कानूनी स्थिति जन्म से प्राप्त हिस्सेदारी के अधिकार को पूरा करने में असफल रही है। बेटी को अपने जन्म से ही पैतृक संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा, भले ही उसके पिता उसके जन्म के समय जिंदा थे या नहीं।' सीधे शब्दों में कहें तो इस फैसले से संयुक्त परिवार की संपत्ति की विरासत के लिहाज से बेटियों के अधिकार और जिम्मेदारियां बेटों के समान हो गई हैं। एक संयुक्त हिंदू परिवार (जेयूएफ) वह है, जिसमें सभी व्यक्ति किसी एक पूर्वज के वंशज हैं और जिनकी एकसमान उपासना पद्धति और संयुक्त संपत्तियां हैं।' समान हिस्सेदारी कानून की उत्पत्ति है। यह संयुक्त हिंदू परिवार का छोटा रूप है, जिसमें वंश का प्रमुख और तीन क्रमानुगत पुरुष वंशज शामिल हैं। पैतृक संपत्ति वह है, जो किसी हिंदू बेटे को अपने पिता, दादा और परदादा से मिलती है। 'वर्ष 2005 के संशोधन का मकसद बेटियों को भी इस तथाकथित प्रीमियम क्लब में शामिल करना था।'गौर करने वाली बात यह है कि 9 सितंबर, 2005 से पहले जन्मी बेटियां केवल संशोधन की तारीख से अपने अधिकारों का दावा कर सकती हैं।

इसके अलावा अगर 20 दिसंबर, 2004 से पहले संपत्ति का कोई लेनदेन हुआ है तो वह बरकरार रहेगा। धारा 6(1) और धारा 6(5) की शर्तें 20 दिसंबर, 2004 से पहले के बंटवारे को बचाती हैं।

## बक्सर की सिद्धि

धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

**सिद्धाश्रम** (बक्सर) पहुंचते ही विश्वामित्र ने राम एवं लक्ष्मण को भविष्य में होने वाले युद्ध को ध्यान में रखकर एक ऐसी विद्या की सिद्धि करवाई जिससे भूख एवं प्यास युद्ध के दौरान प्रातः काल से संध्या तक न सताए। श्री राम को धर्नुविद्या का प्रशिक्षण देने के लिये महर्षि विश्वामित्र गुरु वशिष्ठ द्वारा नियोजित किये गये थे। उन्होंने श्री राम और लक्ष्मण को धर्नुविद्या का प्रशिक्षण दिया। आग्नेयास्त्र, वायव्यास्त्र एवं ऐन्द्रास्त्र इत्यादि जितने भी दिव्यास्त्र थे वे सब तथा उनको संधान करना भी सिखाया। गुरु भक्ति का व्यवहारिक रुप श्री राम को महर्षि विश्वामित्र ही सिखाए।


**अहिल्या उद्धार:** श्री राम और लक्ष्मण ताड़का एवं सुबाहु समेत अन्य राक्षसों का संहार कर महर्षि विश्वामित्र का यज्ञ रक्षा किये। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद एक दिन महर्षि विश्वामित्र श्री राम से बोले- श्री राम मिथिला के राजा जनक जनकपुर में धनुष यज्ञ आंरभ करने वाले हैं। आप दोनों भाई भी साथ वहां चलिये। यह आदेश सुनकर श्री रामचन्द्र ने विचार किया कि अयोध्या से चलते समय गुरु वशिष्ठ ने कहा था कि मुझें अब ब्रह्मर्षि विश्वामित्र के आज्ञाधीन रहना है। ये जैसा चाहें वैसा ही कर्म करना मेरा प्रथम कर्तव्य है। अतः मुझे एवं लक्ष्मण को जनकपुर चलना चाहिए। महर्षि विश्वामित्र तथा अन्य ऋषियों के साथ श्री राम और लक्ष्मण सिद्धाश्रम से जनकपुर के लिये प्रस्थान किये। जनकपुर जाने के मार्ग में थोड़ी दूर तय किये।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**विपदा** में
मन के बल का हथियार
चलाना पड़ता है
अपने हिस्से का सूरज भी
खुद खींच के लाना पड़ता है ,
वापस आना पड़ता है,
फिर वापस आना पड़ता है।
– **अमिताभ बच्चन**

आपके ट्वीट

**ज्ञान** अमृत है और पुस्तकें उस अमृतत्त्व - निर्बाध ज्ञान परंपरा की संवाहिकायें-प्रसारिकाएँ हैं। अविद्याजनित विकृतियों से मुक्त कर अंतस को प्रकाशित करने वाले सदग्रन्थों का नित्य पारायण करें। पुस्तकें सच्ची पथप्रदर्शक हैं !
– **अवधेशानंद गिरी**





**एनटीपीसी** ने बनाया सोलर पावर की घटती दरों का रिकॉर्ड - मात्र 1.99 रुपये प्रति यूनिट बिजली देगा। राज्य सरकार बिजली खरीद सौदों पर पुनर्विचार करे,सोलर पावर में करोड़ों झोंकने की जगह बाजार से सस्ता सोलर पावर खरीदे। **–महेश पोद्दार**

# योग जानने के अलग-अलग स्तर हैं, सभी योगी है

स्वामी निरंजनानंद सरस्वती

धर्म



**योग** जानने के अलग-अलग स्तर हैं। पहला साधारण योग व्यवसायी होता है जो किसी भी केंद्र, स्कूल या आश्रम में किसी भी योग शिक्षक से सीखता है, घर लौटता है और शरीर को लम्बने और टोन करने के लिए योग अभ्यास से संतुष्ट होता है।

दूसरे स्तर में योग के साथ कुछ लगाव हो रहा है, साधनाओं में गहराई तक जाना चाहते हैं, इसलिए नौसिखिया या साधना के नाम से जाना जाता है। यदि कुंडलिनी योग आपको आकर्षित करता है, तो आप अपनी कुंडलिनी को जगाने के लिए सभी साधनाओं का प्रयास कर सकते हैं, आश्रम में जाकर रहें, और योग के साथ लगाव का कुछ रूप विकसित करें। या आप एक किताब ले सकते हैं, एक खेत या समुदाय में जा सकते हैं और वहां अपनी प्रथाएं कर सकते हैं, पीछे हटते हुए, एकांत में। यह नौसिखिया योग साधना है।

योग का तीसरा स्तर प्रयोग है। आप योग के माध्यम से उन परिवर्तनों का प्रयोग करें जो आप महसूस करते हैं और अनुभव करते हैं जब आप योग का अभ्यास करते हैं, तो आपको लगता है कि आप आराम करते हैं, आप बेहतर महसूस करते हैं, अधिक आशावाद या निराशावाद का अनुभव होता है, या अधिक जागरूकता आती है, या अधिक अवसाद, या अधिक चिंता ये वो अनुभव हैं जो योग की जांच प्रक्रिया में आगे बढ़ सकते हैं। या तो आप इसकी विषयगत जांच करते हैं, अकेले या एक समूह में, या फिर आप यंत्रों वाली प्रयोगशाला में जांच करते हैं, जानकार लोगों के साथ जिनके विशेषज्ञता पर आप भरोसा कर सकते हैं। इस तरह एक और कदम परिवर्तन का प्रयोग करना है और अभ्यास करने पर जो परिवर्तन हो रहा है उसे समझने की कोशिश करना है।

उससे परे एक और स्तर है एक परंपरा में जाना और शुरू से वर्तमान तक योग की प्रासंगिकता देखना, और अपने आप को उस विचार धारा के एक भाग के रूप में देखना। ऐसे कई घरेलू योग शिक्षक हुए हैं। बीकेएस अयंगार सन्यासी नहीं है, फिर भी उनका पूरा जीवन योग के प्रचार में समर्पित है। विवेकानंद केंद्र के डॉ नागेन्द्र सन्न्यसीन नहीं है, फिर भी उनका पूरा जीवन योग के प्रति समर्पित है। मैं यहाँ योगिक परंपराओं की बात कर रहा हूँ, सन्यासा परंपराओं की नहीं। देशिकाचार्य, टी. कृष्णामाचार्य और आयंगर योग की परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं। स्वामी अभेंदानंद और स्वामी विवेकानंद जैसे लोग योग की एक और परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं।

बाबाजी, श्रीयुक्तेश्वर, लहरी महाशय और परमहमस योगानन्द की परंपरा योग की एक और परंपरा है। एक परंपरा है जो स्वामी शिवानंद से स्वामी सत्चिदानंद, स्वामी विष्णुदेवानंद, स्वामी सत्यनंद, स्वामी वेंकटेशानंद, स्वामी चिदानंद और शिवानंद वंश के अन्य लोगों के माध्यम से उभरती है। योग की कई परंपराएं हैं और कई लोगों ने ऐसी परंपराओं या रास्तों को अपनी जीवन शैली, पेशा और अभिव्यक्ति का हिस्सा बना लिया है; तो कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने योग को साधना बना दिया है।

**प्रस्तुतिः स्वामी मुक्तरथ**

कॉर्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर


### कानून से असुरक्षा

**श्रम** कानून के सुधार में नया कानून बनाया गया है, जिसके तहत तीन सौ से कम काम करने वाले कर्मचारियों को कोई कम्पनी बिना सरकार की मंजूरी लिए कभी भी निकाल सकती है। ऐसे में हर कोई कम्पनी अब अपनी मनमानी करेगी, जहां गरीब आदमी का जरूरत से ज्यादा शोषण होगा तो हर समय नौकरी जाने का डर, कही न कहीं उसकी सामाजिक सुरक्षा के लिए भी खतरा है। **–रमन कुमार, रांची**

### नशे का प्रभाव

**धन** ऐश्वर्य-संपन्नता की वसूली नशे के माध्यम से करते हुए फिल्में, धारावाहिक, मनोरंजन का घालमेल समाज में परोसा जा रहा है। दूसरों को टेंशन मुक्त करता बॉलीवुड आज स्वयं टेंशन का शिकार है। खुद की जिंदगी से खिलवाड़ करने का अवसर जुटा रहा है। प्रशासन व शासन सख्त कानून बना नशे में लिप्त फिल्मी व्यवसायियों पर कड़ी निगरानी बनाए। **– रविन्द, हजारीबाग**

# रात में कम सोना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक



प्रिया राज

हेल्थ

**आपको** कौन सी सूचना कहां से और कैसे ग्रहण करनी है इसकी प्राथमिकता तय कर लें। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है।

पूरी नींद नहीं सोने से कई तरह की बीमारियां घेर लेती हैं। रात को नींद नहीं आने का आपके दिन के साथ पूरा संबंध है। आपकी जीवनशैली, खान-पान और शरीर से जुड़ी कोई अन्य बीमारी सब इसके जिम्मेदार हैं। आज के समय में ज्यादातार लोगों को अनिद्रा की शिकायत होती है। अनिद्रा हमारी सेहत के लिए काफी नुकसानदेह होती है और नींद क्यों नहीं आती यह सोच-सोच कर भी हम अपनी नींद खराब कर लेते हैं।

हम सबकी जीवनशैली ऐसी हो गई है कि बस पंजों पर खड़े रहते हैं। काम का बोझ एक ऐसा सच है जो हर कोई अपनी मर्जी से नहीं ढोना चाहता। बहुत लोगों की मजबूरी है कि उन्हें बहुत ज्यादा काम करना पड़ता है तो कुछ लोगों को लगता है कि ज्यादा से ज्यादा काम करना ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है। लेकिन यह आपकी मजबूरी हो या चुनाव, इसका हल तो आपको निकालना होगा।आयरन की कमी से लेकर मोटापा दूर करने में कारगर है अंडा, जानिये नाश्ते में कैसे खाना उचित

कुछ लोगों को सात से आठ घंटे सोना समय की बबार्दी लगती है। लेकिन आप देखेंगे कि अगर काफी दिनों तक ढंग की नींद नहीं लेते हैं तो आपका शरीर किसी न किसी बीमारी का शिकार हो जाता है और डॉक्टर आपकी पर्ची पर बिस्तर पर आराम लिख देते हैं। फिर आपको मजबूरी में बिस्तर पकड़ना पड़ता है। तो ऐसी स्थिति आने से पहले अपने बिस्तर पर पर्याप्त समय दिया करें। नौकरी के तनाव का भी बहुत असर नींद पर पड़ता है। तो यह सोच लें कि तनाव लेने भर से कोई काम आसान नहीं हो जाता है।

नौकरी को लेकर अति संवेदनशील रहने वाले लोग भी अनावश्यक तनाव लेते हैं। एक समय नौ से पांच की नौकरी का मजाक उड़ाने वाली पीढ़ी आज चौबीस गुणे सात के जाल में उलझ गई है। लेकिन अब लोग सेहत और काम के बीच के तनाव के बारे में जागरूक भी हो रहे हैं।

सुबह की सैर करते हुए ईयरफोन लगा कर गाना सुन रहे हैं तो गाड़ी चलाते हुए पॉडकास्ट पर राजनीतिक बहस, खाना खाते वक्त फेसबुक पर इसका जवाब दे रहे हैं कि ह्यआपके दिमाग में क्या हैह्न तो दफ्तर जाने के पहले इंस्टाग्राम को भी अद्यतन करना ही है। बीच में टीवी देखना और आनलाइन खबरें पढ़ना। बिस्तर पर जाने के बाद सोशल मीडिया के किसी बहस में उलझ जाना। हमने अपने दिमाग को एक मिनट के लिए खाली छोड़ा ही नहीं है तो फिर नींद पर उन सूचनाओं का एक साथ हमला होने लगता है।

आपको कौन सी सूचना कहां से और कैसे ग्रहण करनी है इसकी प्राथमिकता तय कर लें। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है। बिस्तर पर सोने जाने के एक घंटा पहले किसी भी तरह के स्क्रीन और सोशल मीडिया से दूरी बना लें। अपनी मनपसंद कोई हल्की-फुल्की किताब पढ़ें और किसी भी तरह की विवादित बातें न सोचें। इन दिनों एक मजाक प्रचलित है कि नींद आंखें बंद करने से नहीं इंटरनेट का डाटा बंद करने से आती है। अच्छी नींद के लिए बिस्तर पर जाने से पहले आभासी दुनिया से कट जाने में ही भलाई है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सीएम पतरातू में 11 को वीआइपी गेस्ट हाउस का करेंगे उद्घाटन



रामगढ़। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 11 मई को रामगढ़ पतरातू लेक रिसॉर्ट में नवनिर्मित जी प्लस वीआइपी गेस्ट हाउस का उद्घाटन करेंगे। इसके मद्देनजर डीसी माधवी मिश्रा और एसपी पीयूष पांडेय ने टीम के साथ रिसॉर्ट में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने विधि-व्यवस्था, पार्किंग और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही पतरातू लेक रिसॉर्ट के अधिकारियों के साथ चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रतिदिन बड़ी संख्या में पतरातू लेक रिसॉर्ट में आ रहे सैलानियों की सुरक्षा के मद्देनजर की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रिसॉर्ट में भीड़-भाड़ नियंत्रित करने व सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई निर्देश दिए।

### कार व ट्रक में टक्कर, बचे दंपति



मांडू। मांडू थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय के समीप रविवार को टाटा टियागो कार नं ओडी14 3021 और एलपी ट्रक नं एपी 16 टीएच 1135 में टक्कर होने से कार मालिक और उनकी पत्नी बाल बाल दुर्घटना बचे । बताया गया की कार सवार औरंगाबाद से राउरकेला जाने के क्रम में पटना से आंध्र प्रदेश विजयावाड़ा जा रहे एलपी ट्रक द्वारा पीछे से जोरदार टक्कर मार देने से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई । टक्कर इतना जोरदार था की कार के परखच्चे उड़ गये और स्टेरिंग के सामने बैलून फूल जाने से कार मालिक और उसकी पत्नी बाल बाल बचे। इसकी जानकारी पर मांडू थाना प्रभारी अवधेश सिंह सशस्त्र बल के साथ पहुंचे और दोनों गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आए।

### सीसीएल कर्मी के भाई ने आत्महत्या



कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के तोपा माइंस कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या की। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची कुजू पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि सीसीएलकर्मी अजय रविदास शनिवार की रात्रि अपने भाई विनय कुमार पिता स्वर्गीय खेदो रविदास के साथ खाना खाने के बाद डयूटी करने चरही चला गया। जब रविवार की सुबह जब वह अपने क्वार्टर पर पहुंचा तो काफी आवाज लगाने के बाद भी उसका भाई विनय ने दरवाजा नहीं खोला। तो अजय ने खिड़की तोड़कर अंदर जाकर देखा तो विनय ने कमरे में गमछा के सहारे पंखे के हुक के सहारे फांसी लगा लिया है। इसके बाद उसने आसपास के लोग वहां जुटकर शव को पुलिस के आने के बाद नीचे उतारा। इधर बताया जाता है कि विनय काफी नशा करता था। जिसके कारण वह डिप्रेशन में आकर फांसी लगा लिया। वहीं पुलिस भी मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### कुजू में यज्ञ को लेकर भूमि पूजन



कुजू। 26 मई से श्री श्री 1008 श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा सह सप्तदिवसीय पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ को लेकर रविवार को दिगवार काली मंदिर परिसर में भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन में बनारस से आए यज्ञाचार्य विकास पांडेय, अभिमन्यु पांडेय, प्रकाश पांडेय प्रवीण पांडेय, एवं भूपनारायण पांडेय द्वारा यजमान बने रामकिशुन प्रसाद, हरि नारायण कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा, विनोद प्रसाद, सुखदेव प्रसाद कुशवाहा, कैलाश प्रसाद, अर्जुन महतो, सुखदेव प्रसाद, नंदलाल महतो, जागो महतो, राजेश प्रसाद सपत्नीक को विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। इसके बाद श्रद्धालु महावीरी झंडे को लेकर गाजे-बजे के साथ नगर भ्रमण किया। इस दौरान श्रद्धालु गांव के सभी देव स्थलों तक पहुंचे एवं विधिवत पूजा अर्चना कर अपने इष्ट देव से यज्ञ को सफल बनाने की कामना किया। अंत में मंडप परिसर पहुंचकर पूरे विधि- विधान के साथ महावीरी झंडा का ध्वजारोहण किया गया। नगर भ्रमण में झामुमो नेता भुनेश्वर महतो उर्फ भुन्नू, ज्ञानी महतो, वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, कुलदीप कुशवाहा, मनोज गिरि, खेमलाल महतो, रोहन लाल, कुलदीप प्रसाद कुशवाहा, महेंद्र मास्टर, अर्जुन कुशवाहा, अरुण कुशवाहा, विगु महतो, दिलेश्वर कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, दिवाकर गिरी, जगदीश महतो आदि शामिल थे।

### चैनगड़ा में लगा नया चापाकल

भदानीनगर (रामगढ़)। गर्मी के दस्तक के साथ ही चैनगडा में पानी के लिए त्राहिमाम मच गया। पानी की किल्लत से परेशान होकर ग्रामीणों सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिन्हा के माध्यम से स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा को पत्र प्रेषित किया गया। सूचना के बाद सांसद जयंत सिन्हा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त समस्या से संबंधित विभाग को अवगत कराया। इसके बाद नगर परिषद द्वारा चैनगडा में तत्काल बोरिंग कर चापनल लगाया गया। सांसद के इस कार्य से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों ने सांसद जयंत सिन्हा के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब हमसबों को पानी की समस्या जुझना नहीं पड़ेगा। सही मायने में ग्रामीणों की समस्या को सुनने व समाधान कराने वाले सांसद हैं जयंत सिन्हा। उनक जितनी भी तारीफ की जाए कम है।



## हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पर अमन श्रीवास्तव के गिरोह ने की थी फायरिंग

# बिहार के दो अपराधी गिरफ्तार

**रंगदारी के लिए किया था गोलीबारी, हथियार जब्त**





खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़ । पतरातू थाना क्षेत्र में हरदेव कंस्ट्रक्शन पर गोलीबारी की वारदात का उद्भेदन पुलिस ने कर लिया है। एसपी पियूष पांडे ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अमन श्रीवास्तव गिरोह के लोगों ने रंगदारी के लिए हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पर गोली चलाई थी। एसपी ने बताया कि शार्प शूटर बिहार के बेगूसराय जिले से बुलाए गए थे।

उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले की जांच के लिए पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई थी। इसमें पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह भी शामिल थे। इन लोगों ने शनिवार की रात छापेमारी के दौरान पतरातू डैम के समीप किंग रेस्टोरेंट से दो कुख्यात अपराधियों को पकड़ा। इनमें बेगूसराय जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्तियारपुर गांव निवासी सनी कुमार और चरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के शिवरी गांव निवासी बृजेश कुमार उर्फ जहरा शामिल है। दोनों अपराधियों के पास से एक देसी पिस्तौल और .315 की दो जिंदा गोली बरामद हुई है। पूछताछ के दौरान उन लोगों ने बताया कि वे अमन श्रीवास्तव गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। उन लोगों ने बताया कि रंगदारी के लिए उन्होंने वारदात को अंजाम दिया गया था। उन लोगों ने पुलिस को बताया कि बिहार और झारखंड में कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। दोनों अपराधियों ने बताया कि गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के निर्देश पर ही वे लोग पतरातू आए थे। एसपी ने बताया कि सनी और बृजेश का आपराधिक इतिहास रहा है। उन लोगों ने बिहार राज्य के कई जिलों में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है।उनके आपराधिक इतिहास को जानने के लिए बेगूसराय जिला पुलिस से भी संपर्क किया गया है। मौके पर पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, इंस्पेक्टर सुशील कुमार, थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, सब इंस्पेक्टर सोनू साहू और निर्मल उरांव मौजूद थे।

# मांडू में एक करोड़ रुपये का लोहा बरामद, चार गिरफ्तार

**बिहार जा रहे अवैध लोहा लदे दो ट्रेलर को मांडू पुलिस ने पकड़ा**



खबर मन्त्र संवाददाता

मांडू। मांडू पुलिस को शनिवार देरशाम बड़ी सफलता हाथ लगी। मांडू पुलिस ने एक करोड़ से अधिक का लोहा लदे दो ट्रेलरों को जब्त करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मांडू थाना प्रभारी अवधेश सिंह को गुप्त सूचना मिली की रामगढ़ की ओर से अवैध लोहा लदे दो ट्रेलर बिहार जा रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया की मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मांडू थाना गेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाकर दोनों ट्रेलर को जब्त कर लिया। जब्त किए गए ट्रेलरो के चालकों से कागजातों की मांग की गई । लेकिन चालक किसी भी तरह का कागजात मांडू थाना प्रभारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने दोनों ट्रेलर को जब्त करते हुए चालक और उप चालक को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया की उक्त दोनों वाहन मरार सांडी के एक स्टील फैक्ट्री से लोड कर बिहार की ओर जा रहे थे । ट्रेलर गाड़ी नं आरजे 26 जीए 4772 में लगभग 43 मीट्रिक टन लोहा लोड जबकि दूसरे ट्रेलर गाड़ी नं आरजे32 जीए / 8924 में करीब 35 मीट्रिक टन लोहा लोड पाया गया । मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों में बाबूलाल चौधरी थाना गढ़, जिला टोंक ,राजस्थान ,कालूराम वैरागी कंवरपुरा थाना गढ़, जिला टोंक, राजस्थान ,आसाराम जाट थाना मेहंदवास, जिला टोंक ,राजस्थान, देवराज गुर्जर, निमोला थाना मेहंदवास, जिला टोंक राजस्थान शामिल हैं। मामले में मांडू थाना प्रभारी ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



### स्कूटी चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हजारीबाग। कोर्रा थाना अन्तर्गत लोचन पथ में एक घर में चोरी एवं जबरा रोड के एक घर से नये स्कुटी की चोरी की घटना के विरूद्ध कोर्रा थाना कांड सं0 95/ 23 दर्ज किया गया था। वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार थाना प्रभारी कोर्रा के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए कोर्रा पुलिस की टीम ने छापामारी की। गुप्त सुचना के आधार पर जबरा शमसान घाट के समीप चेकिंग लगाकर दो संदिग्ध व्यक्तियों को दो स्कुटी के साथ पकड़ा गया जिनसे कड़ाई से पूछताछ करने पर यह बात प्रकाश में आई कि दोनो व्यक्तियों के पास से मिली दोनो स्कुटी हाल में ही मुफ्फसिल एवं कोर्रा थाना क्षेत्र से चोरी हुई स्कुटी ही है तथा नुतननगर, लोचन पथ व जबरा रोड स्थित बंद घरों में चोरी की घटना को अंजाम देने में अपनी संलिप्ता को स्वीकार किया ।इसके अलावा उक्त दोनों व्यक्तियों की शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे चोरी की घटनाओं में संलिप्ता की प्रतीत होती है। पकड़ाये दोनो व्यक्तियों का चोरी अपराध का लंबा अपराधिक इतिहास है तथा घटना को अंजाम देने वाले अन्य अपराधियों से सम्पर्क भी है।

### विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक में लिए गये कई अहम निर्णय

बासल (रामगढ़)। विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को हरिहरपुर शिव मंदिर प्रांगण में पीवीयूएनएल के विस्थापित प्रभावित महिला-पुरुषों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राजेश कुमार महतो व संचालन अशोक कुमार महतो ने किया।

बैठक में मुख्य रुप से मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद, वरीय उपाध्यक्ष राजाराम प्रसाद एवं अब्दुल क्यूम अंसारी उपस्थित थे। बैठक में कहा गया कि सरकार के सर्कुलर के अनुसार पीवीयूएनएल के निर्माणाधीन पावर प्लांट में 40 हजार रुपया मासिक वेतन तक के सभी नियुक्तियों को 75 प्रतिशत आरक्षित करते हुए उसमे यहां के विस्थापित प्रभावितों की बहाली सुनिश्चित करने की उपेक्षा की जा रही है। कहा गया कि सभी प्रकार की रिक्तियों को सार्वजनिक करते हुए विधिवत सूचना पट में प्रकाशित करने के बजाय गुपचुप तरीके से बहाली की प्रक्रिया करना विस्थापितों के साथ विश्वास घात है। पीवीयूएनएल प्रबंधन के कुछ सकारात्मक सोंच वाले पदाधिकारियों के सूझबूझ के कारण कुछ विस्थापित-प्रभावित बेरोजगारों को अवसर मिलने का भरोसा है। लेकिन विस्थापित-प्रभावितों के प्रति नकारात्मक और उपेक्षात्मक दृष्टिकोण रखने वाले पदाधिकारियों को सावधान रहने की चेतावनी दी गई। कहा गया कि विस्थापित प्रभावित विरोधी पदाधिकारियों के खिलाफ गांव-गांव में बैठक कर जोरदार और व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा।

# दंपति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**22 फरवरी को धूमधाम से हुयी थी शादी, घर में पसरा मातम**



रोते-बिलखते परिजन।

खबर मन्त्र संवाददाता

बरकट्ठा। हजारीबाग जिले के बरकट्ठा थाना क्षेत्र के पंचायत सलैया अंतर्गत वरवा गांव में एक दिल दहलाने वाली घटना घटी। पति और पत्नी ने एक साथ फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका का नाम पूजा देवी 22वर्ष एवं पति राजकुमार यादव 25 वर्ष पिता हीरामन यादव के रूप में पहचान हुई है।

मुखिया इंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि शनिवार रात दोनों खाना खाकर कमरे में सोए हुए थे। सुबह जब दरवाजा नहीं खोला तो उसके दादी दरवाजा खुलवाने का प्रयास की पर नहीं खुला। बाद में दादी एक खिड़की से देखी तो पंखे से लटका पोते का शव देखकर बेहोश पड़ी ।बाद में ग्रामीणों ने दरवाजा खोल कर देखा तो महिला का शव बिस्तर पर पडा था वही युवक का शव पंखे में लटका पाया गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी लिया।

राजकुमार यादव पिता हीरामन यादव का शादी 22फरवरी को हिंदू रीति रिवाज के साथ चलकुशा प्रखंड के राशनी में पूजा देवी के साथ हुई है।07 मई को आत्म हत्या कर लिया। राजू यादव महानगरी मुंबई में काम करता था। 8 दिन पूर्व घर आया था। घटना की सूचना पाकर स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव मौके पर पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी लेते हुए शोक संवेदना प्रकट किया मौके पर दोनों ने कहा कि इस तरह की घटना क्षेत्र के लिए अप्रिय है। फिलहाल फिलहाल पुलिस ने दोनों सबको अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए तैयारी कर ली है। इस मामले में पुलिस कुछ बोलने को तैयार नहीं हुई।

# महायज्ञ में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**करियातपुर में पांच दिवसीय संतोषी मां की प्राण प्रतिष्ठा शुरू**



खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। प्रखंड अन्तर्गत करियातपुर में आयोजित पांच दिवसीय माता संतोषी की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए। इस मंदिर के निर्माणकर्ता एवं प्रधान यजमान सहदेव प्रजापति एवं उर्मिला प्रजापति द्वारा किया गया है।

महायज्ञ के यज्ञाचार्य चंदन शास्त्री, पुरोहित अशोक पांडेय, दीपक शास्त्री प्रकाश पांडेय, उपेंद्र पांडेय है। करियातपुर के पुरोहित अशोक पांडेय ने कहा कि यज्ञ मंडप की परिक्रमा से विभिन्न तरह के रोग नाश व बाधा से मुक्ति मिलती है। कलश यात्रा शुक्रवार को किया गया। जिसमे पूरे करियातपुर के भक्त जन के साथ जनप्रतिनिधि भी सम्मलित रहे।संतोष कुमार प्रजापति ने कहा कि इस महायज्ञ कार्यक्रम इस प्रकार हैं। 8 मई को रात्रि 9:00 बजे से माता का जागरण, 9 मई को शाम 4:00 बजे ग्राम भ्रमण एवं रात्रि में माता का प्राण प्रतिष्ठा एंव 10 मई को हवन विसर्जन व भंडारा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस यज्ञ को बड़े ही धूमधाम एवं शांतिपूर्वक किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष कुमार प्रजापति, सुरेंद्र प्रजापति, राहुल कुमार प्रजापति, राजेश कुमार प्रजापति, महेश प्रजापति, छोटी पंडित, दीपक कुमार प्रजापति, उदित पंडित, अर्जुन पंडित, सुनील कुमार पंडित, प्रवीण कुमार प्रजापति, सोनू कुमार प्रजापति, रोहित कुमार प्रजापति ,निखिल कुमार प्रजापति, एवं गांव के कई लोग शामिल हैं।

## एक नजर में

### समिति ने जंगल बचाने का लिया संकल्प



बड़कागांव। प्रखंड के कांडतरी-पंडरिया के वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति के तत्वाधान में बुढ़वा महादेव के डुमारो जंगल में रविवार को बैठक का आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता वनसमिति के अध्यक्ष बालेश्वर महतो व संचालन कुलेश्वर महतो ने किया। वन समिति अध्यक्ष बालेश्वर महतो ने कहा कि जंगल में लगी आग को बुझाने वाले एवं जंगल को बचाने के लिए हमलोग प्रत्येक महिना बैठक कर जंगल को बचाने के लिए दिन रात मेहनत करते हैं। फिर भी कुछ आसामाजिक तत्व जंगल में आग लगा देते हैं उन लोगों से अपील करते हैं कि जंगल में आग ना लगाएं पर्यावरण को सुरक्षित। मौके पर बालेश्वर महतो,कुलेश्वर महतो , तुलेश्वर महतो , राजकुमार पटेल, महेंद्र महतो, नीतू कुमारी, सुगनी देवी, सोनी देवी, उर्मिला देवी, सरिता देवी, यशोदा देवी, विमला देवी, मुनिया देवी, संतोष सोनी आदि लोग उपस्थित थे।

### विधायक ने किया स्कूल मरम्मति का शिलान्यास

चरही। हेन्देगढा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मरम्मति कार्य का शिलान्यास मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने विधिवत नारियल फोड़कर किया।मरम्मति कार्य डीएमएफटी मद से कराया जाना है।मौके पर प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,आजसू महासचिव परमेश्वर महतो,हेंदेगढ़ा मुखिया गिरजा कुमारी,उप मुखिया दशरथ महतो,खेमलाल महतो,अमित राय,नरेश राम,ईश्वरी महतो,तालेश्वर महतो,गोपाल महतो,दशरथ महतो, लाल मोहन महतो,विजय महतो,शिक्षक अरुण कुमार, इम्तियाज अंसारी,मदन महतो,चंद्रदेव कुमार महतो,महावीर महतो,प्राचार्य दिनेश कुमार,राजेश कुमार,रुपाश्री सहायक शिक्षिका,सहित कई लोग मौजूद थे।

### दारू में ढलाई मशीन और चार साउंड बॉक्स की चोरी

दारू। दारू थाना क्षेत्र में इन दिनों लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है पर दारू थाना पुलिस सिर्फ मामले दर्ज करने के आलावे आजतक एक भी चोरी की घटना का उद्भेदन नही कर पाई। इस बार शनिवार की रात्रि को जीतू टेंट हाउस इरगा की दुकान के सामने रखे चार डीजे साउंड बॉक्स की चोरी कर ली जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपैये की है। इस दुकान के थोड़े आगे प्रखंड मुख्यालय के सामने रखे ढलाई मशीन जिसकी कीमत करीब तीन लाख है उसकी चोरी कर ली। एक ही रात में चोरों ने दो चोरी की घटना को अंजाम दिया। एक सप्ताह पूर्व चोरों ने शिव मंदिर झुमरा से एक बाइक की चोरी कर ली थी। दारू थाना पुलिस की कार्यशैली पर भी यहां के लोग सवालिया निशान लगा रहे है। पुलिस का कार्य सिर्फ मामला दर्ज करने तक ही सीमित है।ग्रामीण पुलिस पर सवाल उठा रहे है अब देखना ये है कि पुलिस इस बार सक्रिय चोरों को ढूंढती है या इस बार भी मामला दर्ज कर हाँथ पर हाँथ धरे बैठे रहेगी।

### समस्याओं को ले प्रबंधन व मोर्चा के बीच बैठक

चरही।सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के तापीन साउथ परियोजना कार्यालय में विभिन्न समस्याओं को लेकर एक दिवसीय बैठक किया गया।यह बैठक महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा और विस्थापित/प्रभावित संघर्ष के केंद्रीय अध्यक्ष शिवलाल महतो के बीच हुई। श्री महतो ने कहा कि तापीन साउथ परियोजना को सुचारू रूप से चलाया जाए।साथ ज्वलन्त मुद्दों का निराकरण के लिये प्रबंधन से चर्चा की गई। इस बैठक में प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,उप प्रमुख संजय सिंह,पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो,बहेरा मुखिया देवकी महतो,रौशनी देवी,सुखराम टुडू,संपत महतो,महादेव रविदास,रोहित राय,प्रमोद सिंह,प्रदीप लकड़ा सहित मोर्चा और सीसीएल के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन




भुरकुंडा (रामगढ़)। वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सहयोग से समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, प्रो. रामानुज सिंह, उमाशंकर जयसवाल व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकु ने दर्जनों गरीब महिला-पुरुष व बच्चों के बीच पुड़ी-सब्जी व ठंडे शरबत का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने बताया कि वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सहयोग से आज कार्यक्रम संपन्न हुआ है। उन्होंने बताया कि वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री ने मंच के माध्यम से दो माह तक गरीबों को भोजन कराने का बीड़ा उठाया है जो कि काफी सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा है। सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा।

### स्वास्थ्य के लिए कराटे जरूरी : बिंदु भूषण



भुरकुंडा (रामगढ़)। बासल क्षेत्र के रसदा स्थित इंटरनेशनल मार्शल आर्ट्स कराटे ट्रेनिंग सेंटर में कराटे फेडरेशन अफ सोतोकान इंडिया सह मडर्न मार्शल आर्ट्स कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में रविवार को कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 100 कराटेकारों को मार्शल आर्टस कराटे का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें किहोन, काता, कुमिते सहित ब्लैक बेल्ट और ब्राउन बेल्ट कराटेकारो को संस्था के मुख्य प्रशिक्षक विकास पाठक ब्लैक बेल्ट तृतीय डन अंतर्राष्ट्रीय चैंपियन व महिला प्रशिक्षक सुमित्रा द्वारा बच्चों को ट्रेनिंग दी गई। इसके बाद बच्चों के बीच 3 घंटे का कराटे ग्रेडेशन टेस्ट (बेल्ट एक्जाम) लिया गया। जिसमें बेहतर प्रदर्शन कर बच्चों ने बेल्ट के लिए अपनी-अपनी दावेदारी पेश की। मौके पर बेहतर प्रदर्शन के लिए निकित एक्का को ब्लैक बेल्ट प्रथम डन की उपाधि से नवाजा गया। वहीं अन्य सफल कराटेकारों ने ग्रेडेशन टेस्ट में सफलता अर्जित की।

## स्पीड न्यूज

### तीन दिन से लापता है नाबालिक बगलगीर पर अपहरण करने का आरोप

**बिश्रामपुर (पलामू)** । रेहला थाना क्षेत्र के भोलाटांड रक्साहा गांव का एक नाबालिक पिछले तीन दिनों से लापता है। परिजनों ने बागलगीर पर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए रेहला थाना में मामला दर्ज कराया है.पुलिस नाबालिक की तलाश में जुट गई है.मिली जानकारी के अनुसार भोलाटांड निवासी जिबराइल अंसारी का पुत्र शाहिद अंसारी (15) चार मई की रात को गांव के ही एक बारात में शामिल होने गया था.जिसके बाद वह घर वापस नहीं आया.सभी संभावित जगह खोजबीन के बाद परिजनों ने रेहला थाना में मामला दर्ज कराया.परिजनों का कहना है कि घर के बगल का ही विकास चौधरी उर्फ बादशाह ने मामूली बात पर शहीद अंसारी को कुछ दिनों पहले जान से मारने की धमकी दी थी.बादशाह ने ही शाहिद का अपहरण किया है.इसी बीच छः मई की रात बादशाह अपने पूरे परिवार के साथ घर छोड़कर फरार हो गया है.जिसके बाद से परिजन किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं.जिसके बाद से शाहिद की मां का रो रो कर बुरा हाल है.पुलिस शाहिद की तलास में लगी हुई है.लेकिन पुलिस को अभी तक सफलता नहीं मिली है। तीन दिन बीत जाने के बाद भी शाहिद का कोई सुराग नहीं मिलने से ग्रामीण आक्रोशित हैं।

### बिश्रामपुर जिला पार्षद को टीपीसी के नाम पर जान से मारने की मिली धमकी

**बिश्रामपुर (पलामू)** । बिश्रामपुर के जिला पार्षद विजय रविदास को एक मोबाइल नंबर (893569930) से फोन कर जान से मारने की धमकी दी गई है । इस संबंध में श्री रविदास ने रेहला थाना में मामला भी दर्ज कराया है। विजय रविदास ने बताया कि फोन करने वाला अपने आपको टीपीसी का सदस्य बता रहा था। यहां बताते चलें कि उक्त नंबर से पहले भी भंडार पंचायत के कई लोगों को धमकी दी गई थी। जिसकी शिकायत भी पूर्व में पुलिस से की गई है। इधर रेहला पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### पूर्वडीहा में आइआरबी जवान की संदेहास्पद मौत

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा गाँव में आई.आर.बी. के जवान मनदीप दूबे की संदेहास्पद मौत हो गई। गाँव के ही एक स्कूल के बरामदे में उक्त जवान का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोर्स्टमार्टम कराया। पुलिस लाइन में सलामी के बाद शव परिजनों को सौपा गया। बताया जाता है कि मनदीप छुट्टी में घर आये थे। मामले की जाँच में जुटी पुलिस।

### कर्ज से तंग आकर अधेड़ ने की आत्महत्या

**चैनपुर पलामू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भट्टी मोहल्ला निवासी ओमान खलीफा उम्र 50 वर्ष का शव पुलिस ने बीती रात्रि बरामद किया था । जानकारी के अनुसार ओमान कई समूहों से पैसा लेकर आर्थिक तंगी झेल रहा था जिसके कारण उसने आत्महत्या करने की ठान ली और बीती रात्रि उसका शव रानी पहाड़ी से बरामद किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि जो जानकारी मिली है उसके अनुसार ओमान आर्थिक तंगी से जूझ रहा था । घर में झगड़ा झंझट भी हुआ था । घटनास्थल से पुलिस ने सल्फास की खाली बोतल बरामद किया है । जिसमें से दो सल्फास की गोली कम पाया गया है । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवक का पहाड़ पर मिला शव

**पांडू पलामू** । पांडू प्रखंड के सबसे ऊँची चोटी खैरा पहाड़ पर रविवार के दिन निमार्णाधीन शंकर जी के मंदिर के पास अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया। पहाड़ पर युवक का शव होने की खबर आग की तरह चारो तरफ फैल गई। पांडू थाना प्रभारी पवन कुमार पूरे दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लिया। हालाकिं कुछ ही घंटों बाद शव की पहचान गौरव कुमार पिता राज किशोर राम निवासी ग्राम राजबरिया, थाना नवीनगर, जिला औरंगाबाद बिहार के रूप में हुई है। उसके पॉकेट से 29 अप्रेल के दिन लिया गया रेलवे टिकट भी बरामद हुआ है जो की दिल्ली टू डेहरी ऑनसोन तक का है। जानकारी के अनुसार मृतक अपने पूरे परिवार के साथ दिल्ली में ही रहता था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। लेकिन पांडू पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमास्टम के लिए भेजा गया है, जब तक पोस्टमास्टम रिपोर्ट नहीं आ जाता कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

### प्रतिनिधिमंडल डीसी को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष समलैंगिक विवाह का विषय विचाराधीन है । उक्त विषय पर डालटनगंज के अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त पलामू के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर पारिवारिक और सामाजिक ताना बाना को बनाए रखने का आग्रह किया है। ज्ञापन सौंपने वाले अधिवक्ताओं में सुनील कुमार मिश्र, विनोद राम,सिकंदर दूबे, गोरखनाथ पाण्डेय, पायल लाठ, नागेन्द्र नाथ पाण्डेय, विशाल कुमार,रमण रूद्रेश समेत कई शामिल थे।

### जरूरतमंदों की आस बनती मिशन समृद्धि संस्था

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की रोटी अभियान निरंतर जारी है। कभी –कभी समाज के बीच इस नेक कार्य नहीं कर पाते जिससे रोटी देने वाले परिवार अपनी ओर से दिए गए भोजन का वितरण नहीं देख पाते। लेकिन उनकी निष्ठा प्रबल है जिसके बदौलत रोटी अभियान कभी रुकता नहीं। शनिवार को अंबेडकर पार्क के सामने दोना, पत्तल ,दातून बेचने वालों और शनि मंदिर के आसपास भोजन का वितरण किया गया। मौके पर सराहनीय योगदान के लिए संस्था के पदाधिकारियों ने बेबी पाण्डेय, श्वेता पाण्डेय ,वीणा गुप्ता, रंजीता, वंदना श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार ,ऋषि कुमार को बधाई दी है।

### स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह का नवनिर्मित प्रतिमा 18 मई को होगी स्थापित



**उंटारी रोड पलामू** । उंटारी रोड प्रखंड के पांडेयपुरा ग्राम में स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह का नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण 18 मई को किया जायेगा। जिसमे झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधानसभा के विधायक मिथिलेश ठाकुर को स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह का नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण में आमंत्रित किया गया है। इसकी जानकारी अध्यक्ष धनंजय तिवारी ने दी। कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह का प्रतिमा स्थापित 18 मई दिन गुरुवार को रखा गया है। रात्री में कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। मौके पर कमिटी में अध्यक्ष धनंजय तिवारी, उपाध्यक्ष रिंकू सिंह, कोषाध्यक्ष मोहम्मद शमीम, सचिव प्रभु सिंह, महामंत्री एवं मीडिया प्रभारी लवकुश सिंह, प्रमुख प्रवक्ता नवनीत पांडेय, व्यवस्थापक सत्येन्द्र गुप्ता और शनी जायसवाल सहित कई लोग शामिल हैं।

# हर वर्ष पैदा हो रहे थैलेसीमिया पीड़ित सात से 10 हजार बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** थैलेसीमिया यह एक अनुवांशिक रक्त रोग हैं। इस रोग के कारण रक्त / हीमोग्लोबिन निर्माण के कार्य में गड़बड़ी होने के कारण रोगी व्यक्ति को बार-बार रक्त चढ़ाना पड़ता हैं। भारत में हर वर्ष 7 से 10 हजार बच्चे थैलेसीमिया से पीड़ित पैदा होते हैं। यह रोग न केवल रोगी के लिए कष्टदायक होता है बल्कि सम्पूर्ण परिवार के लिए कष्टों का सिलसिला लिए रहता हैं। यह रोग अनुवांशिक होने के कारण पीढ़ी दर पीढ़ी परिवार में चलती रहता हैं। इस रोग में शरीर में लाल रक्त कण / रेड ब्लड सेल(आर.बी.सी.) नहीं बन पाते है और जो थोड़े बन पाते है वह केवल अल्प काल तक ही रहते हैं। थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को बार-बार खून चढाने की आवश्यकता पड़ती है और ऐसा न करने पर बच्चा जीवित नहीं रह सकता हैं। इस बीमारी की सम्पूर्ण जानकारी और विवाह के पहले विशेष एहतियात बरतने पर हम इसे आनेवाले पीढ़ी को होने से कुछ प्रमाण में रोक सकते हैं।

### भारत की 3.4 प्रतिशत थैलेसीमिया ग्रस्त



इंग्लैंड में केवल 360 बच्चे इस रोग के शिकार हैं, जबकि पाकिस्तान में 1 लाख और भारत में करीब 10 लाख बच्चे इस रोग से ग्रसित हैं। थैलेसीमिया रोग का एक भी डॉक्टर (रक्त रोग विशेषज्ञ यानी हेमोटोलॉजिस्ट) झारखंड में नहीं है। ऐसे में मरीजों को इलाज के लिए दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, वेल्लोर, पुणे जाना पड़ता है। वहां कुछ ही मरीज पहुंच पाते हैं, जिनके पास पैसा होता है। शेष की जिंदगी किसी तरह कट रही है। अंकित ने राज्य में थैलेसीमिया को रोकने के लिए शादी से पहले थैलेसीमिया जांच अनिवार्य करने के कानून बनाने की मांग की ,साथ ही गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं के थैलेसीमिया जांच अनिवार्य करने की मांग इसके साथ ही धनबाद पीएमसीएच में थैलेसीमिया की जीवनरक्षा हेतु थैलेसीमिया डे केयर सेंटर की मांग की है।आपको बता दे कि अंकित पिछले 5 साल से धनबाद में थैलेसीमिया बच्चो के जीवन बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे है।

### बीएसएल में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम

**बोकारो।** एचआरडी सेंटर में आयोजित अवेयरनेस ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड इंडस्ट्री.4.0 के समापन कार्यक्रम में प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसए मशीन लर्निंग तथा अन्य आधुनिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। मौके पर ईडी ;संकार्यद्ध बी के तिवारीए ईडी ;पी एंड एद्ध राजन प्रसादए सीजीएम ;सी एवं एद्ध बी के सरतापेए सीजीएम ;मा॰सं॰विद्ध मनीष जलोटा सहित प्रतिभागी उपस्थित थे। आईआईटीए कानपुर के विशेषज्ञ नंदन मिश्रा ने एक प्रस्तुतीकरण से सभी 15 बैचों के प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा इसके क्रियान्वयन की जानकारी दी। ईडी श्री तिवारी ने कहा कि संयंत्र मे डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के क्रियान्वयन की अपार संभावनाएं हैंए जिससे हम अपने प्रोसेस को सरल बना सकते है। राजन प्रसाद ने सभी प्रतिभागियो को अपने कार्यस्थल पर क्रियान्वित करने का आह्वान किया।

# धार्मिक कार्यों से आती है समृद्धि : सुशील

## बराही वार्षिक उत्सव धार्मिक अनुष्ठान व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसेनाबाद पलामू** । जिला के विख्यात धार्मिक स्थल बराही धाम में शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव रविवार को धार्मिक अनुष्ठान भव्य भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। रविवार के सुबह मंदिर परिसर से एक शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमे भारी संख्या मे लोग शामिल हुए। जिसमे झारखंड के रामगढ़ से तासा बैंड, दर्जनों घोड़ा आकर्षण का केंद्र बना था। शोभा यात्रा मे शामिल लोगों ने दंगवार मे पहुँचकर भारत वर्ष के महान संत श्री श्री 1008 त्रिदंडी स्वामी के पाद सेवक जगद्गुरु श्री सुंदरराज स्वामी जी महाराज जी का भव्य स्वागत किया। स्वागत के बाद शोभा यात्रा पुनः बराही धाम परिसर पहुँचा। जहाँ धाम के आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोचाराण के साथ पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर हजारों की संख्या मे धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने भी पूजा अर्चना कर सुख शांति की कामना की। साथ ही लोगों ने भंडारा का महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन औरंगाबाद सांसद सुशील सिंह, झारखण्ड धनबाद के समाजसेवी सत्य प्रकाश सिंह, पलामू जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर औरंगाबाद सांसद सुशील सिंह ने कहा कि बराही धाम पर्यटक स्थल के रूप में विकसित हो इसके प्रयास किया जायेगा। धार्मिक कार्यों से क्षेत्र में समृद्धि व लोगों में उर्जा का संचार होता है। मौके पर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष आरके सिंह ने उन्हें बराही धाम स्थित बजरंगबली का फोटो और अंग वस्त्र भेंट की। मौके पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे बराही धाम की पहचान विश्व पटल पर होगी। कार्यक्रम में भोजपुरी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों मे जोश भर दी। पुरा परिसर जय श्री राम जय हनुमान की जयघोष से गूंज रहा था। मौके पर पूर्व विधायक संजय सिंह यादव,भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह, अरबिंद कुमार सिंह, अशोक सिंह, कामेश्वर कुशवाह, कर्नल संजय सिंह, रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह, समाजसेवी कुश कुमार सिंह उर्फ मिंटू सिंह, सतेंद्र कुमार सिंह, धनंजय कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख राज कुमारी देवी, प्रिंस कुमार सिंह, बिहार झारखंड के मशहुर स्टेज ऐंकर रवि कुमार सिंह, टूनटुन सिंह, मुखिया सुदामा यादव, श्रवण राम, छोटू सिंह,समेत कई लोग मौजूद थे।

### बराही धाम की सुंदरता है मनोरम : उपायुक्त

हुसैनाबाद के बराही धाम मे आयोजित प्रथम वार्षिक उत्सव समारोह मे रविवार को पलामू के उपायुक्त आंजनेयुलू दोडे धाम पर पहुँचे, पहुँचने के बाद उन्होंने धाम परिसर मे बने मंदिरों मे जा कर पूजा अर्चना की। धाम परिसर मे बने 105 फिट दक्षिणमुखी हनुमान जी का प्रतिमा को देखकर कहा कि पलामू जिला के साथ साथ बराही धाम झारखंड का गौरव है। उन्होंने कहा कि इस धाम परिसर को बेहतर बनाने हर संभव प्रयास किया जायेगा। बराही धाम की सुंदरता अच्छा व मनोरम है। मौके पर धाम कार्यालय मे पलामू उपायुक्त को श्री सुंदरराज स्वामी जी महाराज ने उन्हें अंग वस्त्र व बराही धाम बजरंगबली की फोटो भेंट की। मौके पर ज़िप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटु सिंह, आ. के. सिंह, सत्य प्रकाश सिंह,अयोध्या सिंह , प्रिंस सिंह व शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व उत्सव समिति के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### चौहरमल कल्याण समिति के सदस्यों ने चिराग का किया स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के कार्यकताओं ने रविवार को शहरी क्षेत्र के भगत तेंदुआ स्थित काली मंदिर परिसर में लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वे हरिहरगंज से होते हुए गढ़वा जिला में आयोजित एक कार्यक्रम में जा रहे थे। इस दौरान भगत तेंदुआ काली मंदिर परिसर में वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। चिराग पासवान ने कहा कि समाज ही अक्षय पूंजी हैं। उनकी खोज खबर के साथ उनके परिवारजनों का हाल-चाल जानने का भी सुअवसर प्राप्त हो तो आत्मीयता और गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने इस भव्य स्वागत के लिए वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट किया। स्वागत करने वालों में लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रधान, वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, प्रखंड अध्यक्ष रामजी पासवान, प्रखंड कोषाध्यक्ष सह दिव्य पारा मेडिकल ट्रेनिंग सेंटर के संचालक डॉ संजय कुमार, सुधा कुमारी, मुखिया जितेंद्र पासवान, रिनू देवी, अरविंद पासवान, पंचायत के मुखिया उमेश साव, परीखा पासवान, पिपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव, रंजीत पासवान, सेवानिवृत्त शिक्षक योगेंद्र पासवान, विनय पासवान, राम विश्वास पासवान, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष गोलू कुमार सिंह, राणा पासवान, कमलेश यादव, विजय पासवान आदि शामिल है।

### रविंद्र नाथ टैगोर बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे : अरविंद पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** । रवींद्रनाथ टैगोर बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे । वह एक कुशल कला मर्मज्ञ, कवि, लेखक ,चित्रकार, संगीतकार एवं सच्चे देशभक्त थे। उक्त बातें स्थानीय पांकी रोड बारालोटा स्थित आरएन टैगोर पब्लिक स्कूल पब्लिक हाई स्कूल के प्राचार्य अरुण पांडे ने कही । वे रविंद्र नाथ टैगोर जयंती के अवसर पर रविवार को स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर जीवन उच्च विचार के महापुरुष थे। रविंद्र नाथ टैगोर इसी के कारण प्रत्येक हिंदुस्तानी के प्रिय थे। उन्होंने जालियांवाला बाग हत्याकांड से दुखी होकर सर की उपाधि लौटा दी थी। शिक्षा के क्षेत्र में रविंद्र नाथ टैगोर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मौके पर विद्यालय के बच्चों ने लेख और भाषण प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विद्यालय के प्राचार्य की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विनोद कुमार सिंह, मनोज चौबे, आरपी सिंह ,अशोक शर्मा, मुकेश कुमार, सचिन कुमार, कपिल कुमार, डीके पांडे, विवेक चौहान ,अमृता, निष्ठा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । कार्यक्रम का समापन प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन कर किया।

### टूर एण्ड ट्रैवल कंपनी करायेगा चार धाम का यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** टूर एंड ट्रैवल कंपनी घूमानेवाला डॉट कॉम चार धाम का यात्रा कराने जा रहा है। इसमें बुजुर्गों को आधे दाम पर ही चारों धाम का यात्रा करायेगा। कंपनी की तरफ से एक बार फिर चार धाम की यात्रा कराई जा रही है मात्र 14 हजार रुपए में। इस सम्बंध में उज्वल कुमार व शुभम प्रसाद ने बताया कि इस पैकेज में रहना, खाना, सहित वातानुकूलित बस के द्वारा बनारस काशी विश्वनाथ मंदिर होते हुए हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ ,सोनप्रयाग, बासुकी ताल झील,लक्ष्मी नारायण मंदिर,गौरी कुंड,भैरव नाथ मंदिर,रुद्र गुफा इत्यादि और भी कई दार्शनिक स्थानों के दर्शन कराया जाएगा। और वापसी में दिल्ली, आगरा, मथुरा, बृंदावन भी घुमाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बस 14 मई दिन रविवार को शहर थाना रोड डाल्टनगंजसे खुलेगी। इस बार कंपनी अपने यात्रियों को एक बहुत ही सुनहरा ऑफर दे रही है। यात्रियों में सबसे बुजुर्ग दंपति को आधे दाम में यात्रा कराई जायेगी। जबकि नवविवाहित जोड़े को तीन हजार रुपए तक का छूट दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन चालू हो चुका है। यात्री अपना सीट आज से ही बुक करा सकते हैं। टिकट 12 मई तक ही दिया जाएगा।

### बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने मनाया रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। संचालन संजय कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व टैगोर के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि रविंद्रनाथ टैगोर एक महान देशभक्त, कवि, कहानीकार, चित्रकार के साथ ही बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। उनका जन्म सात मई 1861 में हआ था। भारतीय संस्कृति के सर्वश्रेष्ठ रूप से पश्चिमी देशों का परिचय व पश्चिमी देशों की संस्कृति से भारत का परिचय कराने में टैगोर की बड़ी भूमिका रही है। आम तौर पर उन्हें आधुनिक भारत का असधारण सृजनशील कलाकार माना जाता है। टैगोर ने भारत व बंगला देश का राष्ट्रगान की रचना की। वे गीतांजलि, पोस्टमास्टर, मास्टर साहब, गोरा, घरे-बाहरे सहित कई कहानी लिखे हैं। मौके पर शिवनारायण साव, जयपाल मोची, श्याम पाठक, प्रदूमण तिवारी, संजीत कुमार, सन्नी पासवान, दीपक कुमार, प्रभात कुमार,विनय राम, रंजीत कुमार, राणा पासवान , रामनरेश महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मिथिला की पावन नगरी जैसा विश्व में नहीं है कोई दूसरा नगरी : ब्रह्मदेवाचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**बिश्रामपुर पलामू।** मिथिला के पावन नगरी जैसा आज भी विश्व में कोई दूसरा नगरी नहीं यह उक्त बातें छत्तीसगढ़ से पधारे छत्तीसगढ़ पीठाधीश्वर ब्रह्देवाचार्य ने कही। ब्रह्देवाचार्य पलामू जिला के बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत तोलरा गांव में इन दिनों भक्तिमय श्रीराम कथा का प्रवचन करा रहे हैं। ब्रह्देवाचार्य अपने प्रवचन में राम लक्ष्मण माता सिता की पावन कथा के साथ भजन का अनुश्रवण करा रहे हैं। पीठाधीश्वर ने कहा राम मानव जीवन की परिमुर्ती हैं जिससे सारे लोग को अनुसरण कर जीवन व्यतीत करना चाहिए।मानव जीवन में आकर त्याग की परिभाषा को इतना अनुशासित किया जो अन्य मानव इसे संकल्पित कर ले तो मानव जीवन धन्य हो जाए । जगतगुरु ब्रह्देवाचार्य ने मिथिला नगरिया निहाल सखिया चारो दुल्हा में बड़का कमाल सखिया के भजन पर श्रोताओं को झुमने पर विवश किया । जगतगुरु ने अपने श्रीराम कथा के पावन श्लोक में सखियां इसबात पर खुश थी की प्रभु श्रीराम इस गांव नगरी का दामाद बने हैं जो कभी कभी अपना दर्शन ससुराल के बहाने देते रहेंगे मौके पर गांव के ग्रामीण महिला पुरुष काफी संख्या में उपस्थित थे।

# दो बच्चे का पिता फिर विवाह करने पहुंचा कोर्ट

## पहली पत्नी ने जमकर किया हंगामा, पति के विरुद्ध थाने में दिया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** पहले से शादीशुदा एक युवक दुबारा शादीशुदा महिला के साथ शनिवार को शादी रचाने कोर्ट पहुंचा। इस दौरान उसकी पहली पत्नी ने जमकर हंगामा किया एवं वहां से युवक मौके से रफूचक्कर हो गया। युवक की पहली पत्नी हेमा देवी ने महिला थाने में आवेदन देकर अपने पति की ओर से दूसरा शादी किए जाने को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। बताते चलें कि चंदवारा प्रखंड अंतर्गत बेंदी निवासी सरजू आगेरी की शादी 2015 में हेमा देवी नामक एक महिला के साथ हुई थी, जिससे उसे 2 बच्चे भी हैं। दो बच्चे के पिता सरजू अगेरी अपने घर परिवार से चोरी-छिपे चंदवारा प्रखंड के ही पिपराही निवासी एक दूसरी शादी शुदा महिला के साथ शादी रचाने के लिए कोर्ट पहुंचा था। जिसकी भनक लगने पर उसकी पहली पत्नी अपने दोनों बच्चे और सास के साथ कोर्ट के पास पहुंची। जहां उसकी सास ने अपने बेटे की जमकर पिटाई करनी शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार लड़का जिस महिला के साथ शादी करने कोर्ट पहुंचा था, उसकी शादी भी कई साल पहले सिंदरी में एक लड़के के साथ हुई थी। मौके पर उस महिला ने बताया कि उसका पहला पति काफी शराब पीता था, जिससे तंग आकर वह इस युवक के साथ शादी करने के लिए राजी हुई थी। उसने बताया कि युवक ने उसे नहीं बताया था कि वह पहले से शादीशुदा है। शादी को लेकर उक्त महिला के साथ उसकी मां भी कोर्ट पहुंची थी। वहीं दूसरी महिला के साथ शादी रचाने कोर्ट पहुंचने के दौरान उक्त युवक को दूसरी पत्नी के वहां पहुंचने की सूचना मिल गई थी। इसे लेकर उसने आनन-फानन में शादी रचाने को लेकर जिस महिला के साथ कोर्ट पहुंचा था, उसके मांग में सिंदूर डाल दिया।

# भंडरा में खुलेआम हो रही गोवंश की तस्करी

## मुख्य सड़क पर पैदल हांकते हुए निर्दयतापूर्वक ले जाते हैं गोवंशीय पशु

खबर मन्त्र संवाददाता



**भंडरा (लोहरदगा)।** भंडरा प्रखंड क्षेत्र से गोवंशीय पशुओं की तस्करी खुलेआम हो रही है। गोवंश पशु तस्करी पर किसी तरह की धरपकड़ नहीं होने से पशु तस्करों का हौसला बुलंद है। पशु तस्कर इतना निर्भीक हो गये हैं कि मुख्य सड़क से भी गोवंशीय पशु को पैदल हांकते हुए निर्दयता पूर्वक ले जाते हैं।इस क्षेत्र में हो रहे गोवंश पशु तस्करी पर किसी तरह का कोई अंकुश नहीं है। पशु तस्कर बेखौफ होकर खुलेआम पशु की तस्करी में लगे हुए हैं। लगता है कि उन्हें प्रशासन से कोई डर नहीं रह गया है। गोवंश पशु तस्करी के क्रम में पशु तस्कर रास्ते में रेकी करते हुए भी देखे जा सकते हैं। पशु तस्करी का क्रम रोजाना जारी है। स्थानीय लोगों की मानें, तो प्रतिदिन सैकड़ों पशु भंडरा थाना क्षेत्र से तस्करी कर ले जाये जा रहे है। लोहरदगा जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में पशु तस्करों पर निगाह रखी जा रही है, जबकि भंडरा में ऐसा नहीं लगता है। पशु तस्कर बेखौफ हो कर भंडरा थाना क्षेत्र से गोवंशीय पशुओं की तस्करी कर रहे हैं। पशु तस्कर गुमला जिला के बॉर्डर क्षेत्र से पशु तस्करी कर भंडरा थाना क्षेत्र होते हुए नरकोपी, मांडर, चान्हो थाना क्षेत्र की तरफ ले जाते हैं। गोवंश के पशु तस्करी पर पुलिस प्रशासन द्वारा किसी तरह का अंकुश नहीं लगाये जाने के कारण तस्करी का यह धंधा दिनोंदिन बढ़ते चला जा रहा है। इस संबंध में प्रदेश विश्व हिंदू परिषद के मार्गदर्शक मंडल के प्रांत संयोजक गोस्वामी हुमन दास का कहना है कि गोहत्या एवं गोतस्करी पर झारखंड सरकार कानून बनाकर पूर्ण पाबंदी लगा चुकी है। फिर भी गोतस्करी एवं गोहत्या पर रोक नहीं लगाया जाना कानून का खुल्लम खुल्ला मजाक उड़ाना है। इस मामले पर कानून की पालन करवाने वाले पद पर आसीन सभी पदाधिकारी समान रूप से जिम्मेदार हैं। गोतस्करी एवं गोहत्या से एक धर्म विशेष की आस्था का संबंध है।

### दस ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन युवक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के गिद्धौर पुलिस ने 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान कटकमसांडी थाना क्षेत्र के रोमी गांव निवासी मोहम्मद तालिब पिता मुस्लिम खान, मोहम्मद असलम पिता अजीमुद्दीन और गिद्धौर थाना क्षेत्र के रविंद्र कुमार यादव पिता लालजी यादव के रूप में हुई है। प्रशिक्षु डीएसपी धनंजय राम ने गिद्धौर थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तीनों को गिरफ्तार किया गया हैं। गिरफ्तार युवकों के पास से तीन अलग-अलग प्लास्टिक में 10 ग्राम ब्राउन शुगर के अलावा एक बाइक, एक इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन, दो मोबाइल जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि मसूरिया नीम पेड़ पुलिया के समीप पहले तालिब और असलम की गिरफ्तारी हुई। इसके बाद पूछताछ के क्रम में दोनो ने रविंद्र का नाम बताया। इसके बाद उसके घर से ब्राउन शुगर के साथ उसे पकड़ा गया। इस संबंध में तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# अग्रवाल सम्मेलन ने किया तिरुपति बालाजी के 'अन्न प्रसादम' का आयोजन







प्रसाद ग्रहण करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, आर्शीवाद ग्रहण करते एसएसपी प्रभात कुमार व भक्तों में परोसा गया अन्न प्रसादम।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा शहर के लोगों को दूसरे प्रांतों की संसतियों से परिचित कराने के कार्यक्रम के तहत आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थ तिरूपति बालाजी में मिलनेवाले 'अन्न प्रसादम' का आयोजन किया गया। राम मंदिर, बिष्टुपुर के कल्याण मंडपम में पहले तिरूपति बालाजी के विग्रह की पूजा-अर्चना एवं आरती हुई। पूजा पाठ श्रीराम मंदिर के विद्वान पंडितों की टीम द्वारा संपादित हुआ। अन्न प्रसादम की तैयारी तिरूपति से पधारे रसोइयों की टीम द्वारा किया गया। तिरुपति बालाजी का भव्य एवं आकर्षक दरबार की शोभा देखते ही बन रही थी।

**क्या बना अन्न प्रसादम में :** सादा चावल, लेमन राईस, कर्ड राईस, सांबर, रसम, सब्जी - कलागयाकुरा, अदरक चटनी, मीठा - केसरी एवं चक्र पोंगल, छाछ और अपलम पापड़

**वेंकटेश्वर स्वामी की हुई अर्चना :** आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमला पर्वत पर स्थित बालाजी मंदिर भारत के मुख्य तीर्थ स्थलों में से एक है। तिरुपति बालाजी का वास्तविक नाम श्री वेंकटेश्वर स्वामी है जो स्वयं भगवान विष्णु हैं। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, भगवान श्री वेंकटेश्वर अपनी पत्नी पद्मावती के साथ तिरुमला में निवास करते हैं। यह मंदिर भारतीय वास्तु कला और शिल्प कला का उत्कृष्ट उदाहरण है।

**तिरुपति जी के यहां मिलने वाले अन्न प्रसादम का मिला टेस्ट :** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि तिरूपति से टीम बुलाने का मकसद यह सुनिश्चित करना था कि सारे व्यंजनों का जायका पूरी तरह से आंध्र में मिलनेवाले व्यंजनों के अनुरूप हो। इस आयोजन का मकसद शहर के लोगों को दूसरे राज्यों के खान पान की शैली और संस्कृति से परिचित कराना था। उन्होंने कहा की इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जाते रहेंगे।

**पेरूमल स्टोन का रहा आकर्षण :** तिरुपति बालाजी मंदिर में हुंडी के समीप एक पेरुमल पत्थर(मनोकामना पत्थर) स्थापित है। मान्यता है कि भक्तगण इस पत्थर पर अंगुलियों से अपनी जो मनोकामनाएं लिखते हैं, वह पत्र के रुप में सीधे बालाजी तक पहुंचती है और स्वीकार होती हैं। उसी पेरुमल स्टोन का प्रतीकात्मक विग्रह स्थापित किया गया। अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष संदीप मुरारका ने कहा कि भूदेवी एवं श्रीदेवी संग तिरुपति बालाजी जमशेदपुर का कल्याण करेंगे।

**पुरोहितों ने की अर्चना :** वेंकट कोंडमा आचार्या सहित विजय राघवन, पट्टाभी, रामू इत्यादि आठ दक्षिण भारतीय आचार्यों ने वेद पाठ व अर्चना की। भक्तों को कपूर की माला पहनाई गई और तुलसी कपूर युक्त चरणामृत प्रदान किया।

**पुलिस अधीक्षक पहुंचे बाईक से :** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार बिना किसी बडीगार्ड के अकेले हेलमेट लगाकर बाईक चलाकर आये और आम आदमी की तरह भक्तों की पंक्ति में बैठकर प्रसाद प्राप्त किये।

**मुख्य यजमान व संयोजक :** शहर के जाने माने उद्यमी विजय प्रीति मित्तल आयोजन के प्रायोजक थे एवं सुनील जवानपुरिया मुख्य संयोजक की भूमिका में रहे। साथ ही अध्यक्ष संदीप मुरारका और महासचिव अभिषेक अग्रवाल गोल्डी के कुशल मार्ग दर्शन में कार्यक्रम अविस्मरणीय बन गया।

**मुख्य रुप से हुये शामिल :** कैबिनेट मंत्री अर्जुन मुंडा, मीरा मुंडा, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू , जुस्को वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन यादव, उद्योगपति रमेश अग्रवाल, एसिया के अध्यक्ष संतोष खेतान, इंदर अग्रवाल, अरुण बाकरेवाल, सांवरलाल शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल, व्ही डी गोपाल ष्णा, दुर्गा राव, जम्मी भास्कर, उदित अग्रवाल, राजस्थान सेवा सदन के अध्यक्ष दिलीप गोयल, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष अरुण गुप्ता, समाजसेवी अशोक चौधरी, अरुण बाकरेवाल, ओम प्रकाश रिंगसिया, सुरेश सोंथालिया, चौंबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, विजय अग्रवाल, ओम प्रकाश रिंगसिया, मरुधर के संपादक महेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संजय देबुका, रामष्ण चौधरी, कमल अग्रवाल के पी, नवीन पोद्दार, आनंद दोदराजका, महेश सोंथालिया, निर्मल काबरा, महावीर अग्रवाल, बालमुकुंद गोयल।

**इन कार्यकर्ताओं का रहा योगदान :** कमल किशोर अग्रवाल, पीयूष गोयल, सुरेश शर्मा लिपु, रोहित अग्रवाल, महेश भाउका, गौरव अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, मनोज गोयल, संजय अग्रवाल, नवल किशोर अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, राहुल चौधरी, मयूर संघी, अनिल चौधरी, आकाश शाह, लालचंद अग्रवाल, बलराम अग्रवाल, निर्मल पटवारी, अंकुश जवानपुरिया,ऋषभ चेतानी, पंकज मूनका।

**महिलाएं भी रही सक्रिय :** उषा चौधरी, रजनी बंसल, कविता अग्रवाल, संगीता मित्तल, नमिता मित्तल, वीणा खीरवाल, अन्नू संघी, अंकिता लोधा, नेहा अग्रवाल, नेहा चौधरी, सपना भाऊका, ममता मूनका , सरिता अग्रवाल, सविता मुरारका, रितु रूंगटा।

## हिंदूवादी नेताओं के रिहाई के लिए भाजपा का डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन आज

**जमशेदपुर।** कदमा के शास्त्रीनगर क्षेत्र में पिछले महीने हुए उपद्रव मामले में प्रशासन द्वारा निर्दोष भाजपा नेताओं एवं हिंदूवादी नेताओं पर बिना जांच पड़ताल किये दर्जनों गलत धाराओं को जोड़कर गिरफ्तार करने और जेल भेजे जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी सोमवार को जिला उपायुक्त कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेगी। भाजपा झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में होने वाले प्रदर्शन की शुरुआत सुबह 10 बजे होगी। धरना-प्रदर्शन की सफलता के निमित्त भाजपा व्यापक तैयारी कर रही है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में होने वाले प्रदर्शन में भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ड दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिप सदस्य समेत प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विभिन्न प्रकोष्ठ के संयोजक, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं विभिन्न मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में महानगर अंतर्गत 28 मंडलों के कार्यकर्तागण के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होंगे। रविवार शाम तक पार्टी की ओर से उपायुक्त कार्यालय के समक्ष टेंट निर्माण एवं कार्यकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था बनाई गई। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, भाजपा जिला पदाधिकारी व मोर्चा जिलाध्यक्षों ने विभिन्न स्तरों पर तैयारी का जायजा लिया एवं तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

धरना-प्रदर्शन के संदर्भ में जानकारी देते हुए भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया कि सोमवार को प्रस्तावित धरना- प्रदर्शन को लेकर पार्टी की ओर से सभी तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। कदमा उपद्रव मामले में सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन के एकपक्षीय और विद्वेषपूर्ण भावना से ग्रसित होकर कार्रवाई करने के विरोध में पार्टी अपने नेताओं के साथ पहले दिन से खड़ी है।

# खालसाई जाहो जलाल ...के साथ निकला दिल्ली फतेह मार्च

## नन्हे घुड़सवार, बुलेट राइडर रहे फतेह मार्च के आकर्षण





जुलूस में सिख समाज का अभिवादन करते समाजसेवी अमरप्रीत काले व शिवशंकर सिंह, जुलूस में शामिल एसडीओ पियूष सिन्हा।



जुलूस में गतका प्रदर्शित करती लड़कियां।



जुलूस की अगुवाई करते पंच प्यारे।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्री गुरु ग्रंथ साहब जी महाराज की अगुवाई, पांच प्यारों के छत्रछाया और सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में दिल्ली खालसा फतेह मार्च लौहनगरी में निकला। जिसका आकर्षण बुलेट राइडर एवं नन्हें घुड़सवार रहे। फूलों से सजी पालकी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की गरिमामय उपस्थिति में पांच प्यारे शोभायमान थे। इनके आगे संस्था सिख जागृति मंच द्वारा फूलों की बारिश की जा रही थी।

इससे पहले टीनप्लेट गुरद्वारा में आयोजित समारोह में तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव सरदार इंदरजीत सिंह, झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार शैलेंद्र सिंह, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह, टाटा मोटर्स यूनियन अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह तोते, संरक्षक गुरदीप सिंह पप्पू, ड हरप्रीत सिंह ड जसपाल कौर, कांग्रेस नेता सुखदेव सिंह मल्ली यूनियन नेता परविंदर सिंह सोहेल, एवं कई गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान एवं सेंट्रल गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों को सिरोपा देकर कमेटी की ओर से सरदार बलवंत सिंह शेरों, सरदार गुरुचरण सिंह बिल्ला ने सम्मानित किया और इसका संचालन प्रधान सुरजीत सिंह खुशीपुर कर रहे थे। यहां अरदास के उपरांत पालकी साहब साकची के लिए रवाना हुई। यहां एसएसपी प्रभात कुमार ने भी श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष नतमस्तक हुए और सिंहभूम जिला में अमन शांति सद्भावना एवं तरक्की की कामना की। नगर कीर्तन फतेह मार्च में कंट्रोलिंग की सेवा सिख नौजवान सभा के सतबीर सिंह गोल्डू एवं उनके साथ ही कर रहे थे। फतेह मार्च में संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले सहित विभिन्न दलों के सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। साकची गुरुद्वारा में समापन के उपरांत संगत ने अटूट लंगर ग्रहण किया, जिसकी व्यवस्था सीजीपीसी की ओर से की गई। फतेह मार्च के मार्ग में रामगढ़िया सभा एवं अन्य कई संस्थाओं द्वारा संगत के लिए चाय पानी नाश्ता का प्रबंध किया गया। इसके सफल संचालन में सरदार अमरजीत सिंह, सरदार जोगा सिंह, सरदार गुरनाम सिंह हरजिंदर सिंह जसवंत सिंह , सुखवंत सिंह, अमरजीत सिंह भामरा, ज्ञानी कुलदीप सिंह, कुलविंदर सिंह, कुलविंदर सिंह पन्नू आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# ह्यूमन वेलफेयर के ट्रस्टी आसिफ महमूद ने एमजीएम में बांटा भोजन

## अहसीन इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल अर्चना दिवेदी ने अपने हाथों से बाटा भोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं अहसीन इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर आसिफ महमूद और प्रिंसिपल डा अर्चना द्विवेदी ने संयुक्त रुप से ने स्कूल के गर्मियों की छुट्टी से पहले अंतिम दिन एमजीएम अस्पताल में रह रहे 500 से अधिक मरीज के अभिभावक,रिश्तेदार,अटेंडर एवं छोटे बच्चों के बीच वेज पुलाओ,पावरोटी केला और मिनरल वाटर अपने हाथों से बांटा।

मौके पर अर्चना दिवेदी ने कहा कि ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से पिछले दिनों गरीब रिक्शा चालक जो के भाड़े पे रिक्शा चलाते थे उन्हे रिक्शा का मालिक बना कर संस्था ने जो कार्य किया उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाय वह कम है। उन्होंने कहा के इस तरह के आयोजन से बेसहारा गरीब लोगों को रोजगार से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया है। कार्यक्रम के दौरान प्रिंसिपल अर्चना दिवेदी ने कहा कि मैं अहसीन इंटरनेशनल स्कूल एवम ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के साथ हमेशा ही जुड़ी रहूंगी। भोजन वितरण के बाद ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने एक गरीब मरीज की आर्थिक सहायता भी की।आज के इस कार्यक्रम में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर,नौजवान समाजसेवी तबरेज आलम,मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान,हिंद आईटीआई के डायरेक्टर ताहिर हुसैन,आजादनगर थाना शांति समिति के सक्रिय सदस्य मोइनुद्दीन अंसारी,ट्रस्ट के शहीद परवेज,मोहम्मद शेरू भी उपस्थित थे।



अस्पताल परिसर में भोजन बांटती डा अर्चना द्विवेदी।

## एक नजर में

### नगर कीर्तन में सिख नौजवान सभा ने संभाली ट्राफिक व्यवस्था

**जमशेदपुर।** खालसा दिल्ली फतेह दिवस में टिनप्लेट गुरुद्वारा साहिब से निकले नगर कीर्तन में सेंट्रल सिख नौजवान सभा के प्रधान सतवीर सिंह गोलडू, महासचिव जितेंद्र सिंह,कंट्रोलर हरविंदर सिंह,इंदरजीत सिंह,बलजीत सिंह,सत्प्रीत सिंह, संतोख सिंह,गुरबचन सिंह ,कमलजीत सिंह आदि ट्रैफिक सेवा सहित जल की सेवा में सक्रिय रहे।

### टैगोर की स्मृति में नारायण आईटी आई, चांडिल में मेडिकल कैप लगा

**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत लुपुंगडीह गांव में स्थित नारायण आई टी आई शिक्षा संस्थान में नोबेल पुरस्कार विजेता साहित्यकार विन्द्र नाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर शिक्षा संस्थान की ओर नेत्र शिविर,सुगर ,ब्लड प्रेशर जांच शिविर लगाया गया। एएसजी जमशेदपुर के मेडिकल कर्मी ने आंख जांच की गई। लगभग गांव के लगभग 50महिला,पुरूष,बालक, बालिका की जांच शिविर संपन्न हुआ। चेयरमैन डा जटाशंकर पांडेय ने बताया कि कि समाज के हित में संस्थान की ओर से इस तरह के कार्यक्रम गांव होते रहते हैं। शिक्षा और सुरक्षा,को लेकर हमेशा कैंप लगाया जाता है। शांति राम महतो,पवन कुमार, आदि लोग उपस्थित थे। ए एस जी आइ होस्टपीटल के श्याम बिहारी शर्मा,नजमुल हसन,आंनद मिश्रा, संजय कुमार, ने शिविर में सेवा। 10 मरीज को आंख का आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। रविन्द्र नाथ टैगोर का जन्म गांव ठाकुर बाड़ी कलकत्ता में हुई जबकि मृत्यु जोरासांको 7.8.1941 में। इस अवसर पर नारायण आई टी आई शिक्षा प्रेमी सह कर्मी जगदीप पांडे,हरिनारण साव, ष्ण चंद्र महतो,अजय कुमार मंडल,देव ष्ण महतो,निमाइ मंडल आदि उपस्थित थे।

### आर वी एस अकादमी में मर्दस डे संपन्न

**जमशेदपुर।** डिमना रोड स्थित आरवीएस अकादमी में मां और बच्चे की अनुपम स्नेह का प्रतीक मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधक बिंदा सिंह जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया तो पूरा सभागार गणेश वंदना से भावमय हो उठा । इस अवसर पर उन्होंने स्वयं अपनी माता के प्रति आदर भाव समर्पित करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं को हार्दिक बधाई दी और अत्यंत गद-गद स्वर में अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की । मां और बच्चे का रिश्ता बेहद खास होता है ।एक दूसरे के प्रति प्रेम व समर्पण भाव से ओतप्रोत कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । जिसमें कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी एवं कक्षा एक के विद्यार्थियों एवं माताओं ने अपनी भागीदारी निभाई । जहां अनस्टेज में रैम्प वक,पेयर डांस और सोलो सन्ग में धूम मचाया। वहीं माताओं ने अफस्टेज मेकिंग योर चाइल्ड गैलरी, कुकिंग विदाउट फायर एवं रंगोली मेकिंग में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, जिनसे मौज मस्ती के आनंद के साथ साथ प्रतिभा प्रदर्शन का भी रोमांच भरा वातावरण बना रहा ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य विशा महिंद्रा, उप प्रधानाचार्य अनीता तिवारी एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विशा महिंद्रा ने , प्रधानाचार्य के साथ-साथ एक मां की भावनाओं को भी अत्यंत भावपूर्ण शब्दों में अभिव्यक्त करते हुए सभी माताओं का उत्साहवर्धन किया और अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### मारवाड़ी युवा मंच ने कदमा लिंक रोड में लगाया हेल्थ कैंप

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा टाटानगर' अपने 19वी स्थापना वर्ष के अवसर पर सामाजिक दायित्व को निभाते हुए 07 मई 2023 को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कदमा सोनारी लिंक रोड मे किया गया। शिविर में 165 लोगों का निशुल्क वजन, रक्तचाप, मधुमेह की जांच की गई एवम लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की भी सलाह दी गई। यह कैंप मेडिसिन हाउस ( आलोक अग्रवाल) के सौजन्य से किया गया। आज के कैंप को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष मोहित मूनका, सचिव सौरव सोनथालिया, संयोजक आलोक अग्रवाल, पंकज अगीवाल,अंकित बजाज,मुकेश अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों का योगदान रहा।

### मिलानी हॉल में न्यू वेलकम ग्रुप का एग्जिविशन कम सेल शुरु

**जमशेदपुर।** आज मिलानी हॉल, बिष्टुपुर में दिन के 11.30 बजे से न्यू वेलकम ग्रुप के द्वारा लगाया गया सेल्स कम एक्सभीसिशन का उद्घघाटन समाज सेविका श्रीमती अनुपमा सिन्हा के द्वारा किया गया। एग्जिविशन में आये लोगों ने जम कर खरीदारी की । यहाँ सारी , कुरती, बैग, सूट, ज्वेलरी , बच्चों का खिलौना आदि प्रदर्शित की गई है और आगंतुक उचित दाम पर यहां खरीददारी कर सकते हैं। यह एग्जिविशन 7 मई से 9 मई तक चलेगी । न्यू वेलकम ग्रुप की संस्थापक नूतन झा पिछले 4 वर्षों से इस तरह की कार्यकर्मों का आयोजन करती आ रही है । इनका संदेश अधिक से अधिक महिलाओं को सशखघ्त करवाना है जिससे उनकी एक समाज में अपनी पहचान बने । इस कार्यक्रम में सम्मिलित ग्रुप मेंबर्स में वीणा जी , ऋण जी , सुधा जी , सीमा जी, अमृता जी , सुरभि जी, अनामिका जी , एकता जी , मधु जी, खुशबू जी, आरती जी साथ ही साथ और भी अन्य महिलाओं का भी भरपूर योगदान है।


### शपथ पत्र

मैं नविन कुमार पांडेय पिता रमेश पांडेय निवासी ग्राम – गोसांग, पोस्ट – कुशहा, थाना– कांडी, जिला –गढ़वा झारखंड शपथ पूर्वक बयान देता हूं।
1. यह कि उपरोक्त पत्ते का स्थाई निवासी हूँ। 2. यह कि अंजली पांडेय (ANJALI PANDE ) मेरी पुत्री है। 3. यह कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड संख्या 3639 2591 6449 में नाम (JANU PANDE) एवं जन्म तिथि वर्ष 2008 दर्ज है जो गलत है। 4. यह कि मेरी पुत्री का स्कूल नामांकन पंजी में नाम अंजली पांडेय (ANJALI PANDE ) एवं जन्म तिथि 20/03/2009 है जो सही है। 5. यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम अंजली पांडेय एवं वास्तविक जन्म तिथि 20/03/2009 है। 6. यह शपथ पत्र मैं मेरी पुत्री का आधार कार्ड में दर्ज गलत नाम एवं जन्म तिथि सुधार कर वास्तविक नाम एवं जन्म तिथि दर्ज कराने के निमित्त निष्पादित कर रहा हूं। 7. उपरोक्त सभी बयान मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है। आज दिनांक 26/04/2023 ई को लेख्य प्रमाणक, खूंटी के समक्ष उपस्थित होकर उपरोक्त बयानों की पुष्टि मेरे हस्ताक्षर बना कर की गई।

नवीन कुमार पांडेय (शपथकर्ता)
क्रम संख्या 1055,
दिनांक 26 .04 .2023

### कोर्ट नोटिस

न्यायालयः सिविल जज (वरीय कोटि) संख्या- 1, धनबाद

सक्सेशन सर्टिफिकेट केस नं.- 75/2022

अनिरुद्ध गोस्वामी.................. वादी

बनाम्

जेनरल पब्लिक................. प्रतिवादी

इस प्रकाशन के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वादी अनिरुद्ध गोस्वामी, पिता- स्व. हरगोविंद गोसाई के द्वारा इस न्यायालय में उपरोक्त केस दर्ज किया है। जिसमें वादी के पिता स्व. हरगोविंद गोसाई के खाता सं.- 47401010003967 बैंक ऑफ इंडिया, तेलमोचो शाखा में एमआईएस 50,00,000/- (पांच लाख रुपये) एवं बचत खाता में 4,96,000/- (चार लाख छियानबे हजार रुपये) रखा है। की प्राप्ति के लिए न्यायालय में उत्तराधिकारी सर्टिफिकेट (Succession Certificate) के लिए आवेदन दिया है। अतः आप सभी ग्राम- कल्याणपुर, पो.- रामनगरगढ़, थाना महुदा, जिला- धनबाद के निवासी को सूचित किया जाता है कि अगर इस पर किसी को आपत्ति है तो दिनांक 20.5.23 को सुबह 7.30 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उचित पैरवी करें अन्यथा उपरोक्त केस की कार्यवाही कर आवश्यक आदेश पाति कर दिया जायेगा। यह प्रकाशनार्थ मेरे न्यायालय के मुहर एवं हस्ताक्षर द्वारा आज दिनांक 26.4.23 को निर्गत किया जाता है।

सिविल जज (वरीय कोटि)-1 धनबाद।

# बिहार पर एनजीटी ने ठोंका चार हजार करोड़ का जुर्माना

## भाजपा बोली, सरकार ने राज्य को रसातल में पहुंचा दिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** एनजीटी यानि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने बिहार सरकार पर चार हजार करोड़ रुपये का जुर्माना ठोंका है। उससे बिहार सरकार की जमकर किरकिरी हो रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी ने कही कि ये बिहार के सरकार के लिए शर्मनाक है। विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी ने बिहार सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कचरा प्रबंधन में नकारा बिहार सरकार पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने 4 हजार करोड़ का जुमार्ना लगाया है। उन्होंने बिहार सरकार के लिए शर्मनाक बताया है। सम्राट चौधरी ने यह भी कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के भरपूर सहयोग और पहल के बावजूद बिहार में कचरा प्रबंधन नहीं हो पा रहा है।



**'बिहार को रसातल में पहुंचा दिए हैं' :** सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार पर 11.74 लाख मीट्रिक टन से अधिक पुराने कचरे के साथ प्रति दिन उत्पन्न होने वाले 4,072 मीट्रिक टन अशोधित शहरी कचरे के प्रबंधन का बोझ है। राज्य में तरल अपशिष्ट उत्पादन और उपचार में 2,193 मिलियन लीटर प्रति दिन का अंतर है। उन्होंने कहा कि कुर्सी के जोड़तोड़ में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार को रसातल में पहुंचा दिए हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार के नगर विकास विभाग के मंत्री रहने के दौरान मैंने 2014 में 110 मैट्रिक टन ठोस कचरा प्रबंधन की स्वीकृति दी थी। मगर नीतीश कुमार की सरकार नकारा बनी बैठी रही। अवशिष्ट व ठोस कचरा प्रबंधन के लिए प्रधानमंत्री की पहल पर भारत सरकार हर स्तर पर सहयोग कर रही है। मगर राज्य सरकार की लापरवाही व कुप्रबंधन की वजह ऐसी स्थिति पैदा हुई है।

उन्होंने कहा कि एनजीटी की पीठ ने सुझाव पर उपयुक्त जगहों पर खाद बनाने में गीले-कचरे का इस्तेमाल करने के लिए बेहतर विकल्पों का पता लगाया जाना चाहिए। परन्तु सरकार अब तक कोई पहल नहीं कर पाई है। बिहार सरकार पूरी तरह से लकवाग्रस्त हो गई है।

**रिंग-फेंस खाते में जुमार्ना राशि जमा करने का निदेर्श:** एनजीटी ने ठोस और तरल कचरे का वैज्ञानिक रूप से प्रबंधन करने में नाकाम रहने के लिए ही बिहार पर 4000 करोड़ रुपये का पर्यावरणीय जुमार्ना लगाया है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए के गोयल की पीठ ने निर्देश दिया कि जुमार्ने की राशि दो महीने के भीतर 'रिंग-फेंस खाते' में जमा कराई जाए और मुख्य सचिव के निदेर्शों के अनुसार इसका इस्तेमाल राज्य में सिर्फ अपशिष्ट प्रबंधन के लिए किया जाए। रिंग-फेंस खाते में जमा राशि के एक हिस्से को विशिष्ट उद्देश्य के लिए आरक्षित रखा जाता है।

एक नजर में

### कोल वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को कुचला, मौत

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के मुरवे स्थित ईश्वर दयाल सिंह पेट्रोल पंप के समीप शनिवार की रात कोल वाहन ने एक मोटरसाइकिल सवार युवक को रौंद डाला जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मोटरसाइकिल सवार युवक कोरी गांव निवासी रंजीत भुइयां है। घटना की सूचना मिलते ही सिमरिया पुलिस का एक दल मौके पर पहुंचा और शव को कब्जे में करते हुए अंत्य परीक्षण के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने निवास स्थान से किसी विशेष कार्य से अपने बहन के घर टंडवा थाना क्षेत्र के रोल बैदबिगहा गांव जा रहा था। पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक कोल वाहन ने उसे सामने से रौंद डाला और फरार हो गया। युवक की इस प्रकार की मौत से उसके परिजन और गांव के लोग आक्रोशित हैं और वाहन को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है अन्यथा सड़क पर उतर कर आंदोलन की चेतावनी दी है। गौरतलब है कि इन दिनों टंडवा सिमरिया पथ पर अंधाधुंध कोयला वाहनों का परिचालन जारी है जिससे आए दिन छोटी बड़ी दुर्घटनाएं घट रही। लगातार दुर्घटनाओं के बावजूद कोल वाहनों को नियंत्रित करने के कोई उपाय नहीं किए जा रहे हैं।

लालू यादव को अश्विनी चौबे की चुनौती

## हिम्मत है तो बागेश्वर बाबा को जेल में डाल कर दिखाये

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** राजधानी के नौबतपुर स्थित तरेतपाल में बागेश्वर बाबा का 13 मई को कथावाचन शुरू हो रहा है। वे बिहार की धरती पर पहली बार आ रहे हैं, किंतु उनके आने से पहले ही बिहार की सियासत में भूचाल आई हुई है। भाजपा और राजद के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज हो चुकी है। इसी क्रम में रविवार को बक्सर आए केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने इस मामले को लेकर राजद पर खूब हमला किया। अश्विनी चौबे ने राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह को चेतावनी के लहजे में कहा कि जगदबाबू दिमाग ठीक रखिएगा, नहीं तो इतना हूल बहेगा कि आपलोग कहां रहिएगा पता नहीं चलेगा। हनुमानजी को छेड़िए मत। वहीं तमिलनाडु के पूर्व डीजीपी के राजद में शामिल होने पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि इनकी जांच होनी चाहिए। जो आईएस या आईपीएस हैं उनकी जांच होनी चाहिए क्या घालमेल किये हैं।

बागेश्वर बाबा को जेल में बंद करने, कार्यक्रम रद्द करने को लेकर राजद नेता बयान दे रहे हैं तो वहीं भाजपा नेता बागेश्वर बाबा के समर्थन में खड़े हैं। शनिवार को बक्सर पहुंचे केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधा। अश्विनी चौबे ने लालू प्रसाद यादव का नाम लेते हुए चुनौती दी कि अगर हिम्मत



है तो बगेश्वरधाम बाबा को जेल में डालकर देखें। 'बागेश्वर बाबा को रोकोगे तो आंधी में नेपाल के खाड़ी में चले जाएंगे' अश्वनी चौबे बोले-'बाबा हनुमान के भक्त हैं' लुटेरे, दुराचारी, आतंकवादी बाहर रहेंगे और जो सनातन संस्कृति को बचा रहे हैं, उसका प्रचार और प्रसार कर रहे हैं वे जेल में रहेंगे? हिम्मत है तो जेल में डालें।

इनलोगों को रावण से सिख लेनी चाहिए। रावण हनुमानजी को बंद करना चाहा, उनके पूंछ में आग लगायी, क्या हुआ। लंका का विनाश हो गया। इसी तरह इनका भी विनाश हो जाएगा। बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम को लेकर बिहार का राजनीतक पारा चढ़ा हुआ है। तेज प्रताप ने खुली चुनौती दी थी कि बागेश्वर बाबा को एयरपोर्ट से लौटा देंगे।

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष नेता जगदानंद सिंह ने 28 अप्रैल को कहा था कि बाबा बागेश्वर जैसे संत को जेल में होना रहना चाहिए। 3 मई को पप्पू यादव ने बागेश्वर बाबा की तुलना राम रहीम और आसाराम बापू से की थी। पप्पू यादव ने कहा था कि ऐसे बाबा पर बैन लगा देना चाहिए।

## जातीय जनगणना का प्रयास जारी रखेंगे : तेजस्वी

### 9 को जो फैसला आयेगा, उसके आधार पर नीति तय करेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** बिहार में जातीय जनगणना पर रोक के बाद हाईकोर्ट में 9 मई को सुनवाई होगी। बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग इसको लेकर लगातार प्रयास कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। कोर्ट की ओर से भी जबाव मांगा जा रहा है, सरकार उसे देने का काम कर रही है। माहागठबंधन के नेता लगातार इसको लेकर बीजेपी पर निशाना साध रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बीजेपी भी नीतीश सरकार दो गलत बता रही है। पटना हाईकोर्ट अब इस मामले में 9 मई को सुनवाई करेगी। रविवार को जातीय गणना को लेकर उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बयान दिया है। कहा कि इसको लेकर कोर्ट में मामला चल रहा है। इसको लेकर सरकार को जो काम करना था कर रही। कोर्ट जो जवाब मांग रहा है, सरकार उसे दे रही है। 9 मई को सुनवाई होगी। कोर्ट का निर्णय जो आए उसके बाद ही कुछ कहेंगे। फिलहाल जातीय गणना बिहार में हो इसको लेकर जो प्रयास कर रहे हैं और करेंगे। तेजस्वी यादव कहा कोर्ट से क्या आदेश आता है, इसके बाद ही कुछ तय किया जाएगा। कोर्ट की ओर से जो सवाल किया जा रहा है, सरकार उसका जबाव दे रही है।




**नवीन पटनायक को लेकर क्या बोले :** देश भर में विपक्षी एकता को लेकर नीतीश कुमार जल्द ही नवीन पटनायक से मिलेंगे। इसको लेकर भी तेजस्वी यादव ने कहा कि देश में विपक्षी एकता जरूरी है। इसको लेकर मुख्यमंत्री जी काम कर रहे हैं। नवीन पटनायक जी से मिलना है, उनसे क्या बात हुई ये सब आपलोगों को बता दिया जाएगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या आप भी नीतीश जी के साथ नवीन पटनायक से मिलने जाएंगे?

उसपर उन्होंने चुप्पी साधी, लेकिन इतना जरूर कहा की विपक्षी एकता को लेकर जो काम मुख्यमंत्री जी कर रहे है, राजद पूरी तरह से साथ है। हमलोग चाहते हैं कि बिहार से को विपक्षी एकता की शुरूआत हुई है, इसका संदेश पूरे देश में गया है।

### टेंपो पलटने से आठ गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-केतार मुख्य पथ के सिंघीताली तिकोनिया मोड़ के समीप रविवार को एक पालतू जानवर को बचाने के क्रम में टेंपो पलट गई। जिससे उस पर सवार आठ लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को ग्रामीण रविरंजन चौबे व मनीष चौबे ने भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय दल बल के साथ घटनास्थल पहुँच कर टेंपो को जप्त करते हुए थाना लाया। जबकि चालक फरार है। टेंपो पर सवार लोग केतार से शादी समारोह से वापस हो रहे थे। घायलों में ओमप्रकाश गुप्ता चपरी, संगीता देवी पति उपेंद्र पाल, शुभम कुमार, राहुल कुमार, संगीता देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी का नाम शामिल है। गम्भीर रूप से घायल सुनीता देवी को गढ़वा रेफर किया गया है।



फोटो घायल

### जेबीएनएल ने कोडरमा में 775 उपभोक्ताओं का डीपीएस किया मांफ

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झारखंड ऊर्जा विकास बिजली वितरण निगम लिमिटेड के तत्वाधान में वन टाइम सेटेलमेंट स्कीम के तहत अप्रैल माह में जिला में 775 उपभोक्ताओं का डीपीएस माफ किया गया। इन उपभोक्ताओं पर एक करोड़ 35 लाख 67 हजार रूपये का बकाया था। जिस पर 5 लाख 73 हजार 3 सौ रुपया रूपये का शुद्ध व्याज माफ किया गया। कोडरमा के विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यह स्कीम 30 जून तक चलेगी। विभिन्न पंचायतों में इसके लिए अलग-अलग तिथियों में शिविर लगाया जाएगा। दिसंबर 2022 तक के बकायेदारों को माफी का लाभ मिल सकेगा।

## नयी शिक्षक नियमावली पर गतिरोध खत्म हो

### वाम दलों के नेता जदयू, राजद और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से मिले

खबर मन्त्र ब्यूरो

पटना। बिहार में नई शिक्षक नियमावली 2023 को लेकर नियोजित शिक्षकों और शिक्षक अभ्यर्थियों का विरोध जारी है। प्रदेश के तीनों वाम दलों के प्रतिनिधियों ने नई शिक्षक नियमावली से जुड़ी आपत्तियों को लेकर रविवार को कांग्रेस आरजेडी और जदयू के प्रदेश अध्यक्षों से मुलाकात की और शिक्षकों पर थोपी जा रही परीक्षा की शर्त को खत्म करने की बात कही।
प्रदेश के तीनों वाम दलों के नाताओं ने कांग्रेस, आरजेडी और जदयू के प्रदेश अध्यक्षों से क्रमशः अखिलेश कुमार सिंह, जगदानंद सिंह और उमेश कुशवाहा से मुलाकात की। मौके पर जदयू के विधान पार्षद और मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार से भी वाम दलों के प्रतिनिधियों ने नई शिक्षक नियमावली की खामियों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

**शिक्षकों पर नहीं थोपी जाए परीक्षा की शर्त :** वाम नेताओं ने कहा कि ऐसे दौर में जब भाजपा की केंद्र सरकार ठेका पर बहाली को बढ़ावा दे रही है और रोजगार के अवसरों को लगातार सीमित कर रही है।

बिहार सरकार की ओर से शिक्षकों को सरकारी कर्मी का दर्जा देने की बात स्वागत के योग्य है। फिर इसके लिए परीक्षा की कोई शर्त नहीं थोपी जानी चाहिए। महागठबंधन के 2020 के घोषणा पत्र के अनुसार सभी शिक्षकों को सरकारी कर्मी का दर्जा मिलना चाहिए।वाम नेताओं ने कांग्रेस और जदयू प्रदेश अध्यक्ष से की बातः इस मामले में वार्ता के जरिए जारी गतिरोध समाप्त किया जाना चाहिए।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह और जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा से मुलाकात के बाद वाम नेताओं ने कहा कि आज ही रविवार को ही इस मुद्दे को लेकर फ्ख़ऊ के नेताओं से भी मुलाकात की जाएगी। वाम नेताओं की टीम में भाकपा-माले के राज्य सचिव कुणाल, वरिष्ठ नेता केडी यादव, सीपीआई के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय और जानकी पासवान तथा सीपीएम के राज्य सचिव मंडल के सदस्य अरुण मिश्रा शामिल रहे।

### ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा आवेदन नक्शा के अनुसार सड़क निर्माण की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा सदर प्रखंड के कामता गांव के ग्रामीणों ने डीसी को आवेदन सौंपकर नक्शा के अनुसार सड़क निर्माण कराने की मांग किया है। साथ ही सड़क निर्माण के ठेकेदार के मुंशी बबलू पांडेय के विरुद्ध धमकी देने की भी शिकायत किया है। सौंपे गए आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम कमता में सिमराहा आहार के समीप पूर्व में सरकारी अमीन ने सड़क की मापी कर रोड के बाद दक्षिण में बांध पर सड़क निर्माण में छह डिसमिल जमीन अधिग्रहण करने की बात कही थी। परंतु तीन मई को की संध्या में ग्रामीणों की अनुपस्थिति में ठेकेदार ने करीब 19 डिसमिल जमीन पर मिट्टी कार्य करा दिया। अगले दिन जब ग्रामीणों ने ठेकेदार के मुंशी बबलू पांडेय से नक्शा के अनुसार काम कराने तथा अधिग्रहित किए गए जमीन पर ही कार्य करने की बात कही तब मुंशी ने धमकी देते हुए वहां से भाग जाने को कहा। नहीं तो ग्रामीणों के ऊपर ही मिट्टी दाल देने की धमकी दी। इस संबंध में ग्रामीणों ने डीसी से स्वयं जांच कर नक्शा के अनुसार कार्य कराने तथा जान माल की सुरक्षा करने की गुहार लगाई है। इसकी प्रतिलिपि एसपी, थाना प्रभारी, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, एसडीओ, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी आदि को दिया है। आवेदन सौंपने वालों में सत्यदेव पांडेय, सुशील कुमार पांडेय, अयोध्या पांडेय आदि का नाम शामिल है।

## बाबा आयें, हमें कोई दिक्कत नहीं, विवाद पैदा ना करें : जदयू

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बागेश्वर सरकार के बिहार में आगमन पर बयानबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। अब जेडीयू विधायक गोपाल मंडल ने बड़ा बयान दिया है। भागलपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक देश है। यहां बाबाओं को घूमने-फिरने का अधिकार है। अगर बागेश्वर बाबा कोई विवादित बयान नहीं देते हैं तो हमें कोई दिक्कत नहीं है। मंत्री तेजप्रताप यादव और प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह समेत आरजेडी के नेता लगातार बयान दे रहे हैं। हालांकि महागठबंधन में सहयोगी जेडीयू के विधायक गोपाल मंडल ने बागेश्वर बाबा के प्रति नरमी दिखाई है। बाबा अगर बिहार को संदेश देने के लिए आ रहे हैं तो यह अच्छी बात है। जेडीयू के बड़बोले विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल से भी सवाल किया गया। इस पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि अपने देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था है। साधु-संतों को घूमने का अधिकार है। अब कोई बाबा को बिहार आने से रोक रहे हैं, कोई आने पर स्वागत कर रहे हैं। दोनों पार्टियों में कोई दमखम दिखाने वाली बात नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार में बाबा का स्वागत है, लेकिन वह आग लगाने वाली कोई बात ना करें। जिससे की जाति धर्म और संप्रदाय के पीछे उन्माद फैले। बागेश्वर सरकार पर बीजेपी और आरजेडी में टकरावः नौबतपुर के तरेतपाली में बागेश्वर शास्त्री का 13 मई को आगमन है। इस बात पर बिहार में राज्यभर में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। जहां एक तरफ आरजेडी की ओर से तेज प्रताप ने खुली चुनौती दी है कि बागेश्वर बाबा को बिहार किसी भी कीमत पर नहीं आने देंगे। उन्हें एयरपोर्ट से ही वापस लौटा दिया जाएगा। जबकि बीजेपी के कई नेताओं ने आरजेडी कार्यकताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि देख लेंगे बागेश्वर बाबा को रोकने वाले को। विधायक गोपाल मंडल ने कहा कि अपना हिंदुस्तान खुद हिंदू राष्ट्र है। इसे हिंदू राष्ट्र बनाने की जरूरत नहीं है। यह देश साधु-संतों का देश है'। एक तरफ जहां आरजेडी के लोग उन्हें मना कर रहे हैं। वह भी गलत है। दूसरी तरफ बीजेपी की ओर से देख लेने वाली बात कह रहे हैं। वह भी गलत है।

### विदाई समारोह का आयोजन



ज्वॉइनिंग लेटर प्रदान करती प्रमुख

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** झगराखाड़ में कल्याण गुरुकुल गढ़वा के बैच नंबर 31 के विदाई समारोह में शनिवार को मुख्य अतिथि के रूप में भवनाथपुर प्रमुख शोभा देवी शामिल हुई। प्रमुख ने विदाई समारोह में कल्याण गुरुकुल के सभी छात्रों को ज्वानिंग लेटर प्रदान किया और सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बैच नंबर 31 बार बेंडर मल्टी स्किल के 20 लड़के विनायक कंस्ट्रक्शन कंपनी सोलापुर महाराष्ट्र में जा रहे हैं। जिसमें इन्हें 18090 रुपया मानदेय मिलेगा। प्राचार्य बृजकिशोर ने जाने वाले बच्चों को अच्छे आचरण और गुरुकुल का नाम बढ़ाने के लिए अवगत कराया। कल्याण गुरुकुल से ज्वाइनिंग लेटर मिलने के बाद सभी बच्चों ने बताया कि हमलोग यहां से महाराष्ट्र के सोलापुर में काम करने जाएंगे। विदाई समारोह में बनसानी पंचायत के मुखिया पति राजेश्वर पासवान, भाजपा नेता निरंजन पाठक, केतार प्रखंड के भूतपूर्व जिला परिषद रामचंद्र गुप्ताा, गुरुकुल स्टाफ ट्रेनर विजय शर्मा, रमेश उरांव, रघुनाथ सिंह, एमी नसरीन बानो आदि लोग उपस्थित थे।

## दुमका जिले में जदयू का सदस्यता अभियान तेज



बैठक को संबोधित करते दुमका प्रभारी कामेश्वर नाथ दास

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जदयू के सदस्यता अभियान को गति देने के लिए रविवार को प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक सह दुमका प्रभारी कामेश्वर नाथ दास रविवार को दुमका पहुंचे। कार्यकताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत नगर के कुम्हारपाड़ा में उदयपुरी में स्थित आवासीय कार्यालय में किया। कार्यक्रम को संबोधित करते प्रदेश उपाध्यक्ष श्री दास ने कहा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विचारों को जन जन तक पहुंचा ज्यादा ज्यादा लोगों को जदयू की सदस्यता दिलाएं। यहां जरूरत महसूस हो तो शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष उदय कुमार सिंह ने करते हुए कहा कि जदयू के विचार से प्रभावित होकर हजारों लोगों ने जदयू की सदस्यता ली है। जिले के कई पंचायतों में लक्ष्य से ज्यादा कार्यकताओं ने सदस्यता ग्रहण किया।

मौके पर जिला उपाध्यक्ष हैदर अली, मीडिया प्रभारी बच्चन कुमार, नगर अध्यक्ष राजू तिवारी, रंजीत सिंह, गुलाम सरवर, गणेश मिस्त्री, जिला सचिव बैकुंठ शर्मा, सरैयाहाट प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र मांझी, रानेश्वर प्रखंड अध्यक्ष मुस्तकीम अंसारी, शिकारीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष मुसाफिर अंसारी आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों को मिला झामुमो का समर्थन

### ग्रामीण रैयतों एवं पार्टी कार्यकताओं ने लगाया नारा-जान देंगे पर जमीन नहीं देंगे

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** प्रस्तावित कोल कंपनियों को ग्रामीणों द्वारा जमीन उपलब्ध नहीं करवाने का मुद्दा अब तूल पकड़ता जा रहा है। एक ओर जहां कोल कंपनियां एवं प्रशासन प्रस्तावित कोल ब्लॉक एरिया के गांवो में ग्राम सभा करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। ग्रामीणों एवं रैयतों के समर्थन में अब झामुमों खुलकर उतर गया है। इस संदर्भ में रविवार को नक्सल प्रभावित शिकारीपाड़ा प्रखंड के सरसडंगाल पंचायत भवन के समीप विधायक नलिन सोरेन की उपस्थिति में पार्टी कार्यकताओं, कोल ब्लॉक आवंटित क्षेत्र के गांव के ग्राम प्रधानों एवं ग्रामीणों की एक सभा हुई। सभा में जहां एक ओर ग्रामीण एवं प्रधान एकजुट दिखे कि किसी भी सूरत में कोल कंपनियों को अपनी जमीन नहीं देंगे। ग्रामीणों ने कहा कि पूर्वजों से उक्त जमीन के कारण ही संताल आदिवासी अपनी आजीविका चला कर जीवन निर्वाह करते आए हैं और यदि



ग्रामीणों के समर्थन में उतरी झामुमों पार्टी

उनसे वह जरिया भी छीन लिया जाएगा तो वह लोग कहां जाएंगे और क्या करेंगे। इस अवसर पर झामुमो जिला प्रवक्ता अब्दुस सलाम अंसारी ने कहा कि एसपीटी एक्ट के तहत यहां बिना ग्रामीणों की सहमति से जमीन का अधिग्रहण नहीं किया जा सकता और यदि ग्रामीण जमीन नहीं देना चाहते तो उन्हें बंदूक के जोर पर बाध्य नहीं किया जा सकता। विधायक नलिन सोरेन ने कहा कि झामुमों लोगों एवं जमीन से जुड़ी हुई पार्टी है। यदि पार्टी कार्यकताओं एवं ग्रामीण कोल कंपनियों को जमीन नहीं देना चाहते तो उनसे कोई भी जबरदस्ती जमीन नहीं ले सकता। झामुमों हमेशा यहां के भोले-भाले ग्रामीणों के साथ खड़ा रहेगा। झामुमों की सरकार है और झामुमो के सरकार में कोई भी पदाधिकारी ग्रामीणों के साथ जोर जबरजस्ती नहीं कर सकते। विधायक ने केंद्र की भाजपा की सरकार पूंजीपतियों के लिए यहां के भोले-भाले आदिवासियों की जमीन छीन कर देना चाहते हैं और यह प्रचारित करना कि कोल ब्लॉक का जमीन झामुमो एवं उसके नेताओं ने बेच दिया है। पूरी तरह से आधारहीन एवं तथ्यात्मक भूल है। चुकी कोयला मंत्रालय केंद्र सरकार के अधीन है और केंद्र सरकार ही पूंजीपतियों एवं कोल कंपनियों को भूमि आवंटित करती है। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य आलोक सोरेन, प्रखंड अध्यक्ष चुंडा हेम्ब्रम, प्रखंड सचिव प्रभुनाथ हांसदा, जोसेफ हेम्ब्रम, पूर्व जिप सदस्य सत्यनारायण हेम्ब्रम, प्रमुख शिकारीपाड़ा हुदू मरांडी, कलीम अंसारी, मुस्तफा मियां (चेडे), बबलू मरांडी, सनातन सोरेन, मोनसा हांसदा आदि मौजूद थे। गौरतलब हो कि ग्रामीणों के समर्थन में झामुमों के खुल के सामने आने से अब मामले में दिलचस्प मोड़ में आ गया है। कोल कंपनियों के लिए जमीन अधिग्रहण अब हथेली में दूब जमाने का मामला बन गया है। देखना दिलचस्प होगा कि एक ओर जहां कोल कंपनियां एवं पदाधिकारी और जिला प्रशासन क्षेत्र में येन केन प्रकारेण ग्राम सभा करने पर तुली हुई है, तो वहीं जमीन से जुड़े हुए पार्टी झामुमों के समर्थन मिल जाने से ग्रामीणों का हौसला बुलंद हो गया है।

### आर्म्स एक्ट के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

**मेराल थाना में जेल भेज दिया गया**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेराल।** पंचायत चुनाव में सुरक्षाकर्मी के साथ की गई मारपीट एवं आर्म्स लूटने के मामले में मेराल पुलिस ने एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक मेराल थाना क्षेत्र के बसरिया गांव निवासी राम व्यास राम का पुत्र गौतम कुमार उर्फ गौतम कुमार भारती 20 वर्ष बताया जाता है। पुलिस ने रविवार को उसे न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया है। बता दें कि उक्त कांड में कई आरोपियों के विरुद्ध मेराल थाना में आर्म्स एक्ट सहित भादवी की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज है। इसके पूर्व भी कई आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दिया है।



गिरफ्तार अभियुक्त

# गुजरात के सामने लखनऊ ने डाले हथियार, मिली करारी हार

## स्कोर कार्ड

**गुजरात :227/2 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साहा कै. आवेश बो. मांकड | 81 | 43 | 10/4 |
| शुभमन गिल नाबाद | 94 | 51 | 2/7 |
| हार्दिक कै. क्रुणाल बो. मोहसिन | 25 | 15 | 1/2 |
| डेविड मिलर नाबाद | 21 | 12 | 2/1 |

**अतिरिक्त :06**

**विकेट पतन:** 1-142, 2-184.

**गेंदबाज :** मोहसिन खान : 3-0-42-1, आवेश खान : 4-0-34-1, क्रुणाल पंड्या : 4-0-38-0, यश ठाकुर : 4-0-48-0, रवि बिश्नोई : 2-0-21-0, काइली मेयर्स : 1-0-16-0, स्वप्निल सिंह : 1-0-7-0 मार्क्स स्टॉयनिस : 1-0-20-0.

**लखनऊ :171/7 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मेयर्स बो. राशिद बो. मोहित | 48 | 32 | 7/2 |
| डि कॉक बोल्ड राशिद खान | 70 | 41 | 7/3 |
| दीपक हूडा कै. तेवतिया बो. शमी | 11 | 11 | 0/0 |
| स्टॉयनिस कै. शमी बो. मोहित | 04 | 09 | 0/0 |
| पूरन कै. शमी बो. नूर अहमद | 03 | 06 | 0/0 |
| बदोनी कै. अहमद बो. मोहित | 21 | 11 | 1/2 |
| स्वाप्रिल सिंह नाबाद | 02 | 04 | 0/0 |
| क्रुणाल कै. मिलर बो. मोहित | 00 | 01 | 0/0 |
| रवि बिश्नोई नाबाद | 04 | 05 | 1/0 |

**अतिरिक्त :08**

**विकेट पतन:** 1-88, 2-114, 3-130, 4-140, 5-153, 6-166, 7-166 .

**गेंदबाज:** मोहम्मद शमी : 4-0-37-1, हार्दिक पंड्या : 3-0-37-0, राशिद खान : 4-0-34-1, नूर अहमद : 4-0-26-1, मोहित शर्मा : 4-0-29-4, अल्जारी जोसफ : 1-0-5-0.

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.951 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 4 | 13 | +0.409 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 5 | 11 | +0.294 |
| राजस्थान | 11 | 5 | 6 | 10 | +0.388 |
| बेंगलुरु | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.209 |
| मुंबई | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.454 |
| पंजाब | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.472 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.103 |
| हैदराबाद | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.472 |
| दिल्ली | 10 | 4 | 6 | 6 | -0.529 |

**पर्पल कैप**



मोहम्मद शमी
गुजरात
विकेट: 19

**औरेंज कैप**



डु प्लेसिस
बेंगलुरु
रन: 511






**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** आइपीएल 2023 में हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस का धमाकेदार खेल जारी है। डिफेंडिंग चैंपियन ने सीजन में 8वीं जीत दर्ज कर ली है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर गुजरात ने लखनऊ सुपर जायंट्स को सीजन के 51वें मुकाबले में 56 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने शुभमन गिल व रिद्धिमान साहा के तूफानी अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से गुजरात टाइटंस ने दो विकेट पर 227 रन बनाए। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए कायल मेयर्स और क्विंटन डि कॉक ने तूफानी शुरूआत की। लेकिन मध्यक्रम पूरी तरह फेल रही। टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 171 रन ही बना सकी। यह गुजरात की 11 मैचों में 8वीं जीत है और टीम टेबल में टॉप पर बनी हुई है।

### गिल व साहा का धमाकेदार शुरूआत

सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने 51 गेंद में दो चौकों और सात छक्कों से नाबाद 94 रन की पारी खेलने के अलावा साहा (43 गेंद में 81 रन, 10 चौके, चार छक्के) के साथ पहले विकेट के लिए 142 रन की साझेदारी करके टाइटंस को आइपीएल में उसके सर्वश्रेष्ठ स्कोर तक पहुंचाया। कप्तान हार्दिक पंड्या (25) और डेविड मिलर (नाबाद 21) ने भी उपयोगी योगदान दिया। टाइटंस का इससे पहले सर्वश्रेष्ठ स्कोर छह विकेट पर 207 रन था जो उन्होंने इसी सीजन मुंबई इंडियंस के खिलाफ बनाया था। लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान क्रुणाल पंड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिसके बाद साहा और गिल की सलामी जोड़ी ने टीम को तूफानी शुरूआत दिलाई। इस जोड़ी ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 78 रन जोड़े जो टाइटंस की ओर से आइपीएल में रिकॉर्ड है। साहा ने शुरूआत से ही तूफानी तेवर दिखाये। उन्होंने मोहसिन खान (42 रन पर एक विकेट) के पहले ओवर में लगातार दो चौके जड़ने के बाद आवेश खान की लगातार गेंदों पर भी छक्का व चौका मारा।

### नहीं चले लखनऊ के गेंदबाज

साहा ने मोहसिन के पारी के चौथे ओवर में दो छक्कों और दो चौकों से 22 रन जुटाए जबकि गिल ने भी क्रुणाल और यश ठाकुर पर छक्के मारे। साहा ने ठाकुर पर छक्के के साथ सिर्फ 20 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो आइपीएल में उनका सबसे तेज अर्धशतक है। साहा ने काइल मायर्स का स्वागत तीन चौकों के साथ किया जबकि गिल ने रवि बिश्नोई पर छक्के के साथ नौवें ओवर में टीम के रनों का सैकड़ा पूरा किया। गिल ने कृणाल की गेंद पर एक रन के साथ 29 गेंद में मौजूदा टूनामेंट का चौथा अर्धशतक पूरा किया। साहा हालांकि 13वें ओवर में आवेश (34 रन पर एक विकेट) पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में बाउंड्री पर स्थानापन्न खिलाड़ी प्रेरक मांकड़ को कैच दे बैठे। गिल और कप्तान हार्दिक पंड्या (25) ने मार्कस स्टोइनिस पर छक्के के साथ 15 ओवर में गुजरात का स्कोर एक विकेट पर 176 रन तक पहुंचाया। मोहसिन ने कवर्स में हार्दिक को कृणाल के हाथों कैच करके गुजरात को दूसरा झटका दिया। मिलर ने यश ठाकुर पर चौके के साथ 18वें ओवर में टीम के रनों का दोहरा शतक पूरा किया। मिलर ने 19वें ओवर में आवेश जबकि गिल ने अंतिम ओवर में ठाकुर पर छक्का मारा।

### डि कॉक व मेयर्स ने दी तेज शुरूआत

लक्ष्य का पीछा करने उतरे सुपर जाइंट्स को भी मायर्स और डिकॉक की जोड़ी ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 72 रन बनाए। मायर्स ने हार्दिक के पारी के दूसरे ओवर में लगातार तीन चौके मारे। अगले ओवर में डिकॉक ने शमी की लगातार गेंदों पर दो चौके जबकि मायर्स ने छक्का और चौका मारकर 19 रन जुटाए। मायर्स हालांकि हार्दिक के अगले ओवर में भाग्यशाली रहे जब राशिद ने उनका आसान कैच टपका दिया। राशिद ने हालांकि इसकी भरपाई मोहित की गेंद पर मायर्स का शानदार कैच लपककर की। उन्होंने 32 गेंद की अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के मारे। डिकॉक ने हार्दिक पर छक्के के साथ 10वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया।

### नहीं चला लखनऊ का मध्यक्रम

डिकॉक ने शमी पर एक रन के साथ 31 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन दीपक हुड्डा (11) ने इस तेज गेंदबाज की गेंद पर राहुल तेवतिया को आसान कैच थमा दिया।

# संदीप के एक नो-बॉल ने राजस्थान को हराया

**एजेंसी**

**जयपुर।** आइपीएल 2023 का 52वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला गया। यह रोमांचक मैच सनराइजर्स हैदराबाद ने जीत लिया। यह एक हाई स्कोरिंग मैच रहा। दोनों टीमों ने इस मैच में बेहतरीन बल्लेबाजी की। लेकिन अंत में सनराइजर्स ने बाजी मार ली। राजस्थान की ओर से संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था। राजस्थान को जायसवाल और जोस बटलर ने तेजतर्रार शुरूआत दी थी। जायसवाल ने 18 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 35 रन बनाए और 5 ओवरों में ही स्कोर 54 पर ला खड़ा किया। बटलर ने 58 गेंदों पर 10 चौके और 4 छक्कों की मदद से 95 रन बनाए और टीम का स्कोर 200 के करीब ले जाने में मदद की। कप्तान संजू सैमसन का भी इस दौरान खूब बल्ला चला, उन्होंने 34 गेंदों पर 5 छक्कों की मदद से 62 रन बनाए और स्कोर 214 तक ले गए। 215 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद ने भी तेजतर्रार शुरूआत की। अनमोलप्रीत सिंह ने 24 गेंदों पर 33 तो अभिषेक शर्मा ने 34 गेंदों पर 44 रन बनाए। राहुल त्रिपाठी ने 47 तो हेनरिक क्लासेन ने 12 गेंदों में 26 रनों का योगदान दिया। अंतिम दो ओवरों में 41 रन चाहिये थे तभी ग्लेन फिलिप्स ने कुलदीप यादव के चौथे ओवर से 24 रन खींच लिये। हालांकि इसी ओवर में फिलिप्स ने अपना विकेट भी गंवा लिया। फिलिप्सि ने 7 गेंदों पर 25 रन दिए। आखिरी ओवर में हैदराबाद को जीत के लिए 17 रन चाहिए थे तब अब्दुल समद ने कुछ बड़े शॉट लगाए और अपनी टीम को जीत तक पहुंचा दिया। अब्दुल समद ने आखिरी गेंद पर छक्का मार टीम को जीत दिला दी। आखिरी 6 गेंद में हैदराबाद को जीत के लिए 17 रन की दरकार थी। ये ओवर संदीप शर्मा फेकने आये थे। स्ट्राइक पर अब्दुल समद थे। संदीप की पहली गेंद पर समद ने 2 रन लिए और दूसरी को छक्के के लिए उड़ा दिया। लेकिन, दो गेंद पर संदीप ने वापसी की और समद को 3 रन ही बना पाए। अब आखिरी 2 गेंद पर हैदराबाद को 6 रन की दरकार थी। पांचवीं गेंद में मार्को यानसेन ने 1 रन लिया। अब मैच टाई करने के लिए 4 और जीत के लिए 5 रन की जरूरत थी। समद स्ट्राइक पर थे। उन्होंने लो फुलटॉस फेंकी और लॉन्ग ऑफ पर फील्डर ने कैच पकड़ लिया। तभी नो-बॉल का सायरन बज गया और राजस्थान की जीत की खुशी चंद पलों में ही काफूर हो गयी। इस बॉल पर सिर्फ 1 रन ही आया। हैदराबाद को फ्री हिट मिली अब आखिरी गेंद दोबारा डाली जानी थी, हैदराबाद को जीत के लिए 4 और मैच टाई कराने के लिए 3 रन की दरकार थी, एक बार फिर संदीप शर्मा से राजस्थान टीम को जीत दिलाने की उम्मीद थी, उन्होंने यॉर्कर फेंकने की कोशिश की लेकिन, लेंथ से चूक गए और समद ने सीधे संदीप के सिर के ऊपर से हवाई फायर किया और गेंद बाउंड्री के पार जाकर गिरी इस तरह हैदराबाद ने फ्री हिट का फायदा उठाते हुए आखिरी गेंद पर ये मैच जीत लिया।






## दीपक और हुसामुद्दीन प्री-क्वार्टर फाइनल में

**ताशकंद।** भारतीय मुक्केबाज दीपक (51 किग्रा) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) ने रविवार को अपने अपने प्रतिद्वंदियों को शिकस्त देकर आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में खेली जा रही विश्व चैंपियनशिप में दीपक ने रोमांचक मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदी सकेन बिबोसिनोव को 5-2 से शिकस्त दी। राउंड ऑफ 32 बाउट में दीपक ने टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और 2021 विश्व चैंपियन सकेन बिबोसिनोव को 5-2 (बाउट रिव्यू के बाद) से हरा दिया। रविवार को खेले गये एक अन्य मुकाबले में 57 किग्रा भार वर्ग में हुसामुद्दीन ने रूस के एडुअर्ड सविन को 5-0 से हराया।

## सबालेंका ने जीता मैड्रिड ओपन में का खिताब

**मैड्रिड।** एरिना सबलेंका ने फाइनल में इगा स्वोटेक को 6-3, 3-6, 6-3 से हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूनार्मेंट का महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। नंबर दो सीड ने दो घंटे 26 मिनट तक चले मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वोटेक को हराया। सबालेंका पहले सेट में अपनी बेजोड़ सर्विस के साथ 6-3 के साथ पहला सेट अपने नाम किया। हालांकि दूसरे सेट में पोलैंड की स्वोटेक ने पलटवार करते हुये 3-6 से बढ़त बना कर सबलेंका को तीसरे सेट में ले जाने को विवश किया।

## करणदीप कोचर कोरिया में 26वें स्थान पर

**सियोंगनैम (कोरिया)।** भारत के करणदीप कोह्यचर ने अंतिम दिन एक ओवर 72 के स्कोर से यहां जीएस कैलटेक्स मेकयुंग गोल्फ टूनार्मेंट में संयुक्त रूप से 26वां स्थान हासिल किया। कोचर ने 69, 69 और 72 के स्कोर से कुल तीन अंडर 210 का स्कोर बनाया। अनुभवी जीव मिल्खा सिंह अंतिम दौर में 71 के स्कोर से कुल एक अंडर 212 के स्कोर के साथ संयुक्त &6वें स्थान पर रहे। अन्य भारतीयों में हनी बैसोया (69, 72 और 7&) संयुक्त 51वें जबकि गगनजीत भुल्लर (72, 70 और 76) संयुक्त 68वें स्थान पर रहे। कोरिया के चेनमिन जुंग ने अंतिम दौर में पांच अंडर 66 के स्कोर से कुल 16 अंडर के स्कोर के साथ छह शॉट से खिताब अपने नाम किया।

## गुकेश नें निल्स से खेला ड्रॉ, स्वीडलर से हारे अर्जुन

**मालमो,स्वीडन।** तेपे सिगमन सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज टूनार्मेंट में लगातार दो जीत के बाद टॉप सीड भारत के 16 वर्षीय ग्रांड मास्टर डी गुकेश नें तीसरे राउंड में मेजबान स्वीडन के निल्स ग्रंडेलीयूस से मुकाबला ड्रॉ खेला। काले मोहरो से खेल रहे गुकेश नें निल्स की राय लोपेज ओपनिंग का बर्लिन डिफेंस खेलकर जबाब दिया। खेल की 15वीं चाल में जब गुकेश थोड़ा मजबूत स्थिति हासिल करने की कोशिश कर रहे थे निल्स नें अपने ऊंट का बलिदान करते हुए गुकेश के राजा को लगातार शह देते हुए बाजी ड्रॉ करा ली। गुकेश के अब तीन राउंड के बाद 2.5 अंक है हालांकि अब वह सयुंक्त बढ़त पर है क्यूंकी यूएसए के अभिमन्यु मिश्रा और रूस के पीटर स्वीडलर नें क्रमश: जर्मनी के विन्सेंट केमर और भारत के अर्जुन एरिगासी को मात देते हुए 2.5 अंक बनाकर सयुंक्त बढ़त में स्थान बना लिया है। एक अन्य मुकाबले में इजराइल के बोरिस गेलफंड को नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट से लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। 7 राउंड के टूनार्मेंट में अब चार राउंड और बाकी है और चौंथे राउंड में भारत के दोनों खिलाड़ी अर्जुन और गुकेश आपस में मुकाबला खेलेंगे।

# पूर्णिमा लिंडा ने मास्को में जीता कांस्य पदक

**खेल संवाददाता**



**मास्को/रांची।** रांची, झारखंड की वुशु खिलाड़ी पूर्णिमा लिंडा ने रविवार को मास्को में चल रही मास्को स्टार इंटरनेशनल वुशु प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत लिया। यह प्रतियोगिता 2 से 8 मई (सोमवार) तक मॉस्को में चलेगा। पिछले दिनों मेरठ में आयोजित सिलेक्शन ट्रायल के आधार पर पूर्णिमा लिंडा का भारतीय दल में चयन हुआ था। पूर्णिमा लिंडा झारखंड वुशु की एक मेहनती खिलाड़ी रही और इन्होंने कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीत कर राज्य का नाम बढ़ाया। 36वें नेशनल गेंस में वे राज्य वुशु दल का हिस्सा थी और पिछले दिनों आयोजित फेडरेशन कप वुशु प्रतियोगिता में उन्होंने दो स्वर्ण पदक जीते थे। पूर्णिमा की इस सफलता पर राज्य के खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, मधुकांत पाठक (सचिव झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन) सहित डॉ प्रदीप वर्मा, चंचल भट्टाचार्य, मिथलेश साहू, प्रोफेसर मुकुंद मेहता, डॉ कविता वर्मा, डॉ अंशु साहू, प्रियदर्शी अमर, शशिकांत पांडे, आजाद पाठक, गोकुलानंद मिश्र, रजि अहमद, दीपक गोप, रत्नेश कुमार, प्रतिमा कुमारीं, विमला टोप्पो, सुशांति टोपनो, काजल किरण, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, अभय कुमार सिंह, संजय जैन, मनोज महतो, मनोज साहू, शैलेंद्र दुबे, संजय जैन, शिवेंद्र दुबे आदि ने अपनी शुभकामनाएं दी।

# खराब फॉर्म के चलते रोहित खो बैठेंगे आत्मविश्वास : गावस्कर



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय टीम और इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) में मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा आइपीएल 2023 में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। रोहित इस सीजन 10 मैचों में कुल 184 रन ही बना पाये हैं। वहीं आखिरी चार मुकाबलों की बात करें तो वह दो बार खाता भी नहीं खोल पाये, जबकि अन्य दो मुकाबलों में सिंगल डिजिट स्कोर पर आउट हो गए। शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स के मुकाबले में रोहित के शून्य पर आउट होने के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनिल गावस्कर ने कप्तान को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है। गावस्कर का मानना है कि रोहित की आइपीएल में खराब फॉर्म उनके अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट पर भी प्रभाव डाल सकती है, इसलिए उन्होंने रोहित को थोड़ा विश्राम लेने की सलाह दी है। भारतीय टीम को आइपीएल के बाद जून में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है। इस महामुकाबले को लेकर गावस्कर का कहना है कि रोहित को आईपीएल से अब थोड़ा आराम लेना चाहिए और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए तैयारियां करनी चाहिए। उनका मानना है कि आइपीएल की खराब फॉर्म भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भी बाधा डाल सकती है। गावस्कर ने कहा मानना है कि लीग में लगातार कम स्कोर के बाद रोहित का आत्मविश्वास डगमगा गया है। मैं चाहूंगा कि रोहित फिलहाल ब्रेक ले और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए खुद को फिट रखे। गावस्कर ने कहा, वह आखिरी के कुछ मैचों के लिए वापसी कर सकते है लेकिन फिलहाल उन्हें खुद को थोड़ा विश्राम देना चाहिए। डब्ल्यूटीसी का फाइनल लंदन के ओवल में सात से 11 जून तक होना है।

## पेज एक का शेष

### इडी ने पूछा, गलत...

छवि रंजन ने षडयंत्र रचा : जेल की सलाखों के पीछे बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने खाता संख्या 140 की लगभग 7.16 एकड़ क्षेत्रफल वाली भूमि की खरीद- बिक्री के लिए षडयंत्र रची थी। एक डमी व्यक्ति बिनोद सिंह के नाम पर म्यूटेशन के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। नामांतरण के बाद यह संपत्ति श्याम सिंह और रवि सिंह भाटिया को बेच दी गई और उनके नाम से ही जमाबंदी दर्ज की गई। कागज में इस जमीन की खरीद- बिक्री 15.10 करोड़ रुपये में दिखाई गई, जबकि इस भूखंड का वास्तविक मूल्य 29 करोड़ है। बिनोद सिंह के दावे को सीओ और एलआरडीसी द्वारा वर्ष 2021 में खारिज कर दिया गया था। लेकिन छवि रंजन ने अपने पद का दुरुपयोग किया और बिनोद सिंह के नाम पर नामांतरण की अनुमति दी थी। छवि रंजन द्वारा इस जमीन की पिछली जमाबंदी भी रद्द कर दी गई थी, जो साहू परिवार के नाम पर थी।

### हर भाषा और...

ऐसे में राज्य के विकास में अहम जिम्मेदारी निभाने वाले हमारे अधिकारी अगर स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाओं को नहीं समझेंगे, नहीं सीखेंगे और नहीं जानेंगे तो वे स्थानीय लोगों से कैसे संवाद स्थापित कर पायेंगे। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर हमने अपने अधिकारियों को कम से कम क्षेत्रीय भाषाओं को समझने और जानने को कहा है, ताकि वे ग्रास रूट पर लोगों के साथ सीधा संवाद कर उन्हें विकास योजनाओं का लाभ दे सकें।

**विविधता में एकता ही देश की पहचान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विभिन्न धर्म- समुदाय, भाषा, संस्कृति, रहन- सहन और वेशभूषा वाला देश है। यही विविधता में एकता हमारी देश की पहचान है। यह हमारे देश को मजबूती देती है और पूरी दुनिया इसका लोहा मानती है। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, सुप्रियो भट्टाचार्य, रांची के उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक समेत बांग्ला समुदाय के बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ में 2000 करोड़ ...

पूछताछ जारी : इडी ने अनवर ढेबर को शनिवार को छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाले के मामले में धन-शोधन निवारण अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था। कोर्ट में पेश करने के बाद ईडी के अधिकारियों ने उसे चार दिनों के लिए रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रहे हैं। राज्य में राजस्व का सबसे बड़ा जरिया शराब में वसूली जाने वाली एक्साइज ड्यूटी है। आबकारी विभाग की जिम्मेदारी शराब की आपूर्ति सुनिश्चित करने, शराब की गुणवत्ता तय करने और अवैध शराब की सप्लाई पर रोक लगाना है, लेकिन अनवर ढेबर के बनाये सिंडिकेट के चलते इसके विपरीत काम हो रहा था। छत्तीसगढ़ में शराब की खरीद व सप्लाई से लेकर बिक्री तक में राज्य सरकार का पूरा नियंत्रण है। सभी 800 शराब दुकान राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही है। यहां बिकने वाली शराब की खरीद छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ की ओर से की जाती है। इसके लिए विपणन संघ टेंडर जारी करता है। जबकि शराब दुकानों में शराब की बिक्री करने के साथ ही बिक्री की रकम जमा करने का काम सरकार द्वारा तय की गयी एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराये कर्मचारियों के माध्यम से की जाती है। छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड यानि सीएसएमसीएल केंद्रीय रूप से सभी शराब खरीदने का काम करता है। सीएसएमसीएल दुकानों को संचालित करने के लिए टेंडर जारी करता है।

### फरार दाहू यादव और ...

साहिबगंज, राजमहल, बरहड़वा, मिर्जाचौकी, बरहेट और उधवा में छापेमारी के दौरान इडी को पंकज मिश्रा के आवास से पांच 5. 34 करोड़ रुपये मिला था। 27 अलग-अलग बैंक खातों में 11 करोड़ रुपये से अधिक नकदी जमा होने की जानकारी मिली थी, जिसे इडी ने जब्त कर लिया था। इडी ने 30 करोड़ रुपये की कीमत वाला मालवाहक जहाज भी जब्त किया था, जिसका संचालन पंकज मिश्रा और दाहू यादव किया करते थे। 20 जुलाई को पंकज मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि दाहू यादव अभी भी गिरफ्त से दूर है। बताया जाता है कि दाहू यादव पंकज मिश्रा का दाहिना हाथ है। उसके बल पर पंकज मिश्रा अवैध खनन, जहाज सहित अन्य स्त्रोतों से अवैध वसूली कराता था।

### मैं राहुल से....

उन्होंने कहा कि बिलावल भुट्टो एससीओ में बतौर विदेश मंत्री आये थे। अगर मेरे पास एक अच्छा अतिथि होगा, तो मैं एक अच्छा मेजबान हूं। आतंकवाद पर चर्चा करने के लिए आतंकवाद के पीड़ित साजिशकर्ताओं के साथ नहीं बैठ सकते हैं। उन्होंने पाकिस्तान को आतंकवाद का प्रमोटर, प्रोटेक्टर और आतंक की इंडस्ट्री का स्पोक्सपर्सन करार दिया था। पाकिस्तान की किसी भी बात पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा- भारत नहीं चाहता दुश्मनी, लेकिन पाकिस्तान को अपना भी रवैया देखना होगा। पर वह तो आतंकवाद की फैक्ट्री चलाता है, इस पर अधिकार समझता है। उन्होंने कहा है कि यह सही है कि पाकिस्तान के साथ दुश्मनी भारत के फायदे में नहीं है। यह कोई चाहता भी नहीं है, लेकिन, पड़ोसी आप पर हमला करेगा तो रिश्ते कैसे सामान्य रह सकते हैं। ऐसे में कहीं न कहीं लक्ष्मण रेखा तो खींचनी ही पड़ेगी। वह अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बुनियादी नियमों का भी पालन नहीं करता है। उन्होंने सार्क का जिक्र कर यह भी कहा कि ऐसे संगठन में पाकिस्तान कैसे हो सकता है जो आतंकवाद का समर्थन कर आपसी कनेक्टिविटी को बाधित करता हो। उन्होंने कहा कि गोवा मीट में भुट्टो का आना सिर्फ एससीओ विदेश मंत्री की हिस्सेदारी के तौर पर लिया जाना चाहिए। वह भारत एससीओ सदस्य देश के विदेश मंत्री की हैसियत से आए थे। भारत की मेजबानी पर जयशंकर बोले, 'अगर मेरा मेहमान अच्छा है तो मैं मेजबान भी अच्छा हूं।'

### बंगाल की खाड़ी में ...

**दिल्ली-एनसीआर में जमकर बारिश :** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर मौसम सुहाना हो गया है। दिल्ली-एनसीआर में रविवार शाम तेज हवाओं के साथ जमकर बारिश हुई। धूल भरी आंधी चल रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा, एक चक्रवाती परिसंचरण की स्थिति निचले और मध्य क्षोभमंडल स्तरों में बंगाल की खाड़ी और दक्षिण-पूर्व में बन रही है। इसके प्रभाव से 8 मई तक उसी क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र बनने का अनुमान है। इसके चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है।

**इन राज्यों में है बारिश का अलर्ट :** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और हिमाचल के अलग-अलग हिस्सों में बारिश का अनुमान है। तमिलनाडु, कराईकल और पुडुचेरी समेत कई हिस्सों में अगले कुछ दिन बारिश का दौर जारी रहेगा। समुद्री इलाकों के आसपास वाले क्षेत्रों भी मौसम में खासा बदलाव देखने को मिलेगा।

**झारखंड में धीरे-धीरे बढ़ने लगी तपिश :** झारखंड में तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में तापमान बढ़ने लगा है। अगले तीन-चार दिनों में राज्य के तापमान में चार से पाचं डिग्री तक बढ़ोतरी होगी। मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक 10 मई तक कई जिलों का तापमान 40 डिग्री तक पहुंच जायेगा। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 12 मई तक राज्य में मौसम का मिजाज शुष्क रहेगा। इस दौरान बारिश का अनुमान नहीं है। कई जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि के पार हो गया है। इसमें ज्यादातर संताल परगना के जिले हैं। पलामू का तापमान 40 डिग्री सेसि के करीब पहुंच गया है। पिछले कई दिनों से मौसम में नमी थी। राज्य के कई शहरों में बारिश का मौसम था लेकिन धीरे- धीरे तापमान में वृद्धि हो रही है। मौसम एक बार फिर गर्मी और उमस भरा हो रहा है।

स्पीड न्यूज

## जापान में भूकंप से एक की मौत और 33 घायल

**टोक्यो ।** जापान के इशिकावा प्रान्त में भूकंप के जोरदार झटके और कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.5 मापी गयी। मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। शनिवार को भूकंप इशिकावा में जापान के मुख्य द्वीप होन्शू के पश्चिमी तट पर आया, जिसका केंद्र 10 किमी (6 मील) की गहराई में स्थित था। सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई।जापानी ब्रॉडकास्टर एनएचके ने बताया कि भूकंप के कारण इमारतें नष्ट हो गईं और पानी की कमी हो गई और इसके बाद कम से कम 45 आफ्टरशॉक्स आए, जिसमें 5.8 तीव्रता का सबसे तेज भूकंप दर्ज किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बीच, जापानी मौसम अधिकारियों ने शनिवार से शुरू हुई भारी बारिश से भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में भूस्खलन की आशंका जतायी है। टेक्सास के मॉल में हुई गोलीबारी में नौ लोगों की मौत

## टेक्सास के मॉल में गोलीबारी, नौ मरे

**वाशिंगटन।** अमेरिका में टेक्सास के एलन में एक शॉपिंग मॉल में शनिवार को हुई गोलीबारी में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गयी और सात अन्य घायल हो गये। सीबीएस न्यूज ने एलन अग्निशमन विभाग के हवाले से यह जानकारी दी। एलन पुलिस विभाग ने शनिवार को ट्विटर पर कहा कि एलन प्रीमियम आउटलेट्स पर हुई गोलीबारी में नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने संदिग्ध हमलावर को मार गिराया। सीबीएस ने बाद में शनिवार को एलन अग्निशमन विभाग का हवाला देते हुए बताया कि गोलीबारी के बाद घटनास्थल पर सात लोग मृत पाए गए। नौ घायलों को अस्पतालों में ले जाया गया, लेकिन बाद में अस्पताल में दो लोगों की मौत हो गई।

## चंद्रशेखर के घनिष्ठ मित्र केशव सिंह का निधन

**बलिया।** पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के सहयोगी रहे जनता इन्टर कॉलेज नवानगर के संस्थापक प्रबंधक केशव प्रसाद सिंह का निधन रविवार सुबह उनके पैतृक गांव सिकन्दरपुर इलाके के हड़सर में 96 वर्ष की आयु में हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। केशव सिंह पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के घनिष्ठ मित्रों में से एक थे। उनके तीन पुत्रों विनोद प्रकाश सिंह, मोहन सिंह व आनंद मोहन सिंह में से ज्येष्ठ पुत्र विनोद प्रकाश सिंह ने मुखाग्नि दिया।

## आजम खान के करीबी आले हसन गिरफ्तार

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रामपुर से पूर्व सांसद आजम खान के करीबी सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी आले हसन खां को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अनुज चौधरी ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार देर रात को पुलिस क्षेत्राधिकारी के पद से रिटायर्ड हुए आले हसन खां को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ कोर्ट ने शत्रु संपत्ति मामले में गैर जमानती वारंट जारी किया था।

## नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के भिलाई शहर में राष्ट्रीय प्रात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे 21 वर्षीय छात्र ने परीक्षा से एक दिन पहले किराए के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बेमेतरा जिले का रहने वाला प्रभात कुमार सिंह पिछले साल सितंबर से यहां एक स्थानीय कोचिंग संस्थान में नीट की तैयारी कर रहा था।

## मेघालय में पीडीएफ का एनपीपी में विलय

**शिलांग।** मेघालय में पीडीएफ ने अपने दो विधायकों के साथ सत्तारूढ़ एनपीपी में विलय कर लिया है। इसी के साथ, 60 सदस्यीय राज्य विधानसभा में सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों की कुल संख्या बढ़कर 28 हो गई है।

# गणतंत्र दिवस में दिखेगी नारी शक्ति की ताकत

## परेड से लेकर झांकी तक सिर्फ महिलाएं लेंगी हिस्सा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्त्तव्य पथ पर होने वाले आधिकारिक समारोह में मार्च करने वाली टुकड़ी और बैंड दस्ते में शामिल सभी प्रतिभागी महिलाएं हो सकती हैं और अधिकारी इस तरह के प्रस्ताव पर काम कर रहे हैं। रक्षा सूत्रों ने इसकी जानकारी दी।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने मार्च में 2024 परेड की योजना पर तीनों सेनाओं, विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक कार्यालय ज्ञापन भेजा है। सूत्रों ने कहा कि ज्ञापन में इस तरह के प्रस्ताव पर विचार किए जाने का उल्लेख किया गया है और कहा गया है कि फरवरी की शुरूआत में रक्षा सचिव की अध्यक्षता में एक डी-ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई थी।

ज्ञापन में कहा गया है कि विचार-विमर्श के बाद, यह निर्णय किया गया कि अगले साल गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में शामिल टुकड़ियों (मार्चिंग और बैंड), झांकी और अन्य प्रदर्शनों में केवल महिला प्रतिभागी होंगी। पिछले कुछ वर्षों में कर्तव्य पथ पर होने वाली वार्षिक परेड में महिला अधिकारियों ने हिस्सा लिया है। इसमें सेना की टुकड़ी की अगुवाई करने वाली महिला अधिकारी शामिल हैं। भारत ने इस वर्ष 26 जनवरी को आयोजित 74वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान अपनी सैन्य ताकत और जीवंत सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया, जिसमें नारी शक्ति एक प्रमुख विषय रहा था।



## तेलंगाना में मुठभेड़ दो नक्सली मारे गये

**हैदराबाद।** छत्तीसगढ़ की सीमा से सटे तेलंगाना के भद्राद्री-कोठागुडेम जिले के वन क्षेत्र में रविवार को पुलिस ने मुठभेड़ में दो माओवादियों को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, ऐसी पुख्ता सूचना मिली थी कि पुलिस पर हमला करने के इरादे से नक्सलियों की एक टीम पुट्टपडु वन की ओर जा रही है, जिसके आधार पर विशेष पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की, तभी नक्सलियों ने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। इसके बाद मुठभेड़ हुई, जिसके बाद पुलिस ने दो नक्सलियों के शव बरामद हुए।

# हर साल दो लाख नौकरियां देने का कांग्रेस का वादा झूठा

## चाहे जितना बड़ा गुब्बारा फुला ले, कर्नाटक चुनाव में इसका कोई असर नहीं पड़ेगा : मोदी

एजेंसी

**शिवमोगा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक में निजी क्षेत्र में हर साल दो लाख नौकरियां देने के कांग्रेस के वादे को उसका झूठ करार दिया। उन्होंने दावा किया कि सत्तारूढ़ भाजपा सरकार ने कोविड-19 महामारी के बावजूद पिछले साढ़े तीन वर्षों में हर साल राज्य में 13 लाख से ज्यादा लोगों को औपचारिक नौकरियां दी हैं। 10 मई को विधानसभा चुनाव के तहत होने वाले मतदान से पहले शिवमोगा में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने झूठ फैलाने के लिए एक तंत्र बनाया है, लेकिन वह चाहे जितना बड़ा गुब्बारा फुला ले, चुनावों में इसका कोई असर नहीं पड़ेगा।

बजरंगबली की जय के नारे के साथ अपने भाषण की शुरूआत करते हुए मोदी ने कहा कि जिस कांग्रेस का लक्ष्य भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण हो, वह कभी नौजवानों का भविष्य नहीं बना सकती। उन्होंने युवा मतदाताओं से कहा कि आपके माता-पिता या दादा-दादी को जो मुसीबतें झेलनी पड़ीं, आपका मोदी आपको ऐसी मुसीबतों से गुजरने नहीं देना चाहता है। आपके माता-पिता या दादा-दादी को जो तकलीफें हुईं, उन्हें अब मोदी हटाना चाहता है, ताकि आप आगे बढ़ सकें। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि कर्नाटक में भाजपा सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में ऐसा समय जब पूरी दुनिया महामारी के संकट से जूझ रही थी। हर साल 13 लाख से ज्यादा औपचारिक नौकरियां दीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियां जिस प्रकार की हैं, उससे निवेशक कर्नाटक से बाहर ही जाएंगे, क्योंकि निवेश बढ़ाने के लिए भाजपा सरकार ने जो व्यवस्थाएं की हैं, उसे कांग्रेस बंद करना चाहती है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस निवेश को रोकने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपना झूठ फैलाने के लिए जो कोसिस्टम बनाया है, वो पिछले काफी समय से कर्नाटक में एक गुब्बारा फुला रहा था। इस गुब्बारे पर एक से बढ़कर एक, झूठी बातें लिखी हुई थीं। लेकिन कर्नाटक की जनता जानती थी कि कांग्रेस का इकोसिस्टम चाहे जितना बड़ा गुब्बारा फुला ले, कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों के दौरान देश का कृषि निर्यात बहुत सीमित था, लेकिन आज भारत कृषि निर्यात करने वाले दुनिया के शीर्ष 10 देशों में शुमार है। उन्होंने कहा कि भारत ने रिकॉर्ड कृषि निर्यात किया है। इसका सीधा फायदा देश के किसानों को हुआ है। भाजपा सरकार बीज से लेकर बाजार तक, हर प्रकार की सुविधा किसानों को दे रही है। पिछले नौ वर्षों में हमने 2,000 से अधिक किस्म के बीज किसानों के लिए उपलब्ध कराए हैं, जो एक रिकॉर्ड है। मोदी ने कहा कि रूस-यूक्रेन संकट के बावजूद उनकी सरकार ने खाद और रसायनों की कभी कोई कमी नहीं होने दी और किसानों पर इसका प्रभाव नहीं पड़ने दिया।



### 85 कमीशन वाली पार्टी युवाओं के बारे में नहीं सोचा

कांग्रेस को 85 प्रतिशत कमीशन वाली पार्टी करार देते हुए मोदी ने कहा कि विपक्षी पार्टी ने कभी देश के नौजवानों के बारे में नहीं सोचा और यह भाजपा की ही सरकार है, जिसके रहते पिछले नौ साल में देश में हर दो दिन में एक नया कॉलेज बना और हर सप्ताह एक नया विश्वविद्यालय बना। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पांच साल में निजी क्षेत्र में 10 लाख नौकरियां देने का वादा किया है। यानी हर साल दो लाख नौकरियां। कांग्रेस का यह झूठ पकड़ लिया गया है। वह कैसे लोगों को धोखा दे रही है, इससे पता चलता है।

### आज शाम समाप्त होगा प्रचार अभियान

कर्नाटक में 10 मई को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए जोरशोर से जारी प्रचार अभियान सोमवार शाम को समाप्त हो जाएगा और इससे पहले राज्य के तीन प्रमुख राजनीतिक दलों--भाजपा, कांग्रेस और जद(एस)--ने मतदाताओं को रिझाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

## मोदी की केवल जैकेट ही मशहूर, दिन में चार बार बदलते हैं : खड़गे



**कलबुर्गी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि केवल उनकी जैकेट ही मशहूर है और वह दिन में चार बार इसे बदलते हैं। कलबुर्गी जिले से ताल्लुक रखने वाले खड़गे ने भारत की आजादी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ह्ययोगदान' का मुद्दा उठाते हुए दावा किया कि जब कांग्रेसी अपने प्राणों की आहुति दे रहे थे, तब आरएसएस के नेता सरकारी पद पाने में व्यस्त थे। कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यहां एक जनसभा में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ह्यमोदी कहते रहते हैं कि कांग्रेस ने पिछले 70 वर्षों में क्या किया है। अरे भाई ! अगर हमने 70 साल में कुछ नहीं किया होता, तो आप इस देश के प्रधानमंत्री नहीं होते। हम आजादी के लिए लड़े। महात्मा गांधी ने अपनी जान जोखिम में डालकर हमें आजादी दिलाई। खड़गे ने कहा कि देश-दुनिया में गांधी टोपी, महात्मा गांधी के कारण ही प्रसिद्ध हुई। नेहरू शर्ट, नेहरू के कारण प्रसिद्ध हुई। आपकी (मोदी की) सिर्फ जैकेट ही मशहूर है। आप रोजाना चार जैकेट पहनते हैं-लाल, पीली, नीली और केसरिया।

# दंगों पर लगाया अलीगढ़ का ताला

एजेंसी

**अलीगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने अलीगढ़ के ताले का सही इस्तेमाल कर उत्तर प्रदेश के दंगों पर ताला लगाने का काम किया है। इससे पूरा प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है। अक्सर अलीगढ़ में राज्य विश्वविद्यालय की बात होती थी। हमने जमीन की व्यवस्था करते हुए देश की स्वाधीनता में अग्रिम पंक्ति में चलने वाले महाराजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर विश्वविद्यालय के निर्माण का काम शुरू कर दिया है।

मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को यहां चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अलीगढ़ ताला नगरी के रूप में दुनिया में विख्यात है। अलीगढ़ की पहचान कभी ताला, तालीम और तहजीब थी, लेकिन जातिवादी और परिवारवादी लोगों ने अलीगढ़ के ताला उद्योग को बंद कर दिया। उसके मार्ग में अनेक बाधाएं खड़ी कीं। इन परिवारवादी और जातिवादी दलों को तालीम और तहजीब से कोई मतलब नहीं था। यह लोग बांटो और राज करो की नीति पर चलते थे। योगी ने कहा कि परिवारवादी और जातिवादी दल तुष्टिकरण की नीति के आधार पर समाज को विभाजित करते थे।

### ताला, तालीम व तहजीब को जातिवादी और परिवारवादी लोगों ने किया बर्बादः योगी



उन्होंने इसी के आधार पर समाज में खाई को चौड़ी करने का प्रयास किया गया था। यही वजह रही कि पर्व और त्योहार आता था तो लोगों में भय व दहशत का माहौल पैदा हो जाता था। लंबे समय तक लोगों को कर्फ्यू का सामना करना पड़ता था। इससे सामान्य नागरिक भयभीत रहता था और व्यापारी का उद्योग ठप हो जाता था, लेकिन आपने आज बदलते हुए अलीगढ़ को देखा है। उन्होंने कहा कि पिछले 09 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक मंच पर नई पहचान बनी है। आज भारत के नागरिकों को दुनिया सम्मान की निगाहों से देखती है। इतना ही नहीं, केंद्र सरकार ने देश में आतंकवाद, नक्सलवाद और अलगाववाद पर पूरी तरह से विराम लगाने का काम किया है।

## वाराणसी में पीएफआइ के दो इनामी गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने प्रतिबंधित संगठन पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) से जुड़े दो लोगों को कथित तौर पर कट्टरता फैलाने के आरोप में रविवार को वाराणसी से गिरफ्तार किया। एटीएस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि दोनों आरोपियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित था।परवेज अहमद और रईस अहमद यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम) के 2022 के एक मामले में फरार थे और उनमें से प्रत्येक पर 50,000 रुपये का इनाम था। दोनों आरोपी वाराणसी में पीएफआई की कट्टरपंथी विचारधारा को फैलाने में शामिल थे।

# पंकज त्रिपाठी की फिल्म *मैं अटल हूं* की शूटिंग शुरू

एजेंसी

**मुंबई।** अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने रविवार को कहा कि उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित फिल्म ह्यमैं अटल हूं की शूटिंग शुरू कर दी है। अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी जैसे महान व्यक्तित्व को महसूस करने का अवसर मिला। मुझे उम्मीद है कि मैं इस चरित्र के साथ न्याय करूंगा। अभिनेता ने फिल्म के मुहूर्त समारोह की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि मैं अटल हूं फिल्म की शूटिंग शुरू हुई। फिल्म इस साल दिसंबर में सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। विनोद भानुशाली, संदीप सिंह, सैम खान और कमलेश भानुशाली द्वारा निर्मित और जीशान अहमद एवं शिव शर्मा द्वारा सह-निर्मित फिल्म मैं अटल हूं इस साल दिसंबर महीने में सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। फिल्म का निर्देशन रवि जाधव ने किया है।



## विपश्यना ध्यान शिविर में भाग लेने के लिए नेपाल पहुंचे आमिर खान

**काठमांडू।** सुपरस्टार आमिर खान नेपाल की निजी यात्रा पर आए हैं और यहां वह 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर में भाग लेंगे। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। आव्रजन कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि 58 वर्षीय खान रविवार सुबह काठमांडू पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि आमिर खान विस्तारा एअरलाइंस से रविवार सुबह काठमांडू पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह काठमांडू से करीब 12 किमी दूर बुढ़ानीलकंठ में स्थित विपश्यना ध्यान केंद्र में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। केंद्र के एक कर्मचारी ने बताया कि आमिर खान ध्यान कार्यक्रम में शामिल हुए हैं जो रविवार से शुरू हुआ है। खान को आखिरी बार अगस्त 2022 में लाल सिंह चड्ढा फिल्म में देखा गया था। इस फिल्म के कोई खास प्रदर्शन न करने के बाद आमिर ने कहा था कि अभिनय से कुछ वक्त का विराम लेंगे।

# देश भर में बजरंग दल का शक्ति जागरण कल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बजरंग दल मंगलवार को देश भर में कुमति निवार सुमति के संगी सामूहिक हनुमान चालीसा के माध्यम से, हनुमत शक्ति का व्यापक जन जागरण करेगा।

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने रविवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि कर्नाटक कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र और उसके बाद राजस्थान, छत्तीसगढ, हिमाचल प्रदेश, व महाराष्ट्र सहित अनेक राज्यों में कांग्रेसी व कुछ अन्य हिंदू द्रोही नेताओं द्वारा बजरंग दल को प्रतिबंधित करने व इस देशभक्त संगठन की तुलना पीएफआई जैसे देशद्रोही, आतंकी व हिंसक संगठन से करना बहुत ही अपमान जनक है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज निश्चित रूप से इस तरह के अपमान का लोकतांत्रिक सबक सिखाएगा। उन्होंने कहा कि इन सारे नेताओं को क्या नहीं दिखता कि बजरंग दल देश भर में गौ रक्षा, कन्या रक्षा, रक्तदान, मठ मंदिर व धर्म रक्षा के साथ धर्मांतरण रोकने जैसे अनेक प्रकार के सेवा कार्यों में लगा हुआ है ? विहिप महामंत्री ने सम्पूर्ण हिंदू समाज का आह्वान करते हुए कहा है कि बजरंगबली के भक्तों के अपमान के विरोध स्वरूप आगामी 9 मई को देश भर में हजारों स्थानों पर होने वाले इन हनुमान चालीसा कार्यक्रमों में से किसी ना किसी एक में अपने परिजनों, पड़ोसियों व मित्रों के साथ अवश्य शामिल होकर धर्म द्रोही शक्तियों को परास्त करने में अपनी सह भागिता सुनिश्चित करें।

### अपमान का लोकतांत्रिक सबक सिखाएगा हिंदू समाज : विहिप




# इंसानों के लिए वरदान हो सकता है गोमूत्र

## आइवीआरआइ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों का शोध, गोमूत्र का अर्क चिकित्सा व औषधीय गुणों से भरपूर

एजेंसी

**लखनऊ।** बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने एक शोध में पाया है कि गोमूत्र में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं और यह इंसानों के लिए वरदान है। वैज्ञानिकों की नौ सदस्यीय टीम द्वारा किए गए चार साल के लंबे अध्ययन ने पिछले दावे का खंडन किया कि गोमूत्र मनुष्यों के लिए खतरनाक है और इसमें दावा किया गया है कि गोमूत्र का अर्क चिकित्सा और औषधीय गुणों से भरपूर है।इस शोध में गाय की दो देशी नस्लों साहीवाल और थारपारकर के 14 मूत्र के नमूनों की तुलना संकर प्रजाति के नमूनों से की गई। नमूने साल भर में विभिन्न मौसमों के दौरान लिए गए थे। गायों के ताजा मूत्र में बैक्टीरिया के संदूषण की संभावना से बचने के लिए, अर्क का केंद्रित रूप में अध्ययन किया गया था। आईवीआरआई के वैज्ञानिक रविकांत अग्रवाल ने कहा कि जिन्होंने आठ अन्य वैज्ञानिकों के साथ 2018 में शुरू किए गए अध्ययन का नेतृत्व किया था। संस्थान के शोध के अनुसार, संकर नस्ल की गायों की तुलना में साहीवाल और थारपारकर नस्लों का मूत्र अत्यधिक जीवाणुरोधी पाया गया।

ई. कोलाई, साल्मोनेला प्रजाति, स्यूडोमोनास, एरुगिनोसा और ग्राम पॉजिटिव बैक्टीरिया लिस्टेरिया मोनोसाइटोजेन्स, बैसिलस सेरेस, स्टैफिलोकोकस ऑरियस जैसे बैक्टीरिया के खिलाफ गोमूत्र का अर्क जीवाणुनाशक पाया गया। अग्रवाल ने कहा कि शोध में यह भी पाया गया कि गोमूत्र के अर्क में यीस्ट के खिलाफ एंटिफंगल प्रभाव होता है।



